संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | करनाल, गुरूवार, 23 मार्च 2023 | ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

एक्शन इंडिया

वर्ष: 08 अंक: 80 पृष्ठ: 12 | RNI : HARHIN/2016/68417

actionindiaharyana@gmail.com | हरियाणा संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

अनंत शक्तियों से संपन्न हैं देवी का पहला स्वरूप

नवरात्रि का दूसरा दिन मां दुर्गा की दूसरी शक्ति मां ब्रह्मचारिणी को समर्पित है। 23 मार्च 2023 को मां ब्रह्माचारिणी की पूजा होगी। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा से संयम और त्याग की भावना जागृत होती है, जो लक्ष्य प्राप्ति के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हजारों वर्षों तक अपनी कठिन तपस्या के कारण ही इनका नाम तपश्चारिणी या ब्रह्मचारिणी पड़ा। मां ब्रह्मचारिणी ने कई वर्षों तक निराहार रहकर और अत्यन्त कठिन तप से महादेव को प्रसन्न कर लिया। आइए जानते हैं चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन का मुहूर्त, शुभ योग और मां ब्रह्मचारिणी की पूजा विधि। चैत्र नवरात्रि के दूसरे दिन पीले या सफेद वस्त्र पहनकर देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा करनी चाहिए। चूंकी ये तपस्या की देवी है और तपस्वी अधिकतर सफेद या पीला वस्त्र धारण करते है।

दिल्ली में ब्रिटिश हाईकमीशन के सामने एक्स्ट्रा बैरिकेड्स हटाए

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने ब्रिटिश हाईकमीशन के सामने लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स बुधवार को हटा दिए। पुलिस ने कहा कि हाईकमीशन की ओर जाने वाले रास्ते में लगे एक्स्ट्रा बैरिकेड्स अड़चन पैदा कर रहे थे। हाईकमीशन के बाहर लगी सुरक्षा में कोई बदलाव नहीं किया गया है। पुलिस का यह एक्शन लंदन में इंडियन हाईकमीशन में खालिस्तानी प्रदर्शन के एक दिन बाद हुआ है। ब्रिटिश हाईकमीशन ने कहा कि यह सुरक्षा का मामला है और हम इस पर कोई कमेंट नहीं करेंगे। ब्रिटिश हाईकमीशन के बाहर सिक्योरिटी बरकरार है। वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह और उसके साथियों पर पुलिस की कार्रवाई के विरोध में खालिस्तान समर्थकों ने रविवार को लंदन में इंडियन हाईकमीशन का तिरंगा उतार दिया था।

अडाणी नहीं, मोदी जी चुप्पी तोड़िये: जयराम

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

संसद में राहुल गांधी की माफी और अडाणी के मुद्दे पर जमकर हंगामा हो रहा है। इसकी वजह से लोकसभा और राज्यसभा में पिछले 7 दिनों से जरूरी बिल पास नहीं हो पा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को अडाणी मुद्दे पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा कि पिछले तीन-चार दिनों से कोशिश की जा रही है कि विपक्ष जेपीसी की मांग वापस ले ले, तो भाजपा राहुल गांधी से माफी मंगवाने वाली मांग वापस ले लेगी। हम यह सौदा नहीं करेंगे। हम चाहते हैं कि अडाणी नहीं बल्कि मोदी जी आप चुप्पी तोड़िए। उन्होंने कहा कि घोटाला केवल शेयर बाजार तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह पीएम मोदी और सरकार की नीतियों, नीयत और इरादों से भी जुड़ा है।

अदालतें पितृसत्तात्मक टिप्पणी से बचें: सुप्रीम कोर्ट

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने मंगलवार को मौत की सजा के फैसले पर रिव्यू के दौरान अहम टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट की समीक्षा की पंक्तियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि अदालतों को पुरुष प्रधान या पितृ सत्तात्मक टिप्पणियों से बचना चाहिए। चीफ जस्टिस ने कहा, 'बेटा वंश चलाता है, वही बुढ़ापे में मां-बाप का सहारा बनेगा, ऐसे कमेंट से बचना चाहिए।' चीफ जस्टिस की अध्यक्षत वाली जस्टिस हिमा कोहली और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच चेन्नई में 7 साल के लड़के की किडनैपिंग और हत्या के दोषी को मिली मौत की सजा की रिव्यू पिटीशन पर सुनवाई कर रही थी।

अमृतपाल पर कस रहा शिकंजा

अमृतपाल जिस बाइक से भागा वह जालंधर में मिली, पत्नी बब्बर खालसा की मेंबर, फंड जुटाती है,मां से एक घंटे पूछताछ

अमृतपाल फरार

= पुलिस ने दोपहर लगभग 12 बजे अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में अमृतपाल की मां से करीब एक घंटे पूछताछ की

टीम एक्शन इंडिया/अमृतसर

वारिस पंजाब दे के चीफ अमृतपाल की तलाश में पुलिस का ऑपरेशन लगातार पांचवें दिन भी जारी रहा। जिस बाइक से वह भागा, उसे पुलिस ने बुधवार को बरामद कर लिया। बाइक जालंधर से करीब 45 किलोमीटर दूर दारापुर इलाके में लावारिस हालत में मिली। उधर, पुलिस ने दोपहर लगभग 12 बजे अमृतसर के जल्लूपुर खेड़ा गांव में अमृतपाल की मां से करीब एक घंटे पूछताछ की। हालांकि अभी तक यह पता नहीं चल सका है कि पूछताछ किस मामले को लेकर की गई है। इस दौरान पुलिस ने अमृतपाल की पत्नी किरणदीप कौर से भी सवाल-जवाब किए।

नया खुलासा: पत्नी भी बब्बर खालसा की मेंबर, फंड जुटाती है: अमृपताल सिंह की पत्नी किरणदीप कौर है। वह बब्बर खालसा की एक्टिव मेंबर है। किरणदीप बब्बर खालसा के लिए फंड जुटाती है। 2020 में उसे और 5 लोगों को बब्बर खालसा के लिए पैसे जुटाने के आरोप में गिरफ्तार भी किया गया था। वह ब्रिटेन से खालिस्तान मूवमेंट के लिए फंडिंग कर रही थी।

अमृतपाल ने हुलिया बदला, दाढ़ी छोटी की: एक दिन पहले यानी मंगलवार को अमृतपाल की एक तस्वीर सामने आई, जिसमें उसका हुलिया बदला हुआ है। उसने दाढ़ी कटवा ली है, पारंपरिक सिख बाणा उतार दिया है और पगड़ी में हैं। शर्ट और जींस में बाइक पर बैठा दिख रहा है। पुलिस के मुताबिक, अमृतपाल ब्रेजा कार से नंगल अंबिया गांव पहुंचा। यहां उसने गुरुद्वारे के ग्रंथी को बंधक बनाया और यहीं पर हुलिया बदला। इसके बाद वह बाइक से फरार हो गया। पुलिस ने ब्रेजा कार शाहकोट में मनप्रीत मन्ना के घर से बरामद की है। मन्ना को अमृतपाल का मीडिया एडवाइजर बताया जा रहा है। उसके अलावा गुरदीप दीपा, हरप्रीत हैप्पी और गुरभेज भेज्जा की गिरफ्तारी भी हो चुकी है।

अब तक 154 हिरासत में

इस पूरे मामले में अमृतपाल सिंह के साथियों के अलावा भागने में उसकी मदद करने वाले कुल 154 लोग हिरासत में लिए जा चुके हैं। पुलिस इस पूरे मामले में किसी को बख्शने के मूड में नहीं है। पकड़े गए आरोपियों के अलावा पुलिस अब अमृतपाल सिंह के पारिवारिक सदस्यों के बारे में भी जानकारियां हासिल करना शुरू हो गए हैं। पकड़े गए सभी आरोपियों को देश की विभिन्न जेलों में भेजने की प्लानिंग है, जिसके लिए 13 जेलें आइडेंटिफाई की जा चुकी हैं।

500 करीबी एनआईए की रडार पर

एनआईए की टीम हथियारों, विदेशों से लिंक, फंडिंग और आईएसआई से लिंक की जांच कर रही है। पंजाब पुलिस ने अमृतपाल सिंह के 458 करीबियों की पहचान कर एनआईए को उनकी सूची सौंपी है। इन्हें ए, बी और सी कैटेगरी में बांटा गया है।

ए कैटेगरी के 142 लोग हैं जो 24 घंटे अमृतपाल के साथ रहते थे। बी कैटेगरी में 213 वो लोग हैं जो फाइनेंस और संगठन का काम देखते हैं। एनआईए की आठ टीमें पंजाब पहुंच गई हैं और इन टीमों ने अमृतसर, तरनतारन, जालंधर, गुरदासपुर, जालंधर जिलों में जांच शुरू कर दी है। इसी लिस्ट में पत्नी किरणदीप कौर भी है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया।

दूरसंचार प्रौद्योगिकी नागरिकों को सशक्त बनाने का मिशन: मोदी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि भारत में टेलिकॉम तकनीक केवल शक्ति पाने का साधन नहीं है बल्कि लोगों को सशक्त बनाने का एक मिशन है। आज डिजिटल तकनीक की पहुंच भारत में हर जगह है।

प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के क्षेत्रीय कार्यालय और नवाचार केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया। ये देश में नवाचार, क्षमता निर्माण और तेजी से प्रौद्योगिकी अपनाने के लिए एक वातावरण को सक्षम बनाएंगे।

6जी पर नजर

= भारत 6-जी पर दृष्टि पत्र का अनावरण किया तथा 6-जी अनुसंधान एवं विकास परीक्षण केंद्र का शुभारंभ किया

कोरोना के बढ़े मामले: पीएम ने की समीक्षा

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

देश में बढ़ते कोरोना के मामलों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को अहम बैठक की। इस दौरान देश में कोरोना की स्थिति की समीक्षा की गई। जानकारी के मुताबिक, कोरोना के मामलों में तेजी के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हालात और सार्वजनिक स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा के लिए यह उच्च स्तरीय बैठक बुलाई थी। इससे पहले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बुधवार को अपडेट किए गए आंकड़ों से पता चला कि भारत में 1134 नए कोरोना के मामले दर्ज किए गए। मौजूदा वक्त में 7,026 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। इस दौरान पांच लोगों की मौत भी हुई। छत्तीसगढ़, दिल्ली, गुजरात और महाराष्ट्र में एक-एक मौत की खबर है। इसके अलावा एक कोरोना संक्रमित की जान केरल में गई।

एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े

कोरोना के मामलों में अचानक वृद्धि के साथ-साथ एच3एन2 इन्फ्लुएंजा वायरस के मामले भी बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश के बड़े हॉस्पिटल के टॉप हेल्थ एक्सपर्ट्स के साथ एच3एन2 इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा करने के लिए एक बैठक की। इसमें इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर चर्चा की गई। दिल्ली के राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल के मेडिकल डायरेक्टर डॉ अजय शुक्ला ने बताया कि सभी वायरल बुखारों में लगभग समान लक्षण होते हैं। आपकी नाक बह सकती है, आपको हल्की खांसी हो सकती है, बुखार हो सकता है।

31 मार्च तक खुले रहेंगे सभी बैंक

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

बैंकों की सभी ब्रांच 31 मार्च तक खुली रहेंगी। आरबीआई ने बैंकों को अपनी ब्रांच 31 मार्च तक खोले रखने का आदेश दिया है। इससे अब आप रविवार को भी बैंक से जुड़े काम निपटा सकेंगे। 31 मार्च के बाद लगातार 2 दिन यानी 1 और 2 अप्रैल को बैंकों में कामकाज नहीं होगा। आरबीआई ने कहा कि 31 मार्च को फाइनेंशियल ईयर 2022-23 खत्म हो जाएगा। सरकार से जुड़े सभी ट्रांजैक्शंस इस तारीख तक सेटल हो जाने चाहिए। नेशनल इलेक्ट्रॉनिक फंड्स ट्रांसफर और रियल टाइम ग्रॉस सेटलमेंट सिस्टम के जरिए होने वाले ट्रांजैक्शंस 31 मार्च को रात 12 बजे तक जारी रहेंगे।

जनमंच बंद करने पर हिमाचल विस में हंगामा

टीम एक्शन इंडिया/शिमला /चमन शर्मा

हिमाचल प्रदेश की पूर्व भाजपा सरकार के महत्वाकांक्षी कार्यक्रम जनमंच को बंद करने के मौजूदा सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार के फैसले पर बुधवार को प्रदेश विधानसभा में भारी हंगामा हुआ। इस दौरान सरकार के फैसले का विरोध करते हुए जहां पूरा विपक्ष सदन के बीचोंबीच पहुंच गया और सरकार के खिलाफ नारेबाजी कीए वहीं भारी हंगामे के बीच विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया को सदन की बैठक 15 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। हालांकि सदन की बैठक फिर से आरंभ होने पर हंगामा खत्म हो गया और इसके बाद सदन की कार्यवाही शांत माहौल में चली। जन मंच बंद करने के मुद्दे पर विपक्ष के हंगामे के बाद मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने घोषणा की कि सरकार जन मंच कार्यक्रम को बंद कर इसके स्थान पर नया मंच लेकर आएगी। उन्होंने कहा कि नई सरकार सत्ता में आई है और हम नया कार्यक्रम लेकर आएंगे।

उन्होंने कहा कि सरकार चाहती है कि वह समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। उन्होंने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर पर जन मंच कार्यक्रम को लेकर राजनीति करने और इसका राजनीतिक लाभ लेने का भी आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार के कार्यक्रम में जहां लोगों की समस्याओं का हल होगा।

जन जीवन मिशन का पूर्व भाजपा सरकार ने किया दुरुपयोग: मुकेश

टीम एक्शन इंडिया/ शिमला/चमन शर्मा

उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा है कि पूर्व भाजपा सरकार ने जन जीवन मिशन का दुरुपयोग सत्ता हासिल करने के लिए किया, लेकिन वह इसमें सफल नहीं हो पाई। उन्होंने बुधवार को विधानसभा में विधायक केवल सिंह पठानिया और सुधीर शर्मा के संयुक्त सवाल के जवाब में कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने अपने शासन के आखिरी चार माह में पाइपें केवल सत्ता हथियाने के लिए बांटी। उन्होंने कहा कि पूर्व शासनकाल में जन जीवन मिशन में खरीदी पाइपों को सत्ता हासिल करने का हथियार बना दिया था और कहीं इन पाइपों को झंडे लगाने के लिए तो कहीं बाड़ लगाने के लिए प्रयोग किया। यही नहीं कई स्थानों पर इन पाइपों की चारपाइयां भी बनाई गई। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि गत पांच सालों में जल शक्ति विभाग ने जल जीवन मिशन के तहत लगभग दो हजार करोड़ रुपए की पाइपें खरीदी। इनमें से 1709 करोड़ रुपए की 1.929 मीट्रिक टन अकेले जीआई पाइपें खरीदी गई। इसके अलावा 373558 मीटर डीआई पाइप और 5139352 मीटर एचडीपीआई पाइपें खरीदी गई। ये पाइपें 13 कंपनियों से खरीदी गई। उन्होंने जन जीवन मिशन पर श्वेत पत्र लाने के सत्ता पक्ष के विधायकों की मांग पर कहा कि पूर्व जल शक्ति मंत्री के विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के चंद्रशेखर का जीतना ही सबसे बड़ा श्वेत पत्र है। उन्होंने कहा कि जन जीवन मिशन 2024 में समाप्त होना था, लेकिन विधानसभा चुनावों में इसका फायदा लेने के लिए पूर्व सरकार ने इसे दो साल पहले ही निपटा लिया।

आरोप

= पूर्व भाजपा सरकार ने अपने शासन के आखिरी चार माह में पाइपें केवल सत्ता हथियाने के लिए बांटी

'फसल खराबे का जितना मुआवजा कांग्रेस ने 10 साल में दिया था उतना मौजूदा सरकार ने ढाई साल में दे दिया'

बारिश से रबी फसल में हुए नुकसान की स्पेशल गिरदावरी जारी, किसानों को मिलेगा 15 हजार प्रति एकड़ तक मुआवजा - उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
पूर्व कांग्रेस सरकार ने अपने दस साल में किसानों को फसल खराबे का जितना मुआवजा दिया, उतना मुआवजा मौजूदा प्रदेश सरकार दो साल में किसानों को दे चुकी है। यह जानकारी हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने दी। वे विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन ध्यानाकर्षण प्रस्ताव का जवाब दे रहे थे। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि साल 2022 में ओलावृष्टि से फसल के हुए नुकसान की भरपाई के लिए 151.42 करोड़ रुपए तथा 2021 में भारी वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई के लिए 614. 63 करोड़ रुपए और 2020 में खरीफ फसल के नुकसान के लिए 269.77 करोड़ रुपए और रबी फसल के लिए 114.44 करोड़ रुपए किसानों को दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि इस प्रकार पिछले ढाई साल में 1150.26 करोड़ रुपए किसानों को देने का कार्य किया है जो कि यूपीए सरकार के दस साल में दिए गए कुल मुआवजे के बराबर है। हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हाल ही में ओलावृष्टि और भारी बारिश के कारण हुए नुकसान का अब तक पोर्टल के माध्यम से 2720 गावों के 34064 किसानों ने 157557 एकड़ भूमि का खराबा बारे अवगत करवाया है। उन्होंने कहा कि 11 जिलों में वर्तमान में बारिश से रबी की फसलों में नुकसान हुआ है जिसका गिरदावरी करवाकर

8 2720 गावों के 34064 किसानों ने 157557 एकड़ भूमि का खराबा बारे अवगत करवाया है

आंकलन किया जा रहा है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा अब किसानों को चेक नहीं दिए जा रहे है बल्कि केवल बैंक ट्रांसफर की सुविधा ही उपलब्ध करवाई जाती है इसलिए किसानों को अपना खाता अपडेट करवाना होगा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जैसे ही ट्रेजरी में किसान अपना खाता अपडेट करवाएंगे तो उनके खाते में पैसा चला जाएगा। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वर्ष 2010 से लेकर 2015 तक 1000 करोड़ रूपए ट्रेजरी में पड़ा हुआ है, किसान क्लेम लेने के लिए नहीं आते। ऐसे में यदि किसान इस पैसे को लेने नहीं आते तो उसे किसानों के उत्थान में ही खर्च कर दिया जाएगा। इसी प्रकार प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत भी 5657.02 करोड़ रुपए खरीफ 2016 से रबी 2021-22 तक का पैसा अलग से किसानों के खाते में भेजा गया है। एक अन्य जवाब में डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि महेंद्रगढ़ में पाले से खराब हुई फसलों 628 हेक्टेयर गेहूं व 1009 हेक्टेयर सरसों, कनीना में 6200 हेक्टेयर गेहूं तथा 6933 हेक्टेयर सरसों, नांगल चौधरी में 537 हेक्टेयर सरसों तथा नारनौल में 115 हेक्टेयर गेहूं के खराबी हुई है। इसके अलावा 18 से 22 मार्च को हुई बरसात के हुए नुकसान की स्पेशल गिरदावरी के आदेश दिए गए हैं, जिसका किसानों को उचित मुआवजा दिया जाएगा।

कोरोना के बाद मजबूत हुआ अस्पतालों में बुनियादी ढांचा: डा. कमल गुप्ता

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि कोरोना महामारी के पश्चात सरकार द्वारा उठाए गए कदम के तहत प्रदेश के अस्पतालों में बुनियादी ढांचा मजबूत किया गया है। वे बुधवार को यहां विधानसभा के बजट सत्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनिल विज की अनुपस्थिति में लगाए गए एक प्रश्न का उत्तर दे रहे थे। यह मामला चिरंजीव राव ने सदन में उठाया। निकाय मंत्री ने बताया कि सरकार द्वारा दिनांक 11 मार्च 2020 को महामारी रोग अधिनियम 1987 के तहत जारी की गई अधिसूचना को मद्देनजर रखते हुए जिला स्तर पर निर्णय लेने तथा कोविड-19 के प्रभावी प्रबंधन के लिए रैपिड रिस्पांस टीमों का गठन किया गया था। इसके साथ ही परीक्षण क्षमता बढ़ाने के लिए 26 सरकारी मॉलिक्यूलर लैब स्थापित की गई तथा 26 गैर सरकारी लैब के साथ एम.ओ.यू.भी साइन किया गया।

इसके अलावा, इन सरकारी मॉलिक्यूलर लैब का उपयोग अन्य संक्रामक एजेंटों जैसे हेपेटाइटिस, एच1एन1 इत्यादि के परीक्षण के लिए भी किया जा रहा है। कुल प्रयोगशालाएं-52 संख्या (सरकारी लैब 26) (गैर सरकारी लैब के साथ एमओयू-26) हैं। उन्होंने बताया कि पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन कॉन्सेंट्रेटर, बाईपैप, हाईफ्लो नेजल कैन्युला, ऑक्सीजन सिलेंडर, आई.सी.सू. बैड, ऑक्सीजन बैड, आईसोलेशन बेड, गैस पाइपलाइन, डीजल जेनरेटर सैट आदि स्वास्थ्य संस्थाओं को प्रदान किए गए थे तथा उपकरणों के उपयोग के लिए उपयोगकताओं / पैरामेडिकल स्टाफ को उपकरणों के संचालन के लिए आवश्यक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया था। उन्होंने बताया कि जिला हिसार और पानीपत में 500 बिस्तरों वाले दो अस्थाई अस्पताल स्थापित किए गए। उन्होंने बताया कि कोविड मामलों का प्रबंधन स्वास्थ्य संस्था में 3 स्तरों पर किया गया था जिसके तहत हल्के मामलों को होम आइसोलेट व कोविड देखभाल केंद्रों में आइसोलेट किया गया था। मध्यम मामलों का इलाज नामित कोविड स्वास्थ्य केन्द्रों में किया गया जो जिला अस्पतालों में बनाए गए थे।

भव्य बिश्नोई और आईएएस परी का रिश्ता तय

कुलदीप ने जारी किया वीडियो; मई में होगी सगाई, दोनों बेटों की शादी

टीम एक्शन इंडिया/हिसार
हरियाणा के हिसार के आदमपुर से विधायक भव्य बिश्नोई जल्द ही आईएएस परी बिश्नोई के साथ शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों का रिश्ता तय हो गया है और मई में सगाई होगी। भाजपा के वरिष्ठ नेता व अखिल भारतीय बिश्नोई सभा के संरक्षक कुलदीप बिश्नोई ने अपने दोनों बेटों की सगाई की बात को स्वीकार किया है।
कुलदीप ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो अपलोड कर कहा कि आज पहला नवरात्रा है और शुभ समय है सवा दस बजे का। हमने अपने बड़े बेटे भव्य का रिश्ता आईएएस परी बिश्नोई से तय किया है। कुलदीप ने कहा कि दोनों परिवार अब एक हुए हैं। आप लोग भी मेरे परिवार की तरह हैं। दोनों की मंगनी मई में की जाएगी। भव्य एवं परी और चैतन्य एवं सृष्टि की शादी इस साल के अंत में की जाएगी। सभी को निमंत्रण जाएगा। सभी मन से प्रार्थना करें कि उसके दोनों बेटे और बेटियां खुश रहें।
चैतन्य की सृष्टि से सगाई पर जांभोलाव धाम पंचायत ने मांगा स्पष्टीकरण: हाल ही में कुलदीप के छोटे बेटे चैतन्य

बिश्नोई की सगाई पंजाबी समाज की लड़की सृष्टि अरोड़ा से हुई है। जिसके बाद से राजस्थान के बिश्नोई समाज के कुछ लोग उनसे नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। पूर्व विधायक कुलदीप बिश्नोई को बिश्नोई समाज की जांभोलाव धाम पंच-पंचायत ने स्पष्टीकरण देने के लिए नोटिस भेजा है। 20 मार्च को भेजे गए नोटिस में बिश्नोई समाज पंच-पंचायत जांभोलाभ धाम ने कहा है कि हाल ही में समाज में कुछ समय से घटित घटनाक्रम पर विचार विमर्श करने पर यह पाया है कि आपने अपने आचरण से बिश्नोई समाज की मान मर्यादाओं एवं परपंराओं को बार बार तोड़कर पूरे समाज की भावनाओं को आहत व शर्मसार किया है।
दो सप्ताह में मांगा जवाब: इसलिए इस पंचायत ने यह निर्णय लिया है कि क्यों न आपको समाज की मयार्दाओं को तोड़ने के कारण अखिल भारतीय बिश्नोई महासभा के संरक्षक पद व बिश्नोई रत्न सम्मान से मुक्त किया जाए। दो सप्ताह में इस नोटिस का जवाब दें। अन्यथा एकतरफा उचित कार्रवाई की जाएगी। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे। इसके नीचे मुकाम पीठाधीश्वर सहित अन्य प्रमुख महंतों के हस्ताक्षर किए हैं।
सिक्किम कॉडर में नियुक्त है परी बिश्नोई: 2020 बैच की आईएएस परी बिश्नोई का जन्म बीकानेर जिले के गांव काकरा में 26 फरवरी 1996 को हुआ था। उसने 2019 में यूपीएससी की परीक्षा में 30 वां रैंक हासिल किया।

यमुनानगर के हमीदा हैड पर लगेगा ठोस कचरा प्लांट

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा के शहरी स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि यमुनानगर-जगाधरी के पास हमीदा हैड की भूमि पर पड़े ठोस कचरे को अध्यक्ष प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के अनुसार ठोस कचरा प्लांट में ले जाया जाना है। ठोस कचरे को प्लांट तक पहुंचाने का कार्य 31 मार्च, 2023 तक पूरा हो जाएगा।
डॉ. कमल गुप्ता ने यह जानकारी आज यहाँ हरियाणा विधानसभा के बजट सत्र के दौरान विधायक घनश्याम दास द्वारा पूछे गए एक प्रश्न के उत्तर में दी। उन्होंने सदन को इस बात से भी अवगत करवाया कि यमुनानगर नगर निगम के पास लगभग 375 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि नगर निगम को इस राशि को खर्च करने की स्वतंत्रता भी है।
उन्होंने बताया कि हमीदा हैड, यमुनानगर, पश्चिमी यमुना नहर पर स्थित नगर निगम की लगभग 9 एकड़ भूमि पर रिवर फ्रंट, पार्क तथा झील विकसित करने का कोई प्रस्ताव वर्तमान में सरकार के विचाराधीन नहीं है।

सरकार बदलेगी सोसायटी पंजीकरण के नियम: दुष्यंत

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि हरियाणा सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण तथा विनियमन अधिनियम में संशोधन किया जा रहा है यह बिल अगले सत्र के दौरान लाया जाएगा और अब यह बिल लीगल ओपिनियन के लिए भेजा गया है। दुष्यंत चौटाला बुधवार को विधायक राकेश दौलताबाद द्वारा उठाए गए सवाल के जवाब में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम, फरीदाबाद में पंचकूला में बड़े स्तर पर आरडब्ल्यूए होने के कारण यह कार्य आईएएस स्तर के अधिकारियों को दिया जाएगा ताकि सही तरीके से इस कार्य को किया जा सके।
जिलों में डी आई सी के

प्रबंधक की संख्या कम होने के कारण 4- 5 डी आई सी के पास अब चार्ज दिया गया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा के शहरों में आरडीडब्ल्यू का बड़ा महत्व है और वह माइक्रो लेवल स्तर पर काम करती है लेकिन उसमें कुछ खामियां होने के कारण संशोधन की जरूरत है । यह एक्ट 2012 में लाया गया था अब जिसमें 82 सोसायटी के चुनाव लंबित है।

8 ई रजिस्ट्रेशन का करने का कार्य भी इसमें लाया जाएगा ताकि आरडब्लूए की मीटिंग की आसानी से मॉनिटरिंग की जा सके

इसलिए इस अधिनियम पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अब संशोधित प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है जल्द ही इसे लाया जाएगा।
सरकार हरियाणा सोसायटी रजिस्ट्रीकरण तथा विनियमन अधिनियम में को डिजिटल बनाएगी और इसके रेगुलर मेंटेनेंस के कार्य भी लेकर आएगी और ई रजिस्ट्रेशन का करने का कार्य भी इसमें लाया जाएगा ताकि आरडब्लूए की मीटिंग की आसानी से मॉनिटरिंग की जा सके ।

आज़ादी का अमृत महोत्सव G20

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय)
चौथा तल, सेवा भवन, आर. के. पुरम, नई दिल्ली - 110066
वेबसाइट: www.beeindia.gov.in दूरभाष: 011-26766700

कृपया ध्यान दें: 14 अधिसूचित क्षेत्रों में ऊर्जा उपयोगकर्ता

ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) के तहत ऊर्जा खपत की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करना

निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों में ऊर्जा के सभी उपयोगकर्ता / उपयोगकर्ता-वर्ग, जिनकी वार्षिक ऊर्जा खपत निम्नलिखित ऊर्जा गहन क्षेत्रों के विरुद्ध दर्शाई गई विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक है, को ऊर्जा संरक्षण अधिनियम (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ई), का.आ.394 (ई) दिनांक 12 मार्च, 2007, का.आ. 3542 (ई) दिनांक 29 दिसंबर, 2015, का.आ.1388(ई) दिनांक 02 मई, 2017 और का.आ. 2147 (अ) दिनांक 17 जून, 2020 का.आ. 3445 (ई) दिनांक 28 सितंबर, 2020, का.आ. 4165 (ई) दिनांक 07 सितंबर, 2022 के तहत नामित उपभोक्ताओं के रूप में अधिसूचित किया गया है।

क्र. सं.	अधिसूचित क्षेत्र	मीट्रिक टन तेल के समतुल्य (एमटीओई) प्रति वर्ष ऊर्जा की न्यूनतम खपत
1.	एल्युमिनियम	7,500
2.	सीमेंट	
	(क) एकीकृत सीमेंट यूनिट	30,000
	(ख) सीमेंट ग्राइंडिंग यूनिट	10,000
3.	वाणिज्यिक भवन या स्थापनाएं	
	(क) होटल	500
	(ख) हवाई अड्डा	500
4.	क्लोर-अल्कली	12,000
5.	विद्युत वितरण कंपनियां (डिस्कॉम)	एस ई आर सी/जे ई आर सी द्वारा सभी लाइसेंस प्राप्त वितरण कंपनियां
6.	उर्वरक	30,000
7.	लौह और इस्पात	20,000
8.	लुगदी और कागज	20,000
9.	पेट्रोलियम रिफाइनरियां	90,000
10.	पेट्रोरसायन यूनिटें जिनमें गैस क्रैकर या नेफ्था क्रैकर या दोनों शामिल हों	1,00,000
11.	रेलवे	
	(क) सभी जोनल रेलवे (ट्रैक्शन)	70,000
	(ख) कार्यशालाएं	750
	(ग) रेलवे की 8 उत्पादन फैक्टरियां नामतः आईसीएफ आरसीएफ, सीएलडब्ल्यू, बीएलडब्ल्यू, पीएलडब्ल्यू, आरडब्ल्यूएफ, एमसीएफ और आरडब्ल्यूपी	*
12.	वस्त्र	3,000
13.	थर्मल पॉवर स्टेशन	30,000
14.	पेट्रोकेमिकल विनिर्माण इकाइयां	
	(1)फाइबर इंटरमीडिएट	50,000
	(2) पॉलिमर	10,000
	(3) डिटर्जेंट इंटरमीडिएट	9,000
	(4) परफोर्मेंस प्लास्टिक	3,000
	(5) अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पाद	6,000
	(6) सिंथेटिक रबर	15,000
	(7) सुगंध	20,000

केंद्र सरकार द्वारा का.आ.1409(ई) दिनांक 28 मार्च, 2018, का.आ. 1473(ई) दिनांक 29 मार्च, 2019, का.आ. 1254(ई) दिनांक 13 अप्रैल, 2020, का.आ. 4491(ई) दिनांक 26 अक्टूबर, 2021 का.आ. 4552 (ई) दिनांक 26 सितंबर, 2022, को संबंधित नामित एजेंसी को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो को एक प्रति के साथ, वार्षिक ऊर्जा खपत की स्थिति पर ऊर्जा प्रबंधक/मुख्य कार्यकारी अधिकारी द्वारा विधिवत प्रमाणित पिछले दो वर्षों अर्थात् 2021.22 और 2022.23 की रिपोर्ट, ऊर्जा संरक्षण अधिनियम 2001 (2001 का 52) की धारा 14 के खंड (ठ) के तहत अधिसूचित प्रपत्र-1 में प्रस्तुत करने का अनुरोध किया जाता है।

आवश्यक क्षेत्र लागू प्रो.फॉर्मा या प्रपत्र.1 की एक प्रति बीईई वेबसाइट: **https://beeindia.gov.in/content/pat-performa** से डाउनलोड की जा सकती है।

यदि कोई व्यक्ति 30 जून, 2023 तक वार्षिक खपत आदि की स्थिति पर रिपोर्ट प्रस्तुत करने में विफल रहता है, तो वह ऊर्जा संरक्षण अधिनियम, 2001 की धारा 26 के तहत दंड का भागी होगा।

अधिक जानकारी/प्रश्न के लिए कृपया हमसे 011.26766700 पर संपर्क करें या **newdc@beeindia.gov.in** पर मेल भेजें।

CBC 34106/12/0024/2223 मिशन निदेशक, एनएमईईई

कैथल में भ्रूण मिलने से सनसनी

टीम एक्शन इंडिया/कैथल
हरियाणा के कैथल में मानवता को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। बुधवार को चंदाना गेट पर नीलकंठ मंदिर के समीप एक एक भ्रूण पड़ा मिला है। सूचना के बाद पुलिस और एफएसएल की टीम मौके पर पहुंची। हालांकि अभी तक भ्रूण कितने माह का है और यह किसने फेंका गया है, जानकारी सामने नहीं आयी है। कैथल में नीलकंठ मंदिर के पास से गुजर रहे कुशलपाल ने बताया कि दोपहर करीब 1 बजे उसकी नजर एक निमार्णाधीन दुकान के पास पड़े भ्रूण पर पड़ी। इसे देखकर उसने स्थानीय पार्षद लीलू सैनी को सूचना दी।
पार्षद ने पुलिस को सूचित किया। थाना शहर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाकर जांच शुरू कर दी है।

नए ट्यूबवेल कनेक्शन पर झटका: प्राथमिकता के आधार पर ही नए आवेदक किसानों को कनेक्शन सरकार देगी

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
हरियाणा में नए ट्यूबवेल कनेक्शन के लिए आवेदन करने वाले किसानों को सरकार ने झटका दिया है। राज्य में गिरते भू जल स्तर को देखते हुए प्राथमिकता के आधार पर ही नए आवेदक किसानों को कनेक्शन सरकार देगी। इसका खुलासा विधानसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने किया। सीएम ने कहा कि प्रदेश में पानी की कमी और उपलब्ध पानी के उचित उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए सरकार सूक्ष्म सिंचाई अपनाने वाले किसानों को ओपन ट्यूबवेल कनेक्शन देना संभव नहीं है, क्योंकि अधिकांश क्षेत्रों में

पानी ज्यादा नीचे चला गया है।
80428 किसानों ने किया आवेदन: हरियाणा में नए कनेक्शन लेने के लिए 80,428 किसानों ने आवेदन किया है। यह आवेदन 2014 से लेकर अब तक किए गए हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2018 में आवेदन किए हुए ट्यूबवेल कनेक्शनों में से 4412 कनेक्शन बकाया है, इन कनेक्शनों को तुरंत दिया जाएगा। वर्ष 2023-24 में इन कनेक्शनों से अगले कनेक्शनों को देने के लिए डिमांड नोट जारी किए जाएंगे।

भारतीय विचारधारा दुनिया की सबसे उत्तम विचारधारा: धनखड़

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ ने भारतीय नववर्ष 2080 के मौके पर सोशल मीडिया की टीम से वर्चुअली जुड़े और नववर्ष के महत्व पर कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस मौके पर उन्होंने भारतीय संस्कृति और विचारधारा के बारे में जानकारी दी। धनखड़ ने कहा कि भारतीय विचारधारा दुनिया की सबसे उत्तम विचारधारा है। भारतीय विचार और परम्परा वैज्ञानिक है। हमारे ऋषि-मुनियों ने अपने ज्ञान और धर्मग्रंथों को दूसरे लोगों की विचारधारा की तरह कभी अंतिम नहीं माना। उन्होंने

सदैव ज्ञान के आत्म प्रकाश में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी है, यही कारण है कि हमें तरोताजा समाज में रहने का अवसर मिला है। धनखड़ ने प्रदेश वासियों को भारतीय नववर्ष 2080 और नवरात्रि की बहुत-बहुत शुभकामनाएं दी। इस अवसर प्रदेश महामंत्री डा. पवन सैनी और प्रदेश मीडिया एवं सोशल मीडिया प्रमुख डा. संजय शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष धनखड़ का सोशल मीडिया टीम का मार्गदर्शन करने पर आभार जताया। भाजपा का भारतीय संस्कृति, संस्कार से लगाव है, हम भारत की भूमि के कण कण से प्रेम करने वाले लोग हैं। उन्होंने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनके विचार व हमारे विचार एक नहीं हो सकते। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि आज के इस दौर में सोशल मीडिया का दायित्व ज्यादा बढ़ गया है। विपक्ष झूठे नेरेटिव गढ़कर छवि खराब करने के प्रयास में जुटे हैं। राजनीति में छवियुद्ध चल रहा है। विरोधी हमारी छवि को खराब करने के चक्कर में देश विरोधी काम भी कर रहे हैं।

संगठित अपराध से निपटने के लिए सरकार कर्त्तव्यबद्धः सीएम

संगठित अपराध में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा: मनोहर लाल

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में बढ़ते संगठित अपराध को नियंत्रित करने के लिए कर्त्तव्यबद्ध है और इसी उद्देश्य के साथ विधानसभा में हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक- 2023 पारित किया गया है। विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक-2023 पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कानून के साथ, राज्य सरकार न केवल गैंगस्टरों, उनके मुखियाओं और संगठित आपराधिक गिरोहों के सदस्यों के खिलाफ प्रभावी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करेगी, बल्कि इस तरह के मजबूत कानून द्वारा अपराधियों के खिलाफ ठोस और निवारक लेकिन कानून सम्मत कार्रवाई करने के लिए पुलिस को सशक्त बनाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन संगठित अपराधों में शामिल लोगों पर नकेल कसते हुए अपराधों की आय से अर्जित संपत्ति को जब्त करने के लिए और इन अधिनियम के तहत अपराधों के मुकदमे से निपटने के लिए विशेष

अदालती और विशेष अभियोजकों की व्यवस्था करने के लिए के लिए विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अधिनियम की कुछ परिभाषाओं के संबंध में कांग्रेस द्वारा किए गए हंगामे पर स्पष्ट करते हुए कहा कि उक्त विधेयक में गैरकानूनी गतिविधि जारी रखना का अर्थ तत्समय लागू किसी विधि द्वारा प्रतिषिद्ध कोई गतिविधि, जो तीन वर्ष या उससे अधिक के कारावास से दण्डनीय कोई संज्ञेय अपराध है, जो संगठित अपराध सिंडिकेट के सदस्य के रूप में या ऐसे सिंडिकेट की ओर से या तो अकेले या संयुक्त रूप की गई है, जिसके संबंध में एक से अधिक आरोप-पत्र 10 वर्ष की पूर्ववर्ती अवधि के भीतर सक्षम न्यायालय के सम्मुख दायर किए गए हैं और उस न्यायालय द्वारा ऐसे अपराध का संज्ञान लिया गया है। उन्होंने सदन को अवगत कराया कि विधेयक 25 (1) (ए) के प्रावधान के अनुसार इस अधिनियम के अधीन किसी संगठित अपराध वाले अपराध को करने के बारे में, पुलिस अधिकारी, जो उप पुलिस महानिरीक्षक के रैंक से नीचे का न हो, के पूर्व अनुमोदन के बिना, किसी पुलिस अधिकारी द्वारा कोई भी सूचना अभिलिखित नहीं की जाएगी।

इसके अलावा, इस अधिनियम के उपबंधों के अधीन किसी अपराध का कोई भी अन्वेषण, पुलिस उप अधीक्षक के रैंक से नीचे के किसी अधिकारी द्वारा नहीं किया जाएगा।उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उक्त अधिकारियों के समक्ष बयान दर्ज कराने के बाद दोषियों का बयान न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष दर्ज किया जाएगा।

विधानसभा बजट सत्र के दौरान दो विधेयक पारित

टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़

हरियाणा विधान सभा के बजट सत्र में हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 व हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक, 2023 विधेयक पारित किये गये। हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 मार्च, 2024 के 31वें दिन को समाप्त होने वाले वित्त वर्ष के दौरान सेवाओं के लिए हरियाणा राज्य की संचित निधि में से कुल 221088,91,74,343 रुपये के भुगतान और विनियोग का प्राधिकार देने लिए हरियाणा विनियोग (संख्या 2) विधेयक, 2023 पारित किया गया है।

हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक-2023: संगठित अपराध सिंडीकेट या गैंग की आपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए और उससे संबंधित मामलों के लिए विशेष उपबंध बनाने हेतु हरियाणा संगठित अपराध नियंत्रण विधेयक-2023 पारित किया गया है। हरियाणा में

अपराध के रुझानों के अध्ययन से पता चला है कि पिछले दशक में राज्य में अपराध के पैटर्न में बदलाव देखने को मिला है। पहले व्यक्ति विशेष अथवा समूह द्वारा जघन्य अपराध जैसे हत्या, डकैती, अपहरण और जबरन वसूल किए जाते थे, लेकिन पिछले एक दशक में हरियाणा में गैंगस्टर और संगठित अपराध का प्रचलन हुआ है। नई उम्र के अपराधियों के गिरोहों ने एक संगठित आपराधिक अद्यम के रूप में जीवन जीना शुरू कर दिया है। ऐसे उदाहरण सामने आए है कि हरियाणा के कुछ जिलों में सक्रिय, संगठित आपराधिक गिरोहों में अपराधियों का एक संगठित नेटवर्क स्थापित कर लिया है, जिनमें शूटर मुखबिर, गुप्त सूचना देने वाले और हथियार आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। अच्छी तरह परिभाषित सदस्यता और पदानुक्रम के साथ उचित रूप से ये गिरोह मुख्य रूप से सुपारी हत्याओं व्यवसायियों को धमकी देकर जबरन वसूली, मादक पदार्थों की तस्करी सुरक्षा रैकेट्स आदि पर ध्यान केन्द्रित कर रहे हैं, जिनमें भारी लाभ मिलने की संभावना होती है। ये गिरोह संपति पर कब्जा करने के लिए अपराध करते हैं। अपने सहयोगियों की देखभाल करते हैं जो जेल में हैं, महंगे आपराधिक मुकदमे लड़ने वाले वकीलों की सेवाएं लेते हैं और गवाहों को मारते हैं, जो उनके खिलाफ गवाही देने की हिम्मत करते हैं। इस तरह के अपराधी आपराधिक कानून और प्रक्रिया के सुधार और पुनर्वास संबंधी पहलुओं का भी फायदा उठाते हैं और आगे अपराध करने के लिए हिरासत से रिहा हो जाते हैं। कुछ समय में ही ये गिरोह जनता में अपनी एक डरावनी छवि बना लेते हैं। इस तरह की छवि व्यापारियों और उद्योगपतियों से सुरक्षा के बदले धन की उगाही मंक इन गिरोहों की मदद करती है। इस प्रकार यह उनके खजानों को भरती है। यह नीति निमार्ताओं और आंतरिक सुरक्षा विशेषज्ञों के लिए चिंता का विषय है कि वे इस तरह की आपराधिक गतिविधियों के प्रभावी ढंग से निपटने के लिए कड़े कानून की आवश्यकता है। कुछ राज्यों में पहले से ही विशेष कानून बनाए गए हैं।

महन्त नृत्य गोपाल दास ने मंदिर निर्माण को लेकर जताई प्रसन्नता

टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष एवं मणिराम दास जी छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास ने विक्रम संवत और वर्ष प्रतिपदा के शुभ अवसर पर बुधवार को श्रीराम जन्मभूमि पर चल रहे निर्माण कार्यों की प्रगति देखी । राम मंदिर निर्माण को देखने के लिए महंत नृत्य गोपाल दास निमार्णाधीन भगवान राम के मंदिर के गर्भ गृह स्थल तक गए और निर्माणाधीन भगवान रामलला के गर्भ गृह में माथा टेका। रामलला के अस्थाई मंदिर में उन्होंने भगवान राम लला की दोपहर की आरती उतारी । इस दौरान ट्रस्ट महासचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ अनिल मिश्र,गोपाल ,विहिप मीडिया प्रभारी शरद शर्मा उपस्थित रहे। निर्माण कार्य देखने के उपरांत महंत नृत्य गोपाल दास ने कहा श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण अपनी गति में है। जो स्वप्न हमारे पूर्वजों ने देखा था वह साकार रूप ले रहा है।

माथा टेका

= राम मंदिर निर्माण को देखने के लिए महंत नृत्य गोपाल दास निमार्णाधीन भगवान राम के मंदिर के गर्भ गृह स्थल तक गए

2023 में गर्भ गृह बन जाएगा और भगवान श्रीराम लला अपने आसन पर विराजमान होंगे। उन्होंने कहा कि यह सौभाग्य होगा कि लाखों भक्त एक साथ श्रीराम जन्म भूमि का दर्शन प्राप्त करेंगे। उन्होंने कहा जिस कार्य पर स्वयं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ ही मुख्यमंत्री की लगातार नजर हो उसमें किसी प्रकार का विलंब नहीं होगा। उन्होंने कहा श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट और निर्माण समिति की लगातार बैठक होने से मंदिर निर्माण में गति लगातार जारी है। छोटे छोटे बिंदुओं पर मंथन होता है। यह ही इस महा अभियान की सफलता है।

अवधी व्यंजनों की महक से भर उठा अवध महोत्सव

लखनऊ की मेहमान नवाजी के किस्से भी सुनाए गए, कवियों ने व्यंग्य के तीर छोड़े

टीम एक्शन इंडिया/लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में चल रहे अवध महोत्सव की शाम मंगलवार को अवधी व्यजंनों की महक से भर उठी। वहां आए लोगों को स्वादिष्ट मेवा पड़ी हुई खीर, गन्ने का रसावल सहित बहुत चीजों का स्वाद चखने को मिला। वहीं कवियों के पाठ में कही व्यंग्य के तीर चले तो कहीं सीख भी मिली। इसके अलावा कभी इस शहर की शाही सवारी समझे जाने वाले तांगे की दौड़ का भी लोगों ने मजा उठाया। गोमती नगर के उ.प्र.संगीत नाटक अकादमी परिसर में पर्यटन विभाग और उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में संगीत के कई रंग दिखाई दिए। उत्सव की शुरूआत में आए विशिष्ट अतिथियों व दर्शकों का अकादमी की ओर से स्वागत किया गया।

संगीत के कई रंग

= संगीत नाटक अकादमी की ओर से आयोजित महोत्सव की सांस्कृतिक संध्या में संगीत के कई रंग दिखाई दिए

इस अवसर पर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव मुकेश मेश्राम, विशेष सचिव, संस्कृति, आनंद कुमार व उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी के निदेशक तरुण राज विशेष रूप से उपस्थित हुए। बुधवार को महोत्सव का अंतिम दिन है। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह समापन समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। महोत्सव में शेफ डॉ इज्जत हुसैन के संयोजन में आयोजित अवधी व्यंजनों की प्रतियोगिता में करीब 50 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा होटल मैनेजमेंट कर रहे विद्यार्थियों ने भी भाग लिया।



विपक्षी एकता की सख्त जरूरत : शरद पवार

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

नई अनाज मंडी में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा राष्ट्रवादी महासम्मेलन का आयोजन किया गया। महासम्मेलन में राकांपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केंद्रीय रक्षा व कृषि मंत्री शरद पवार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। रैली स्थल पर पहुंचने पर प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा सहित प्रदेश के अन्य नेताओं ने शरद पवार का पुष्पगुच्छ व स्मृत्ति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

महासम्मेलन में पहुंचे लोगों को संबोधित करते हुए राकांपा राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार ने कहा कि आज देश में पैदा हुए राजनीतिक हालातों को देखते हुए विपक्षी एकता की सख्त जरूरत है, ताकि केंद्र व प्रदेश की राजनीति से भाजपा को बेदखल किया जा सके। उन्होंने कहा कि केंद्र में जिस प्रकार सहयोगी दलों के साथ मिलकर एनसीपी चुनाव लड़ती है। उसी तर्ज पर हरियाणा में लोकसभा

8 विपक्षी एकता की सख्त जरूरत है, ताकि केंद्र व प्रदेश की राजनीति से भाजपा को बेदखल किया जा सके

और विधानसभा में सहयोगी दलों का साथ लेकर मजबूती से दोनों चुनाव लडकर सरकार बनाएंगे। उन्होंने कहा कि मराठा वीरेंद्र को यहां से चुनाव लडने के लिए तैयार रहना है। सहयोगी दलों से हरियाणा में लोकसभा में गठबंधन वह खुद कर लेंगे। उन्होंने कहा कि आज महंगाई की मार लोगों पर पड रही है। घरेलू गैस सिलेंडर का रेट 12 सौ रुपए हो गया है, जो कि किसान, मजदूर और आमजन की पहुंच से बाहर हो चुका है। सत्ता में आने के बाद रेट को 500 रुपए तक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा व पंजाब में मंडी सिस्टम खत्म होने की कगार पर है, लेकिन एनसीपी हरियाणा व

पंजाब की तर्ज पर मंडी सिस्टम में अनुकूल सुधार करके पूरे देश में लागू करेगी। वहीं मौजूदा सरकार द्वारा बड़े उद्योगपतियों और राजघरानों का 10 लाख करोड़ का कर्ज माफ कर दिया गया, जबकि कोरोना की सबसे ज्यादा मार तो किसान, मजदूर और दस्तकार पर पड़ी है। ऐसे में किसानों, मजदूरों और दस्तकारों का कुल कर्ज 2 लाख करोड़ रुपए के करीब है। इसे भी माफ किया जाएगा। शरद पवार ने कहा कि जिस हरियाणा को कृषि प्रधान होने और किसानों के नाम से जाना जाता था, आज भाजपा की सरकार की नीतियों के कारण हरियाणा व पंजाब के किसानों को 1 साल तक बोर्डर पर बैठने को मजबूर होना पड़ा। इसके बावजूद भी भाजपा ने आज तक किसानों की जायज मांगों को भी पूरा नहीं किया है। एनसीपी और सहयोगी दल मिलकर किसानों की सभी मांगों को पूरी करेंगे।

इसके साथ ही भाजपा ने अग्निवीर योजना के तहत सेना में 4 साल की सेवा कर दी, जबकि उन्होंने रक्षा मंत्री रहते हुए अनुभव किया कि सेना में 20 साल का कार्यकाल अवश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि आज के हालात को देखते हुए सहयोगी दलों से तालमेल करके एनसीपी हरियाणा में लोकसभा व विधानसभ चुनाव मजबूती के साथ लड़ेगी और जीत दर्ज करेगी। रैली को सतारा से सांसद श्रीनिवास पाटिल, दिल्ली के प्रदेशाध्यक्ष योगानंद शास्त्री, राष्ट्रवादी युवक कांग्रेस के अध्यक्ष धीरज शर्मा, राष्ट्रवादी विद्यार्थी कांग्रेस की अध्यक्ष सोनिया दूहन ने भी संबोधित किया।

प्रदेशाध्यक्ष मराठा वीरेंद्र वर्मा ने कहा कि शरद पवार सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक रवैये में विश्वास रखते हुए भारत को आत्मनिर्भर और उत्पादक देश बनाने की दिशा में प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी को दूर करने के लिए शरद पवार ने महाराष्ट्र में रोजगार गारंटी कानून बनाया और लागू किया। इसके बाद महाराष्ट्र को पावर में सरप्लस स्टेट बनाया। खेती का पैटर्न बदल दिया। वहीं सिंचाई के लिए पौंड सिस्टम शरद पवार की देन है।

उन्होंने कहा कि कृषि मंत्री रहते हुए किसानों के लिए कल्याण के लिए शरद पवार ने अनेकों कार्य किए हैं, जिनको किसान आज भी याद कर रहे हैं। असम, बिहार, बंगाल और उडीसा वाटर सरप्लस स्टेट थे। यहां चावल की खेती शुरू करवाई। भारत को चावल में सरप्लस बना दिया और यहां से चावल का निर्यात होने लगा। इसी तरह मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश और आधे राजस्थान में गेहूं की खेती करवाई, यहां भी गेहूं निर्यात की स्थित में पहुंचा दिया था। इसी के साथ 2007 में किसानों के 67 हजार करोड रुपए के कर्ज माफ करवाए थे। वहीं सोसाइटी का जो ब्याज 12 प्रतिशत था, उसको घटाकर 4 प्रतिशत पर लेकर आए, परिणामस्वरूप आज ब्याज बिल्कुल खत्म है।

नगर निगम टीम ने शहर में हटवाया अतिक्रमण

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

शहर में नगर निगम की टीम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी है। बुधवार को नेहरू पैलेस में कार्रवाई के लिए पहुंची नगर निगम की टीम का दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों ने जमकर विरोध किया। टीम ने कई दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों का सामान जब्त करके चालान काटे। इस दौरान पुलिस बल भी तैनात रहा। दुकानदारों व रेहड़ी-फड़ी वालों ने कहा कि उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है।

नेहरू पैलेस में अतिक्रमण हटाने के लिए पहुंची नगर निगम की टीम का रेहड़ी वालों और दुकानदारों ने विरोध करते हुए कहा कि कार्रवाई करने से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया। नगर निगम द्वारा उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। पहले सेक्टर-12 में नाइट मार्केट शुरू की गई थी, उसे भी बंद कर दिया गया। गुस्साए रेहड़ी संचालकों ने कहा कि 2 लाख रुपए का बैंक से लोन लिया हुआ है और वे लोग 3 से 4

घंटे के लिए ही रेहड़ी लगाते हैं। इसमें उन्हें घर का खर्चा भी चलाना होता है और लोन की किस्त भी निकालनी होती है। ऐसे में यदि उनकी रेहडियां नहीं लगेंगी तो काम कैसे चलेगा। वे अपना घर किस तरह चलाएंगे। इस कार्रवाई के दौरान निगम की टीम के साथ भारी पुलिस भी मौके पर मौजूद रहा। सिटी थाना के प्रभारी कमलदीप सिंह भी मौके पर मौजूद रहे। पुलिस की मौजूदगी में ही कई दुकानदारों व रेहडी संचालकों का चालान भी किया गया और कई लोगों का सामान भी जब्त किया गया।

न्यूज फ्लैश

सीएम ने खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाने की घोषणा की : जगमोहन आनंद

करनाल/टीम एक्शन इंडिया। मुख्यमंत्री के मीडिया कॉर्डिनेटर जगमोहन आनंद ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने हाल ही में हुई बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण खराब हुई फसलों की विशेष गिरदावरी करवाने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने यह फैसला किसानों के हित में लिया है। जगमोहन आनंद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने किसान भाइयों से आग्रह किया कि वे अपनी फसल के नुकसान की जानकारी ई-फसल क्षतिपूर्ति पोर्टल पर तय समय यानी 72 घंटे में दर्ज करना सुनिश्चित करें, ताकि खराब हुई फसलों का समय पर मुआवजा दिया जा सके। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार निरंतर किसानों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसलिए किसान भाई पोर्टल पर अपनी फसल क्षति की जानकारी जल्द से जल्द अपलोड करें, ताकि उचित सत्यापन के बाद उन्हें मुआवजे का भुगतान किया जा सके।

अनीमिया मुक्ति और कुपोषण खत्म करने के लिए मिलकर काम करें अलग-अलग विभाग : अनीश यादव

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

जिला उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि जिले को अनीमिया और कुपोषण मुक्त बनाने के लिए इन योजनाओं से जुड़े अलग-अलग विभागों को मिलकर कार्य करना चाहिए। इससे ग्राउंड लेवल पर बेहतर परिणाम आएंगे और जिले को पूरी तरह अनीमिया और कुपोषण मुक्त किया जा सकेगा। जिला उपायुक्त बुधवार को अनीमिया और कुपोषण मुक्त से जुड़ी योजनाओं की मॉनिटरिंग को लेकर करनाल पहुंची स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की टीम व जिले के अन्य अधिकारियों की बैठक ले रहे थे।

बैठक के दौरान स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की स्टेट प्रोग्राम आफिसर डॉ. नीरू ने जानकारी दी कि अनीमिया और कुपोषण को लेकर अलग-अलग विभागों द्वारा विभिन्न स्कीम चलाई जा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल के निर्देश पर इन स्कीमों को और बेहतर बनाने के लिए इनके डाटा व ग्राउंड पर किए जा रहे कार्यों की मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी के चलते संस्थान की टीम करनाल पहुंची है। स्टेट प्रोग्राम आफिसर डॉ. नीरू ने बताया कि इसका बारीकी से अध्ययन करने से आसानी से निर्धारित लक्ष्य हासिल किए जा सकेंगे और भविष्य की प्लॉनिंग भी की जा सकेगी।

जिला उपायुक्त अनीश यादव ने स्वर्ण जयंती हरियाणा वित्तीय प्रबंधन संस्थान की टीम का ग्राउंड लेवल पर सहयोग करने के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग व जिला कल्याण विभाग से अलग-अलग अधिकारियों की ड्यूटी लगाई। उन्होंने कहा कि इस टीम के द्वारा जिला व ब्लॉक स्तर पर अलग-अलग कार्यों व योजनाओं का निरीक्षण किया जाएगा। इससे भविष्य में योजनाओं को अच्छे से मैपिंग करने के लिए योजना बनाई जा सकेगी। इस तरह के प्रयास बेहद सराहनीय है। इससे योजनाओं का क्रियान्वन और बेहतर होता है। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को टीम के साथ पूरा सहयोग करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान सीटीएम अमन कुमार, सिविल सर्जन डॉ. योगेश शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान, वरिष्ठ औषधि नियंत्रक अधिकारी गुरचरण सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी राजपाल चौधरी, जिला कल्याण अधिकारी कृष्णा, डीपीओ राजबाला व अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

बॉक्सिंग कोच बना कबूतरबाज, विदेश भेजने के नाम पर हड़पे 20 लाख

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

करनाल के बॉक्सिंग कोच सुरेंद्र ने विदेश भेजने के नाम पर लगभग 20 लाख रुपए हड़प लिए। जालसाजी के शिकार ने मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाई है। यमुनानगर जिला के सुडेल गांव निवासी विकास ने सीएम विंडो में शिकायत देते हुए बताया कि खेल विभाग में कार्यरत बॉक्सिंग कोच सुरेंद्र चौहान द्वारा युवाओं से मोटी राशि लेकर उन्हें विदेश छोड? का कार्य किया जाता है। यह कोच पिछले वर्ष से लगभग 3-4 युवाओं से 15 से 20 लाख रुपए लेकर उन्हें यूके व अन्य यूरोपियन देशों में छोडकर आ चुका है। आरोप है कि आरोपी कोच विदेश में सेटल होने की चाह रखने वाले युवाओं के जाली दस्तावेज तैयार करवाने उपरान्त विदेश में जाने के लिए आने वाली अड़चनों को दूर कर सेटिंग करता है। इस कबूतरबाजी में खेल विभाग के अन्य 3-4 सहयोगी हैं, जो इसकी विभाग से विदेश जाने की अनुमति दिलवाने में सहायता करते हैं। शिकायतकर्ता ने सवाल खड़े करते हुए लिखा है कि एक सरकारी कर्मचारी एक वर्ष के भीतर कितनी बार विदेश जा सकता है। यह भी एक सोचने वाली बात हैं।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
सोनीपत
(संजीव कौशिक)
मो. नं. : 9991270143

डिलीवरी सेंटरों व रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटर की निरंतर करें जांच : अनीश

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

जिला उपायुक्त अनीश यादव ने बुधवार को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के सभी 106 डिलीवरी सेंटरों व 45 रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटरों की निरंतर जांच की जाए। जिन भी अस्पतालों व एमटीपी सेंटरों पर अनियमितता मिलती है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। इसके साथ-साथ अवैध रूप से गर्भपात करने वालों के खिलाफ भी निरंतर छापेमारी अभियान चले। उपायुक्त अनीश यादव ने कहा कि आंगनवाड़ी व आशा वर्कर गर्भवती महिलाओं के डाटा को समय पर दर्ज करे। किसी भी गर्भवती महिला का रजिस्ट्रेशन न छूटे। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम जिले में बच्चों की डिलीवरी व रजिस्टर्ड एमटीपी सेंटरों पर हो रही एमटीपी के डाटा की गहराई से जांच करे। इस डाटा की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए।

गड़बड़ी हो रही है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि जिले के लिंगानुपात में सुधार करना उनका प्राथमिक उद्देश्य है। इसके लिए टास्क फोर्स मिलकर प्रयास करे।

आशा कार्यकर्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण आवश्यक : डा. मनन गुप्ता

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

मनोरोग विशेषज्ञ डा.मनन गुप्ता ने बताया कि हरियाणा में ग्रामीण समुदायों के लिए आशा कार्यकर्ताओं के लिए मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण आवश्यक है। आशा कार्यकर्ता फ्रंटलाइन स्वास्थ्य कार्यकर्ता हैं, जो अक्सर मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं सहित चिकित्सा देखभाल चाहने वाले व्यक्तियों के लिए संपर्क का पहला बिंदु होती हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं प्रचलित हैं, और कई लोग सामाजिक कलंक, जागरूकता की कमी, या वित्तीय

बाधाओं के कारण मदद नहीं मांगते हैं।

उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण प्राप्त करके, आशा कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दों की पहचान करने और उनका समाधान करने, जरूरतमंद व्यक्तियों को सहायता प्रदान करने और अपने समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए बेहतर ढंग से सुसज्जित हो सकती हैं। इसके परिणामस्वरूप मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच और मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं वाले व्यक्तियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य परिणाम प्राप्त हो सकते हैं, जिससे ग्रामीण समुदायों में मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं का बोझ कम हो सकता है। सीएचसी कुंजपुरा के एसएमओ डा. संदीप ओब्रोल ने बताया कि हमें दूसरों की मदद करने से पहले अपनी मेंटल हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए, ताकि हम अपने मरीजों कि बेहतर सेवा कर सकेंगे।

एनडीपीएस एक्ट को लेकर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का हुआ समापन

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मुख्यालय मधुबन में हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो प्रमुख अमिताभ सिंह ढिल्लो, पुलिस महानिरीक्षक के कुशल नेतृत्व, मार्गदर्शन व दिशा निदेर्शों के अनुसार एनडीपीएस एक्ट बारे दो दिवसीय कार्यशाला का समापन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार, जिला न्यायवादी महिपाल सिंह एवं हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो समस्त ईकाई से व समस्त हरियाणा के प्रत्येक जिला से एंटी नारकोटिक्स के अनुसंधानकर्ता शामिल हुए। पुलिस अधीक्षक ताहिर हुसैन द्वारा एवं जिला न्यायवादी महिपाल सिंह द्वारा अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की प्रक्रिया को समझाया गया। उप पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा अनुसंधानकर्ता को मुकदमा में किन कमियों की वजह से आरोपी बरी होता है, उस बारे में बतलाया गया है। उप निरीक्षक मलकीत सिंह द्वारा हाक साफ्टवेयर के बारे जानकारी उपलब्ध कराई गई। न्यायवैधिक विज्ञान प्रयोगशाला के वैज्ञानिकों द्वारा भी नार्कोटिक्स के केस संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की गई। इस कार्यक्रम में लगभग 35 अनुसंधानकर्ता ने भाग लिया। अनुसंधानकताओं को एनडीपीएस एक्ट की शुरूआत से लेकर अंत तक की प्रक्रिया को समझाया गया। अभियोग को सफल बनाने पर बल दिया गया और अनेक पहलुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

अमेरिका भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

जिला करनाल के बांसा गांव में एक एजेंट पर युवक को विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपए हड़पने के आरोप लगे हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस को की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव बांसा का हरपाल अपने बेटे प्रिंस को अमेरिका भेजना चाहता था।

प्रिंस स्पेन में था। वहां से लीगल तरीके से अमेरिका भेजने के लिए एजेंट से 32 लाख में बात हुई थी। एजेंट जोगा सिंह के खाते में 1.20 लाख रुपए ऑनलाइन ट्रांसफर कर दिए गए।

घरौंडा में अवैध कॉलोनी पर चला पीला पंजा

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

जिला करनाल में अवैध कॉलोनियों पर डीटीपी की कार्रवाई जारी है। बुधवार को डीटीपी की टीम ने कस्बा घरौंडा के अलीपुर खालसा-खोतपुरा रोड पर काटी जा रही अवैध कॉलोनी और एक फैक्टरीनुमा निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया है। कुछ लोगों ने इस दौरान प्रशासन की कार्रवाई का विरोध भी किया। लोगों का कहना है कि जिन रास्तों को प्रशासन ने तोड़ा है, वह रास्ते पंचायत को डोनेट किए गए हैं, लेकिन प्रशासन उनकी एक भी बात नहीं सुन रहा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अलीपुर-खोतपुरा रोड पर इंडस्ट्रियल कॉलोनी काटी गई थी। यहां तक की इंटरलॉकिंग टाइलें बिछाकर पक्की सडकें भी बनाई जा चुकी थी। स्थानीय निवासी सुमित शर्मा, सोनी शर्मा व अन्य का कहना है कि यहां पर कोई भी कालोनी नहीं काटी जा रही। सबकी अपनी मलकियत है। किसानों की सहूलियत के लिए यहां पर एक 33 फुट का पक्का रास्ता बनाकर ग्राम पंचायत अलीपुर खालसा को डोनेट किया गया है। इसके बारे में प्रशासन को भी बताया गया है, लेकिन प्रशासन उनकी एक भी बात सुनने को तैयार नहीं है। प्रशासन ने सारी सडकों को ध्वस्त कर दिया है। प्रशासन गलत तरीके से कार्रवाई कर रहा है। मौके पर मौजूद बीडीपीओ से भी पत्रकारों ने सवाल किया तो उन्होंने भी यही बात कही है कि ऐसा कोई मामला नहीं है कि यह रास्ता पंचायत का हो, इसको लेकर कोई लिखित नहीं है।

अधिकारियों की माने तो अलीपुर खालसा गांव के बाहर करीब 12 एकड़ में अवैध तरीके से इंडस्ट्रियल कालोनी काटी जा रही थी। यहां पर चौड़ी-चौड़ी

वजन घटाने के लिए योग सबसे कारगर उपाय : दिनेश गुलाटी

वेट लॉस चैलेंज प्रतिस्पर्धा के विजेता रिंकी जैन, अनुज जैन और अमर सिंह को किया सम्मानित

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

मेरा मिशन स्वस्थ भारत के तत्वाधान में चलाए गए वेट लॉस चैलेंज के अंतर्गत सैकड़ों लोगों ने ऑनलाइन और ऑफलाइन रहकर प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। संस्थापक दिनेश गुलाटी ने रिंकी जैन, अनुज जैन और अमर सिंह को विजेता घोषित किया और उन्हें चांदी के सिक्के देकर सम्मानित किया। दिनेश गुलाटी ने बताया कि इन्होंने एक सप्ताह में दो-दो किलो वजन कम किया। आठ दिवसीय इस चैलेंज प्रतियोगिता के अंतर्गत

फव्वारा पार्क योग कक्षा में योग और भोजन संबंधित टिप्स दिए गए। तेजी से वजन घटाने और शरीर की अतिरिक्त चर्बी कम करने के लिए योग से बढकर कुछ नहीं। इसके लिए संतुलित आहार की भी आवश्यकता है।

उन्होंने बताया कि लोग कई तरीके से वजन घटाने में लगे रहते हैं, परंतु कभी-कभी इसकी गलत प्रभाव भी पढ़ सकते हैं। वजन घटाने के लिए योग सबसे कारगर उपाय है।

हर रोग का नेचुरल तरीके से उपचार योग कर सकता है। वजन घटाने के लिए लाइफ स्टाइल में कई तरह के बदलाव जरूरी है। सुबह उठकर गर्म पानी लें। नियमित रूप से योग करें। दिन में कम से कम 20 मिनट अवश्य टहलें। प्रोटीन युक्त ब्रेकफास्ट लें और हर दिन का लक्ष्य तय करें।

विहिप व बजरंग दल की ओर से शहर में निकाली गई भव्य भगवा बाइक यात्रा

पानीपत: विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के नेतृत्व में पानीपत शहर में बुधवार को हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भगवा बाइक यात्रा निकाली गई। इस भगवा बाइक यात्रा का रामनगर तहसील कैंप स्थित भगवान वाल्मीकि मंदिर में पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। भगवा यात्रा का नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पुनीत बत्रा ने किया व हरी झंडी कंवर रविंद्र सैनी ने दिखाकर बाइक यात्रा को रवाना किया। कंवर रविंद्र सैनी को पगड़ी व तलवार भेंट कर विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री पुनीत बत्रा ने व जयदीप अरोड़ा ने स्वागत किया।

भूजल को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतू तेजी से प्रयास करने होंगे : डॉ. वैशाली

करनाल/टीम एक्शन इंडिया

भूजल जैसी प्राकृतिक संपदा को भविष्य के लिए सुरक्षित करने हेतू तेजी से प्रयास करने होंगे। यह विचार अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने विश्व जल दिवस के अवसर पर कुमारी विद्यावती आनन्द डीएवी महिला कालेज में अटल भूजल योजना व केवीए डीएवी महिला कालेज के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि हमें भूजल बचाने का प्रयास तेज करने होंगे, अन्यथा हमें भविष्य में जल संकट से जूझना पड़ सकता है। ग्रामीण स्तर पर इस दिशा में अटल जल सहेली बेहतरीन भूमिका अदा कर सकती है। आज समय रहते हम सबको इस दिशा में सार्थक व सकारात्मक भूमिका

निभानी होगी और भूजल की एक-एक बूंद की कीमत को समझना होगा। उन्होंने भूजल के प्रति ज्यादा से ज्यादा जागरुकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के तौर पर सीनियर विशेषज्ञ व कृषि विज्ञान केन्द्र के पूर्व प्रधान दिलीप गौसाई ने कहा कि हमें भूजल बचाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रयास करने होंगे। इसके लिए घरेलू स्तर पर भी छोटे-छोटे प्रयास करने होंगे। विशेषकर कृषि क्षेत्र में किसान भाईयों को नई-नई तकनीकों व नए तरीकों को अपनाना होगा। किसान भाई उनन्त बीजों व सूक्ष्म सिंचाई पद्धतियों को अपनाकर भी भूजल बचाने के प्रयास के साथ-साथ अच्छी फसल प्राप्त कर सकते हैं। कृषि क्षेत्र में पानी की कम लागत की फसलों को अपनाकर भी किसान भाई ज्यादा मुनाफा कमा सकते हैं। नेहरू युवा केन्द्र की जिला युवा समन्वयक रेनू सिलग ने युवाओं को अपनी भूमिका निभाने पर बल दिया। युवा सकारात्मक सोच और ऊर्जा के साथ ग्रामीण क्षेत्र में लोगों को अपने परंपरागत जल संसाधन को साफ - सुथरा रखने और वर्षा के पानी का संचयन करने पर भी लोगों को प्रेरित करें। कालेज की प्राचार्या मीनू शर्मा ने स्मृत्ति के तौर पर मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा को ग्रो ग्रीन पौधा भी भेंट किया।

कार्यक्रम में जल बचाव को लेकर हस्ताक्षर अभियान पर भी अतिरिक्त उपायुक्त ने संदेश लिखा। खण्ड करनाल के 41 गांवों से आई अटल जल सहेली व कालेज की छात्राओं ने हस्ताक्षर अभियान में अपने विचारों के साथ-साथ संदेश छोड़ते हुए हस्ताक्षर में काफी उत्सुकता दिखाई। अतिरिक्त उपायुक्त वैशाली शर्मा ने अटल जल सहेली से संवाद भी किया। कार्यक्रम में जल संरक्षण एवं जल संचयन की शपथ भी दिलाई गई। कंचन लता बीडीपीओ, कालेज से ही एनएसएस ईंचार्ज दिप्ती शर्मा, अटल भूजल योजना के आईईसी विशेषज्ञ राजीव कुमार शर्मा, डीआईपीसे आईईसी विशेषज्ञ शोभित अग्रवाल, ट्रैनर पिंकी, प्रवीना, रजनी, मीनाक्षी व कालेज स्टाफ से अनुराधा व ईशा मौजूद रही।

संपादकीय

वैज्ञानिक कालगणना और भारतीय अध्यात्म

भारतीय नव वर्ष का शुभारंभ प्रकृति की नवचेतना के साथ होता है। वृक्ष नए रूप में पल्लवित होते है। प्रकृति सर्वत्र उत्साह का संचार करती है। मां दुर्गा की उपासना से माहौल भक्तिमय हो जाता है। दुनिया की सर्वाधिक प्राचीन व वैज्ञानिक कालगणना का आविष्कार भारत में हुआ था। इसमें समय के न्यूनतम अंश का भी समावेश है। प्रलय के बाद भी यह कालगणना निरन्तर जारी रहेगी। प्रासंगिक रहेगी। इसके नववर्ष में प्रकृति भी नए रूप में परिलक्षित होती है। यह संधिकाल आध्यात्मिक ऊर्जा को प्राप्त करने का अवसर होता है। इसमें पाश्चात्य नववर्ष की तरह देररात का हंगामा नहीं होता। भारतीय कालगणना में परमाणु से लेकर कल्प तक का विचार है। इसलिए यह पूर्णतया वैज्ञानिक है। भारतीय नववर्ष का प्रथम दिन अपने में व्यापक संदेश देने वाला होता है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही पृथ्वी माता का प्रादुर्भाव हुआ। इसी के साथ ब्रह्मा जी ने कालगणना का श्रीगणेश किया। नवरात्रि का प्रथम दिवस मत्स्यावतार, प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक, धर्मराज युधिष्ठिर का राज्य तिलक इसी दिन हुआ था। यह सभी अवसर भारतीय संस्कृति को समृद्ध बनाने वाले है। पृथ्वी के प्रादुर्भाव के एक अरब सत्तानबे करोड़ उनतीस लाख उनचास हजार एक सौ बाइस वर्ष हो चुके हैं। इस अवधि में एक पल का भी अंतर नहीं हुआ है। यह भारतीय वैज्ञानिक कालगणना कि विशेषता है। इसकी बराबरी के विषय में दुनिया की अन्य कालगणना कल्पना भी नहीं कर सकती। ईसा पूर्व और ईसा बाद का प्रचलन तथ्य परक नहीं है। प्राचीन भारत के गुरुकुल अनुसंधान के केंद्र हुआ करते थे। कालगणना में क्रमशः प्रहर, दिन-रात, पक्ष, अयन,संवत्सर, दिव्यवर्ष,मन्वन्तर, युग, कल्प और ब्रह्मा की गणना की जाती है। हमारे ऋषियों ने चक्रीय अवधारणा का सुंदर वर्णन किया है। काल को कल्प और मन्वन्तर युग में विभाजित किया गया है। इसमें चार युग -सतयुग, त्रेता, द्वापर और कलियुग हैं। इनकी चक्रीय व्यवस्था है। अर्थात ये शाश्वत रूप से आते-जाते हैं। इसकी पुनरावृत्ति होती रहती है। इसके अनुरूप इस समय ब्रह्मा की आयु के दूसरे खंड में, श्वेतावाराह कल्प में, वैवस्वत मन्वन्तर में 20वां कलियुग चल रहा है। इस कलियुग की समाप्ति के पश्चात चक्रीय नियम में पुनः सतयुग आएगा। वस्तुतः यह अवधारणा ही प्राकृतिक है। इसमें पिंड व ब्रह्मांड का भी विचार है। अंतर व बाह्य चेतना परम सत्ता से संबंधित है। भारतीय कालगणना आधुनिक खगोल विज्ञान के लिए भी चमत्कार से कम नहीं। यह इसलिए कि इसका आविष्कार उस समय हुआ था जब दुनिया में अन्यत्र मानव सभ्यता नहीं थी। इस काल का आकलन ईसा पूर्व जैसी परिधि में संभव ही नहीं है। यह कालगणना पृथ्वी के प्रादुर्भाव से प्रारंभ होती है। यह शाश्वत है। चारों युग समाप्त होंगे। नए युगों का चक्र प्रारंभ होगा, लेकिन यह कालगणना तब भी इसी गति से चलती रहेगी। इसमें एक पल का भी अंतर नहीं आएगा। इसके लिए प्रकृति की समझना होगा। प्रकृति के निकट जाना पड़ेगा। जीवनशैली में उसी के अनुरूप परिवर्तन करना होगा। कर्म और प्रारब्ध या भाग्य का यह अविनाशी चक्र निरंतर चलता रहता है। अपने विचारों में परिवर्तन कर श्रेष्ठ कर्म करना चाहिए।

गहलोत की चाल से चित्त हुआ विपक्ष

रमेश सर्राफ धमोरा

> नए जिलों के गठन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक समर्थकों के साथ विरोधियों को भी साधा है। जहां कांग्रेस कमजोर है वहां भी नये जिलों की घोषणा की गई है। ब्यावर में लंबे समय भाजपा के शंकर सिंह रावत जीत रहें हैं। भाजपा राज में ब्यावर जिला नहीं बन पाया। गहलोत ने ब्यावर को जिला बना दिया। जिसे आगे चुनाव में कांग्रेस भुनाएगी। पाली, जालोर और सिरोही में भी कांग्रेस बहुत कमजोर है। पाली को संभाग मुख्यालय बनाना और सांचैर को जिला बनाना भी गहलोत का उस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। फलोदी, बालोतरा को भी जिला बनाकर गहलोत ने अपनी छवि को मजबूत किया है। बजट पास होने वाले दिन नए जिलों व नए संभागों की घोषणा से विपक्ष निरुत्तर हो गया है

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को ऐसे ही राजनीति का जादूगर नहीं कहा जाता है। उन्हें जब भी मौका मिलता है अपनी राजनीतिक जादूगरी के बल पर विरोधियों को चारों खाने चित्त कर देते हैं। विरोधी चाहे विपक्षी दलों के हो या उनकी खुद की पार्टी के हो। मौका मिलते ही वह किसी को नहीं बख्शते हैं। पिछले काफी समय से उन्हें अपनी ही पार्टी के अंदर तगड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है। इसके उपरांत भी उन्होंने हार नहीं मानी और एक-एक कर अपने सभी विरोधियों को राजनीतिक हाशिए पर पहुंचा दिया। अगले विधानसभा चुनाव में मात्र आठ महीने का समय बचा है। इसीलिए गहलोत राजनीति के मैदान में खुलकर खेल रहे हैं। पिछले 30 वर्षों से राजस्थान में हर पांच साल बाद सरकार बदलने का मिथक चला आ रहा है। मगर मुख्यमंत्री गहलोत अगले विधानसभा चुनाव में इस मिथक को तोड़ कर फिर से कांग्रेस की सरकार बनाना चाहते हैं। इसीलिए उन्होंने अपना बजट पास करवाते समय राजस्थान में एक साथ 19 नए जिलों व बांसवाड़ा, पाली, सीकर तीन नए संभागों का गठन कर अपने 50 साल के राजनीतिक जीवन का सबसे बड़ा मास्टर स्ट्रोक चल दिया है।

अभी राजस्थान में 33 जिले कार्यरत है। एक नवंबर 1956 को राजस्थान गठन के समय कुल 26 जिले थे। 15 अप्रैल 1982 को भरतपुर से अलग कर धौलपुर प्रदेश का 27 वां जिला बना था। 10 अप्रैल 1991 को एक साथ 3 जिले कोटा से अलग होकर बारां, जयपुर से अलग होकर दौसा व उदयपुर से अलग होकर राजसमंद जिले का गठन हुआ था। 12 जुलाई 1994 को श्री गंगानगर से अलग होकर हनुमानगढ़ राजस्थान का 31वां जिला बना था। 19 जुलाई 1997 को सवाई माधोपुर से अलग होकर करौली को 32 वां जिला बनाया गया था। 26 जनवरी 2008 को उदयपुर, चित्तौड़गढ़, बांसवाड़ा से अलग होकर प्रतापगढ़ 33 वां जिला बना था।

2008 में प्रतापगढ़ के बाद से राज्य में कोई नया जिला नहीं बन पाया। वर्तमान में राजस्थान की आबादी 8 करोड़ से ज्यादा हो चुकी है। पिछले 40 सालों में प्रदेश कि आबादी तो दोगुनी हो गई लेकिन जिले केवल सात ही बढ़े हैं। 1981 तक राजस्थान में 26 जिले थे तब राजस्थान की जनसंख्या करीब 3.6 करोड़ थी। आज के समय में आबादी 8 करोड़ से भी ज्यादा है, लेकिन जिले 33 ही बन पाए। आबादी की तरह जिलों की संख्या नहीं बढ़ी।

राजस्थान में अंतिम जिला 15 वर्ष पूर्व प्रतापगढ़ बना था। उसके बाद से प्रदेश में लगातार नए जिले बनाने की मांग उठती रही थी। मगर राजनीतिक विरोध की संभावना के चलते किसी भी सरकार ने नए जिलों के गठन का जोखिम उठाना राजनीतिक दृष्टि से सही नहीं माना और नये जिलों का गठन टलता रहा। जबकि क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान देश का पहला व आबादी के हिसाब से सातवा सबसे बड़ा प्रदेश है।

जिलों की कमी के चलते प्रदेश में प्रशासनिक कार्यों के लिए लोगों को दूर-दूर भटकना पड़ता है। कई क्षेत्रों में तो जिला मुख्यालय 150 किलोमीटर की दूरी तक स्थित होने से आमजन को बहुत ही परेशानी उठानी पडती है। प्रदेश के आमजन की परेशानियों को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक साथ 19 नये जिलों का गठन कर प्रदेश की जनता को एक बहुत बड़ी सौगात दी है। इसका लाभ कांग्रेस को आने वाले विधानसभा चुनाव में भी मिलना तय माना जा रहा है। देश में एक साथ सबसे अधिक जिलों के गठन का रिकॉर्ड भी मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नाम हो गया है। अब तक किसी भी प्रदेश में एक साथ 19 जिलों का गठन नहीं हुआ है।

प्रदेश में बनाये गए नए जिलों में जयपुर जिले को तोड़कर जयपुर उत्तर, जयपुर दक्षिण, दूदू और कोटपूतली जिला बनाया गया है। जोधपुर को तोड़कर जोधपुर पूर्व, जोधपुर पश्चिम और फलोदी में बांटा गया है। श्रीगंगानगर से अनूपगढ़, बाड़मेर से बालोतरा, अजमेर से ब्यावर और केकड़ी, भरतपुर से डीग, नागौर से डीडवाना-कुचामनसिटी, सवाईमाधोपुर से गंगापुर सिटी, अलवर से खैरथल, सीकर से नीम का थाना, उदयपुर से सलूंबर, जालोर से सांचोर और भीलवाड़ा से शाहपुरा को काटकर नया जिला बनाया गया है। वहीं उदयपुर को काटकर बांसवाड़ा, जोधपुर को काटकर पाली व जयपुर को काटकर सीकर नए संभाग बनाए गए हैं। इन संभाग मुख्यालयों के तहत कौन-कौन से जिले काम करेंगे यह अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। नये संभागों के गठन में भी क्षेत्रीय संतुलन साधा गया है। शेखावाटी क्षेत्र से सीकर, मारवाड़ क्षेत्र से पाली और आदीवासी बहुल मेवाड़ क्षेत्र से बांसवाड़ा को नया संभाग बनाया गया है।

नए जिलों के गठन में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने राजनीतिक समर्थकों के साथ विरोधियों को भी साधा है। जहां कांग्रेस कमजोर है वहां भी नये जिलों की घोषणा की गई है। ब्यावर में लंबे समय भाजपा के शंकर सिंह रावत जीत रहें हैं। भाजपा राज में ब्यावर जिला नहीं बन पाया। गहलोत ने ब्यावर को जिला बना दिया। जिसे आगे चुनाव में कांग्रेस भुनाएगी। पाली, जालोर और सिरोही में भी कांग्रेस बहुत कमजोर है। पाली को संभाग मुख्यालय बनाना और सांचैर को जिला बनाना भी गहलोत का उस क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की रणनीति का हिस्सा है। फलोदी, बालोतरा को भी जिला बनाकर गहलोत ने अपनी छवि को मजबूत किया है। बजट पास होने वाले दिन नए जिलों व नए संभागों की घोषणा से विपक्ष निरुत्तर हो गया है। विपक्ष के पास अभी इसकी कोई काट नहीं है।

मुख्यमंत्री गहलोत ने महिलाओं-छात्राओं को आनेवाले रक्षाबंधन पर 40 लाख स्मार्ट फोन देने की बड़ी घोषणा की है। गहलोत ने बजट के दिन उज्वला से जुड़ी महिलाओं को 500 रुपए में सिलेंडर देने की घोषणा की थी। यह प्रदेश की महिला मतदाताओं को साधने की रणनीति है। महिलाओं को फोकस करते हुए गहलोत ने बजट में राजस्थान रोडवेज की साधरण श्रेणी की बसों में राजस्थान सीमा के भीतर महिलाओं का बस किराया आधा कर दिया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हमेशा नई लीक खींचकर लक्ष्य हासिल करने में विश्वास रखते हैं। इसी को मध्य नजर रखते हुए इस बार का आम बजट पूरी तरह प्रदेश के आमजन की जन आकांक्षाओं को पूरा करने की दृष्टि से बनाया गया है। इसमें आम लोगों को बड़ी राहत दी गई है। चुनावी साल में सभी सरकारें लोक लुभावन बजट पेश करती हैं। इस बार बचत, राहत और बढ़त की थीम के साथ गहलोत द्वारा पेश बजट ने विपक्ष का मुंह बंद कर दिया है।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट की चर्चा पर जवाब देते हुए कांग्रेस आलाकमान को भी संदेश दे दिया है कि आज भी उनमें सबको साथ लेकर चलने की क्षमता बरकरार है। राजस्थान कांग्रेस में वही एकमात्र ऐसे नेता है जो विरोधियों को पटकनी दे सकते हैं। विरोधी दल कितना भी हल्ला मचाए प्रदेश में सत्ता विरोधी लहर को रोकने की ताकत उनमें ही है। हर बार सत्ता बदलने का मिथक भी वह इस बार तोड़ देंगे।

इन्हीं सब बातों को देखते हुए अब लगने लगा है कि अगले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस आलाकमान उन्हें पूरी तरह फ्री हैंड देखकर राजस्थान में फिर से कांग्रेस की सरकार बनाने की जिम्मेदारी सौंप सकता है।

अशोक गहलोत ने अपने जादुई पिटारे से सभी लोग लुभावनी घोषणाये तो कर दी है। अब देखना है चुनाव तक उन पर कितना अमल हो पाता है। यदि अशोक गहलोत अपने मिशन में कामयाब होते हैं तो उन्हें चौथी बार मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक पायेगा।

कविता

क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं

क्यों गुलाबों की तरह महकते नहीं।
क्यूं तुम बहारों के साथ चहकते नहीं। ।

दफ्न हो रही है तमन्ना ए मोहब्बत,
क्यू फूलों की शोहबत में रहते नहीं।

मर जायेगा आशिक तनहा होकर,
क्यूँ उसके खतो का जवाब देते नहीं।

फीकी पड़ गई है आशनाई ऐ मोहब्बत,
तस्सवुर में न जाने क्यूँ खुशबु बिखेरते नहीं।

तमन्नाओं की मंजिल तो तू है मेरी,
क्यों तसव्वुर में अपने लेते नहीं।

मोहब्बत में उलझन पैदा करेगा जमाना,
मेरे साथ क्यों रिश्ते तोड़ जाते नहीं।

आये हो, दो पल सुकूँ के गुजार लो,
फिर मिलने का वादा आप करते नहीं।

संजीव ठाकुर

संस्कारिक एकता के मूल आधार है

डॉ सत्यवान सौरभ

हिंदुस्तान त्योहारों का देश है। त्योहार हमको सामाजिक और संस्कारिक रूप से जोड़ने का काम करते हैं। हमारी सांस्कृतिक और संस्कारिक एकता ही भारत की अखंडता का मूल आधार है। ह्यह्यव्रत -त्यौहारों के दिन हम देवताओं का स्मरण करते हैं, व्रत, दान तथा कथा श्रवण करते हैं, जिससे व्यक्तिगत उन्नति के साथ सामाजिक समरसता का संदेश भी समाज में पहुंचता है। इसमें ही भारतीय संस्कृति के बीज छिपे हैं। हमारे सामाजिक जीवन में कुछ ऐसे दिन आते हैं जिनसे मात्र एक व्यक्ति, या परिवार ही नहीं वरन् पूरा समाज आनंदित और उल्लासित होता है। भारत को यदि पर्व-त्योहारों का देश कहा जाए तो उचित होगा। यहां भोजपुरी भाषा में एक कहावत है- सात वार नौ त्यौहार। कृषि प्रधान होने के कारण प्रत्येक ऋतु - परिवर्तन हंसी - खुशी मनोरंजन के साथ अपना - अपना उपयोग रखता है। इन्हीं अवसरों पर त्योहार का समावेश किया गया है , जो उचित है। प्रथम श्रेणी में वे व्रतोत्सव , पर्व - त्योहार और मेले है, जो सांस्कृतिक हैं और जिनका उद्देश्य भारतीय संस्कृति के मूल तत्वों और विचारों की रक्षा करना है। इस वर्ग में हिन्दूओं के सभी बड़े - बड़े पर्व - त्योहार आ जाते है , जैसे - होलिका - उत्सव , दीपावली , बसन्त , श्रावणी , संक्रान्ति आदि। संस्कृति की रक्षा इनकी आत्मा है। दूसरी श्रेणी में वे पर्व - त्योहार आते है , हिन्हें किसी महापुरूष की पुण्य स्मृति में बनाया गया है। जिस महापुरूष की स्मृति के ये सूचक है , उसके गुणों , लीलाओं , पावन चरित्र , महानताओं को स्मरण रखने के लिए इनका विधान है। इस श्रेणी में रामनवमी , कृष्णाष्टमी , भीष्म - पंचमी , हनुमान - जयंती , नाग - पंचमी आदि त्योहार रखे जा सकते हैं।

यानि यहां हर दिन में एक त्यौहार अवश्य पड़ता है। अनेकता में एकता की मिसाल इसी त्यौहार पर्व के अवसर पर देखी जाती है। रोजमर्रा की भागती-दौड़ती, उलझनों से भरी हुई ऊर्जा प्रधान हो चुकी, वीरान सी बनती जा रही जिंदगी में ये त्यौहार ही व्यक्ति के लिए सुख, आनंद, हर्ष एवं उल्लास के साथ ताजगी भरे पल लाते हैं। यह मात्र हिंदू धर्म में ही नहीं वरन् विभिन्न धर्मों, संप्रदायों पर लागू होता है। वस्तुतः ये पर्व विभिन्न जन समुदायों की सामाजिक मान्यताओं, परंपराओं और पूर्व संस्कारों पर आधारित होते हैं। सभी त्यौहारों की अपनी परंपराएं, रीति -रिवाज होते हैं। ये त्यौहार मानव जीवन में करुणा, दया, सरलता, आतिथ्य सत्कार, पारस्परिक प्रेम, सद्भावना, परोपकार जैसे नैतिक गुणों का विकास कर मनुष्य को चारित्रिक एवं भावनात्मक बल प्रदान करते हैं। भारतीय संस्कृति के गौरव एवं पहचान ये पर्व, त्यौहार सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण हैं। सामाजिक त्योहार और अंतर-विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास और पारस्परिक कौशल के निर्माण में सहायता करने के लिए अद्भुत अवसर प्रदान करते हैं।

विचार

जब देश में थी दीवाली....!

सुनील कुमार महला

23 मार्च का दिन शहीदों को याद करने का दिन है, इस दिन को याद कर हर किसी की आंखें एकबारगी नम हो जाती हैं लेकिन दिल हमेशा इन शहीदों पर फक्र करता है और करता रहेगा। तेईस मार्च का दिन वह दिन है, जिस पर हर किसी की जुबां पर जगदंबा प्रसाद मिश्र 'हितैषी' की कविता 'शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेले' की याद लाजिमी है। कविता की पंक्तियों को ज?ा आप भी देखिए और महसूस कीजिए-'उरूजे कामयाबी पर कभी हिंदोस्ताँ होगा ।रिहा सैयाद के हाथों से अपना आशियाँ होगा। ।चखाएँगे मजा बबार्दी-ए-गुलशन का गुलचीं को ।बहार आ जाएगी उस दम जब अपना बागबाँ होगा ।ये आए दिन की छेड़ अच्छी नहीं ऐ खंजर-ए-कातिल ।पता कब फैसला उनके हमारे दरमियाँ होगा ।।जुदा मत हो मेरे पहलू से ऐ दर्दे वतन हरगिज ।न जाने बाद मुर्दन मैं कहाँ औ तू कहाँ होगा ।।वतन के आबरू का पास देखें कौन करता है ।सुना है आज मकतल में हमारा इम्तहाँ होगा ।।शहीदों की चिताओं पर जुड़ेंगे हर बरस मेले ।वतन पर मरनेवालों का यही बाकी निशाँ होगा। ।कभी वह दिन भी आएगा जब अपना राज देखेंगे ।जब अपनी ही जमीं होगी और अपना आसमाँ होगा ।।'जगदंबा प्रसाद मिश्र जी ने उक्त पंक्तियां वर्ष 1916 में लिखी थी, पर समय भी देश के वीर सपूतों, आजादी के मतवालों,दीवानों को लेकर व्यक्त की गई इन भावनाओं को आज तक भी धुंधला नहीं पाया है और ये हमारे मानस पटल पर आज तक अंकित हैं ।भारतीय इतिहास में 23 मार्च का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण व बड़ा दिन है। क्यों कि तेईस मार्च को प्रत्येक वर्ष शहीद दिवस के रूप में मनाया जाता है। वैसे तीस जनवरी को भी हम शहीद दिवस के रूप में मनाते हैं। 30 जनवरी को नाथूराम गोडसे नामक व्यक्ति ने भारत के राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की गोली मारकर हत्या कर दी थी, जबकि 23 मार्च 1931 को भारत के सपूतों और महान क्रांतिकारियों शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु ने हंसते हंसते फांसी की सजा को अपने गले लगा लिया था। भारतीय इतिहास में ये दोनों ही दिवस अपने आप में बहुत महत्वपूर्ण इसलिए हैं क्योंकि इन दोनों दिवसों पर भारत की आन-बान और शान, भारत के गौरव, इसके कल्याण और इसकी आजादी के लिए लड़ते हुए हमारे देश के वीर सपूतों, महापुरुषों ने अपने प्राणों की आहूति तक दे दी थी। आज की युवा पीढ़ी को शायद यह जानकारी नहीं होगी कि इनको तय दिन और समय से 11 घंटे पहले ही अंग्रेजों द्वारा फांसी पर चढ़ा दिया गया था। भगतसिंह आजादी के कितने बड़े दीवाने थे इस बात का पता मात्र इस बात से लगाया जा सकता है कि उन्होंने अपने माता-पिता से कहा था कि ह्लअगर गुलाम भारत में मेरी शादी होगी तो मेरी दुल्हन मौत होगी'ह्व इसके बाद वह ह्लहिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशनह्व में शामिल हो गए थे। भगतसिंह ने जेल में रहते हुए 116 दिनों तक उपवास किया था और आश्चर्य की बात है कि इस दौरान उन्होंने अपने दैनिक जीवन के सभी कार्य पढ़ना-लिखना, गायन इत्यादि को जारी रखा। भगतसिंह हंसते हंसते हुए फांसी के फंदे पर झूल गए थे। कहते हैं कि जब भगतसिंह की मां जेल में उनसे मिलने आई थी तो भगत सिंह जोरों से हँस पड़े थे' यह देखकर जेल के अधिकारी भौचक्के रह गए थे कि यह कैसा व्यक्ति है जो मौत के इतने करीब होने के बावजूद खुले दिल से हँस रहा है। जानकारी मिलती है कि फांसी पर जाने से पहले तक भी वे लेनिन की जीवनी पढ़ रहे थे ।वास्तव में, भगतसिंह का फांसी पर निडरता के साथ हंसते हुए झूलना ब्रिटिश साम्राज्यवाद को नीचा दिखाना था। एक जगह पर भगतसिंह लिखते हैं-'मेरे जज्बातों से इस कदर वाकिफ हैं मेरी कलम ।मैं इश्क भी लिखना चाहूँ तो भी, इंकलाब लिख जाता हैं।।' भगतसिंह ने अपने अति संक्षिप्त जीवन(28 सितंबर 1907- 23 मार्च 1931) में वैचारिक क्रांति की जो मशाल जलाई थी, उनके बाद अब किसी के लिए संभव न होगी। असेंबली में बम फेंकने के बाद उन्होंने पर्चों में यह लिखा था कि-"आदमी को मारा जा सकता है उसके विचार को नहीं। बड़े साम्राज्यों का पतन हो जाता है लेकिन विचार हमेशा जीवित रहते हैं और बहरे हो चुके लोगों को सुनाने के लिए ऊंची आवाज जरूरी है।' वास्तव में असेंबली में बम फेंकने के पीछे उनका उद्देश्य किसी प्रकार का खून-खराबा करना नहीं अपितु अंग्रेजी शासन तक अपनी आवाज को पहुंचाना था।

जानकारी देना चाहूंगा कि भगतसिंह तथा बटुकेश्वर दत्त ने 8 अप्रैल 1929 को केंद्रीय असेम्बली में एक खाली स्थान पर बम फेंका था। इसके बाद उन्होंने स्वयं गिरफ्तारी देकर अपना संदेश दुनिया के सामने रखा था। उनकी गिरफ्तारी के बाद उन पर एक ब्रिटिश पुलिस अधिकारी जेपी साण्डर्स की हत्या में भी शामिल होने के कारण देशद्रोह और हत्या का मुकदमा चलाया गया था ।जानकारी देना चाहूंगा कि सुखदेव ने ही भगत सिंह को असेम्बली हॉल में बम फेंकने के लिए राजी किया था। सुखदेव द्वारा भगत सिंह को कायर एवं डरपोक कहने के बाद भगतसिंह ने खुद असेम्बली हॉल में बम फेंकने का निर्णय लिया था।

एक्शन इंडिया दैनिक

भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, 261 ग्लबोल स्पेसिज, पार्ट-2, सेक्टर-33, करनाल, हरियाणा ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।

स्थानीय संपादक: राजकुमार शर्मा (प्रिन्स)
समूह संपादक : रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindiaharyana@gmail.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

चिंतन

डिजिटल इंडिया के बुनियादी ढांचे को हर गांव तक पहुंचाने की जरूरत

विजय गर्ग

डिजिटल इंडिया के बुनियादी ढांचे को हर गांव तक पहुंचाने की जरूरत है विजय गर्ग कृषि स्टार्टअप से लेकर मोटे अनाज पर जोर, बजट में कई संदर्भ बिंदु थे, ग्रामीण डिजिटलीकरण भी बजट में एक संदर्भ है। जो उत्पाद, उद्यम और बाजार को बढ़ावा दे सकता है। गौरतलब है कि डिजिटल इंडिया का विस्तार और प्रचार-प्रसार केवल शहरी डिजिटाइजेशन तक ही सीमित रहने से नहीं चलेगा, बल्कि इसके लिए मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ हर गांव तक पहुंचना होगा। गौरतलब है कि भारत में साढ़े छह लाख गांव और ढाई लाख ग्राम पंचायतें हैंआंकड़े बताते हैं कि 3 साल पहले लगभग आधी ग्राम पंचायतें हाई स्पीड नेटवर्क से जुड़ी थीं। चूंकि भारत की अधिकांश ग्रामीण आबादी कृषि गतिविधियों में शामिल है, इसलिए रोजगार और उद्यमिता के एक बड़े क्षेत्र को यहां कृषि में एक समावेशी दृष्टिकोण से परखा और परखा जा सकता है। गांव में डिजिटल उद्यमी भी तैयार हो रहे हैं। यह बयान प्रधानमंत्री ने 15 अगस्त, 2021 को लाल किले की प्राचीर से दिया था। दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एक फरवरी को पेश बजट में किसानों को एक अंक दिया गयाप्रशिक्षण देना अति आवश्यक है। गांव की 8 करोड़ से अधिक महिलाएं जो उत्पादक पैमाने पर स्वयं सहायता समूहों में उत्पादन में लगी हैं और देश-विदेश में बाजार ढूंढती हैं, इसलिए सरकार एक ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म बनाएगी, संदर्भ भी इसी का हिस्सा है। समान सामग्री। उल्लेखनीय है कि दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डीवाई-एनआरएलएम) के तहत 30 जून 2021 तक देशभर में करीब 70 लाख महिला स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। जिसमें 8 करोड़ से ज्यादा महिलाएं शामिल हैं। इंटरनेट और मोबाइलएसोसिएशन के एक सर्वे पर आधारित रिपोर्ट बताती है कि 2020 में गांव में इंटरनेट यूजर्स की संख्या 30 करोड़ तक पहुंच गई थी. औसतन हर तीसरे ग्रामीण की इंटरनेट तक पहुंच है। खास बात यह भी है कि इसका इस्तेमाल करने वालों में 42 फीसदी महिलाएं हैं।

मौत की ताजा खबर

डॉ. सुरेश कुमार

अरी सुनती हो! पिछले कितने दिनों से खुशखबरी सुनने की प्रतीक्षा कर रहा था।। इस खबर को सुनने के लिए कान तरस गए थे। ऐसे दृश्य देखने के लिए आँखें पक गयी थीं। अब देखो न पिछले कितने दिनों से किसी की मौत नहीं हुई। हम खाली पड़े-पड़े मक्खी मार रहे थे। अच्छा हुआ उस लड़की ने खुद को आग लगा ली। ऐसी खुशखबरी बार-बार थोड़ी न मिलती है। जबसे उस लड़की ने आग लगा ली है तभी से खुशी के मारे मेरा शरीर फड़फड़ा रहा है। मैं तो इसी दिन के लिए भगवान से प्रार्थना कर रहा था कि किसी के जान माल को नुकसान हो तो हमारा धंधा जोर पकड़े। मैं तो ऊपर वाले केवल इतनी प्रार्थना करता हूँ कि जल्दी से जल्दी उस लड़की की मौत हो जाएगी तो मैं चढ़ावा चढ़ाऊंगा। मरेगी भी क्यों नहीं? अस्सी प्रतिशत बदन जल चुका है। अब उसका मरना तय है और हमारा भाग्योदय होना निश्चित है।ह्व (नेता जी कुछ सोचते रहते हैं कि तभी फोन पर मैसेज आता है) अरी वाह! वाह! मेरी मुराद पूरी हुई। वह लड़की मर गई। जल्दी करो नाश्ता तैयार हुआ कि नहीं। मुझे सबसे पहले वहाँ पहुँचना होगा। पता चला कि मुझसे पहले कोई और पहुँच गया तो किए धराए पर पानी फिर जाएगा। अरे! आप इतनी हड़बड़ाहट क्यों करते हैं? दो मिनट में तैयार हो जाएगा। ज्यादा उछल-कूद मत कीजिए। इत्मिनान से बैठिए और खाकर जाइए। यह दुनिया की पहली लड़की थोड़ी न है जो जलकर मरी है। और भी मरेंगी। जब तक गरीबी, महंगाई, लाचारी, भ्रष्टाचार जैसे वायरस फैले हुए है आए दिन मौत के ऐसे अनगिनत हुजूम लगते रहेंगे। किंतु आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। पिछली बार आईटी की रेड क्या पड़ी आपका शुगर लेवल अप-डाऊन हो गया। आपके सिवाय दुनिया में हमारा कौन है? मुन्ना अभी छोटा है। वह राजनीति के दांवपेंच नहीं जानता। मैं ठहरी घर-गृहस्थी करने वाली। मुझमें अभी किसी का खाया भैंस का चारा पचान की क्षमता नहीं आई। इसीलिए आपसे कहती हूँ कि अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखिए। जान है तो जहान है। पत्नी आँखों में आँसू लाते हुए बोली।

इनडोर स्टेडियम बनाने को मिली मंजूरी

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत

पानीपत शहर को विधायक प्रमोद विज के प्रयासों से मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 40 करोड़ की लागत से बनने जा रहे ,इनडोर स्टेडियम को बनाने की मंजूरी दे दी है। पानीपत शहर में युवाओ के लिए इनडोर खेल स्टेडियम बनाना विधायक प्रमोद विज का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं एवं उनकी कार्ययोजना में मुख्यरूप से शामिल हैं स्टेडियम बनाने के लिए एवं इसकी राशि की मंजूरी के लिए विधायक ने मुख्यमंत्री से माँग की थी। मुख्यमंत्री ने शहरी निकाय विभाग को योजना को हस्तांतरित करके अपनी मंजूरी प्रदान कर दी है` स्टेडियम का निर्माण दिव्य नगर योजना की राशि से कराया जायेगा` पानीपत शहर मे इनडोर स्टेडियम बनाने की मंजूरी देने के लिए विधायक प्रमोद विज ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा की पानीपत शहर में इनडोर स्टेडियम बनाना मेरा सपना है`मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में प्रदेश चहुमुखी विकास की ओर अग्रसर है`इस क्रम में पानीपत में खेल ,शिक्षा ,स्वास्थ्य के साथ झ साथ पानीपत का चहुमुखी विकास हो रहा है।मै मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी एवं स्थानीय निकाय मंत्री डॉ. कमल गुप्ता जी का आभार व्यक्त करता हू` शीघ्र ही लगभग 40 करोड़ की लागत से शहर की सनौली रोड पर स्थित पुरानी सब्जी मंडी के पास इनडोर स्टेडियम बनाने का कार्य प्रारंभ किया जायेगा शहर में इनडोर स्टेडियम बनाया जायेगा इस बात से खेल जगत के लोगो में भी खुशी का माहौल है` पानीपत डिस्ट्रिक्ट बैडमिंटन एसोसिएशन के सदस्य सतीश महाजन ने खुशी जाहिर करते हुए कहा की पूर्व में किसी भी सरकार ने पानीपत के लिए इस कार्य के बारे में नही सोचा इस स्टेडियम के बन जाने के बाद शहर के युवाओ को खेल का नया स्थान मिलेगा

और खेल जगत में पानीपत के बच्चो को भी स्थान प्राप्त होगा` कोच महिपाल का कहना है स्टेडियम के बनने से बच्चो को प्रैक्टिस का नया स्थान मिलेगा । मै विधायक प्रमोद विज का आभार व्यक्त करता हू` वही बॉक्सिंग कोच सुनील का कहना है कि पानीपत में अभी तक बॉक्सिंग की प्रैक्टिस करने के लिए कोई उपयुक्त सरकारी स्थान नहीं था, शहर के हजारो बच्चों को असुविधा होती थी एवं बॉक्सिंग सीखने

8 पानीपत शहर में युवाओ के लिए इनडोर खेल स्टेडियम बनाना विधायक प्रमोद विज का ड्रीम प्रोजेक्ट हैं

के लिए बाहर जाना पड़ता था नए इंडोर स्टेडियम के बनने के बाद बच्चों को बहुत सुविधा होगी मैं विधायक प्रमोद विज का बच्चों की तरफ से आभारी हूं एवं उनका धन्यवाद करता हू क

खेले जा सकेंगे 5 तरह के खेल :- इंडोर स्टेडियम में बैडमिन्टन ,टेबल टेनिस ,बॉक्सिंग और व्रेस्लिंग कोर्ट के साथ झसाथ बास्केटबॉल कोर्ट भी बनाया जाएगा।

यह होंगी सुविधाए :- स्टेडियम 3 फ्लोर का होगा एवं 6900 स्क्वायर मीटर में बनाया जायेगा` इंडोर स्टेडियम के अंदर लड़कियों और लड़को के लिए टॉयलेट बनाए जाएँगे साथ में वी आई पी रूम और लाउन्ज की भी सुविधा होगी` खिलाड़ियों के प्राथमिक उपचार के लिए फर्स्ट एड रूम विशेष रूप से बनाया जाएगा एवं खेल दर्शको के बैठने के लिए भी स्थान की व्यवस्था होगी जिससे दर्शक खेल का आनंद ले सके` और बाहर से आने वाले महिला और पुरुषो के लिए तीनो फ्लोर में शौचालय की अलग सुविधा होगी एवं कार और बाइक पार्किंग हेतु भी स्थान बनाया जाएगा` खिलाड़ियों के लिए चेंजिंग रूम की भी सुविधा होगी एवं तीनो फ्लोर की कनेक्टिविटी के लिए सीढ़िया तो बनाई ही जाएँगी साथ में लिफ्ट भी समय की बचत करने के लिए स्टेडियम में लगाई जाएँगी`खान झपान की सुविधा के लिए कैन्टीन और शारीरिक व्यायाम के लिए आधुनिक जीम के साथ कोचस के लिए 3 रूम और रखरखाव करने वाले विभाग के लिए भी रूम बनाया जाएगा।

नव संवत पर्व के मौके पर आयोजित हुए अनेकों कार्यक्रम

टीम एक्शन इंडिया/संजय शर्मा

नारनौल। **नव** संवत पर्व 2080 के आगमन पर जिला मुख्यालय साहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने से जुड़े आयोजन किए गए। श्री गौड़ सभा भवन नारनौल के प्रांगण में सुबह हवन का आयोजन किया गया। इस मौके पर सभा के प्रधान एडवोकेट राकेश महता साहित अधिकांश पदाधिकारी तथा सदस्य मौजूद रहे। वहीं कस्बा नांगल चौधरी में विक्रम संवत 2080 की शुरूआत के मौके पर भव्य पैदल यात्रा निकलते हुए हिंदू संस्कृति के प्रचार प्रसार का संदेश दिया । यह यात्रा कस्बा के चारों तरफ से एक साथ शुरू की है। इस आयोजन में विभिन्न निजी स्कूलों के बच्चें, अभिभावक और अनेकों हिंदू संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता शामिल हुए। पैदल मार्च के साथ ही अनेकों सुंदर झांकियां भी लोगों के आकर्षण का केंद्र रही। इस आयोजन की तैयारियां कुछ दिन

पहले ही की गई थी । वैसे पूर्व में भी नव संवत के मौके पर इस तर्ज.पर पैदल यात्रा निकलते हुए हिंदू संस्कृति को बढ़ावा देने से जुड़ा संदेश दिया जाता रहा है , लेकिन इस बार नव संवत पर भगवा मार्च को अधिक रोचक बनाने पर विशेष बल दिया गया था। आयोजकों की माने तो आज नव संवत पर्व के अवसर पर सैकड़ों लोगों ओर स्कूली बच्चों ने भाग लिया। वहीं विभिन्न निजी स्कूलों के बच्चों द्वारा निकाली गई झाकियां ग्रामीण क्षेत्र का प्रमुख आकर्षण रही।

तिरंगा सम्मान संकल्प टीम ने 254 बदहाल तिरंगों को नोडल अधिकारी के पास किया जमा

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

माँ भारती रक्तवाहिनी की मुहिम तिरँगा सम्मान संकल्प के तहत टीम ने आज नगर निगम नोडल अधिकारी साहब सिंह को 254 खंडित तिरँगे सम्मान पूर्वक जमा करवाये है । टीम ने 15 जून 2022 से अब तक कई जिलों से कुल 2889 खंडित तिरँगे जमा करवाये है । तिरँगा सम्मान संकल्प मुहिम के अध्यक्ष प्रेम गौतम ने आमजन को जागरूक करने के लिए देश के हर जिले को इस मुहिम से जुड़ने की अपील की है। अब तक रोहतक से सुंदर जेटली, बहादुरगढ से राहुल भारद्वाज , सोनीपत से राजेश कस्यप व नवींन शर्मा कुरूक्षेत्र से अमित खत्री, दिल्ली से कमांडो आशीष दहिया व फरीदकोट पंजाब से सुनील की अध्यक्षता

में तिरँगा सम्मान संकल्प के तहत हजारो जगहों से खंडित तिरंगों को उतारा गया है। तिरँगा देश की शान का प्रतीक है लेकिन समाज मे तिरंगा लगाने के नियमो का पता ही नही है।

पानी बचाने के लिए धरातल पर जन आंदोलन की आवश्यकता

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

पानी बचाओ जन चेतना अभियान समिति, सोनीपत एवं सारथी जन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट रजि, सोनीपत के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 22 मार्च 2023 को विश्व जल दिवस के थीम पर त्वरित परिवर्तनः जीवन मे पानी के उपभोग, उपयोग और प्रबंधन के तरीकों में तेजी से परिवर्तन लाने की आवश्यकता है विषय पर सेमिनार एवं जल योद्धा सम्मान समारोह का आयोजन राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत के मल्टीपर्पज हाल में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विचारक, शिक्षाविध धरातल टॉक्स की

संस्थापक एवं फिल्म अभिनेता नानपटेकर द्वारा संचालित नाम फाउंडेशन पुणे की ट्रस्टी डॉ क्षिप्रा माथुर मौजूद रही व कार्यक्रम की अध्यक्षता सुभाष वशिष्ठ ने की। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ वाटर एजुकेशन एंड रिसर्च के डायरेक्टर सी ए संजय गुप्ता, गुरु जल गुरुग्राम की प्रोग्राम मैनेजर बलप्रीत कौर व अनिल सहरावत प्रिंसिपल राजकीय बहुतकनीकी संस्थान सोनीपत मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ क्षिप्रा माथुर ने कहा कि पानी बचाने के लिए धरातल पर जन आंदोलन की आवश्यकता है।22 मार्च को विश्व जल दिवस हर साल विश्व भर में सभी देशों में जल के संरक्षण ,उपयोगिता ,महत्त्व को समझने के लिए और बढ़ते जल संकट की और सबका ध्यान आकर्षित करने के लिए विश्व जल दिवस को मनाया जाता है।

अहलावत ने कहा कि हम सब अपने गाँव, जिले, प्रदेश एवं देश व समुदाय में अपने जीवन में पानी के उपयोग, उपभोग और प्रबंधन के तरीके को बदलकर बदलाव ला सकते हैं। गुरु जल गुरुग्राम की प्रोग्राम मैनेजर बलप्रीत कौर ने कहा पानी कितना कीमती है और हम इस महत्वपूर्ण संसाधन की सुरक्षा कैसे कर सकते हैं, ताकि आगे आने वाली पीढ़ियों को भी साफ पानी मिल सके।

न्यूज फ्लैश

ओला वृष्टि से खराब हुई फसल का 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा दे सरकार: सोनू

पानीपत: भारतीय किसान यूनियन की बैठक बुधवार को भाकियू के जिला अध्यक्ष सोनू मालपुरिया की अध्यक्षता में किसान भवन में हुई। वहीं बैठक में हाल ही में हुई बारिश व ओला वृष्टि से गेहूं व सरसो की फसल को हुए नुकसान को लेकर विचार विमर्श किया गया। सोनू मालपुरिया ने कहा कि बारिश व ओला वृष्टि से जिला के अनेकों गांवों में गेहूं की फसल को भारी नुकसान हुआ है और सरसो की खेत में खड़ी हुई फसल को भी नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जल्द खराब हुई फसल की विशेष गिरदावरी करवाई जाये और जिन किसानों की फसल को नुकसान हुआ है, उनको सरकार की तरफ से 50 हजार रूपए प्रति एकड़ मुआवजा दिया जाये। इस मौके पर प्रताप माजरा, कामरेड भीम सिंह, कृष्ण अटावला, बलवान डाहर, जय सिंह सींक, मा. ईश्वर सिंह, राम सरूप व हरि सिंह आदि मौजूद रहे।

बारिश से खराब हुई फसल का डीसी ने स्वयं किया निरीक्षण: बारिश के कारण जिला के किसानों की खराब हुई फसल का डीसी सुशील सारवान ने बुधवार को स्वयं खेतों में जाकर निरीक्षण किया। उन्होंने गांजबड़, बडौली सहित अन्य विभिन्न गांवों के खेतों में जाकर खराब हुई फसल को देखा और संबंधित अधिकारियों तथा कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। वहीं डीसी ने सभी तहसीलदारों, कानूनगों, पटवारियों को निर्देश दिए कि वे जल्द खराब हुई फसल का निरीक्षण कर रिपोर्ट भेंजे ताकि किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा दिया जा सके। निरीक्षण के दौरान डीसी के साथ तहसीलदार प्यारेलाल रंगा, सदर कानूनगो सुरेंद्र सिंह, कानूनगो बिजेंद्र शर्मा सहित संबंधित क्षेत्र के पटवारी मौजूद रहे।

स्वामी दयानंद एवं श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए करे विश्व कल्याण के कार्य: रणदीप

पानीपत: **पानीपत** के आर्य बाल भारती स्कूल में विश्व जल दिवस एवं आर्य समाज का 148वां स्थापना दिवस पूरी श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय की प्राचार्या रेखा शर्मा ने की। जबकि समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान आर्य रणदीप सिंह कादियान रहे और विशिष्ट अतिथि प्रबंधक राजेंद्र सिंह जागलान रहे। सम्मानित अतिथि कोषाध्यक्ष आर्य मेहताब मलिक रहे। विद्यालय के उप प्राचार्य और वैदिक धर्म के प्रवक्ता आचार्य राजकुमार शर्मा ने आर्य समाज स्थापना दिवस के बारे में जानकारी दी। समारोह में आर्य रणदीप कादियान प्रधान ने कहा कि छुआछूत, अंधविश्वास, अज्ञानता और अशिक्षा के अंधकार को मिटाने के लिए स्वामी दयानंद ने आज से 148 वर्ष पहले आर्य समाज की स्थापना की। हमें स्वामी दयानंद और स्वामी श्रद्धानंद के बताए मार्ग पर चलते हुए विश्व कल्याण के लिए कार्य करना चाहिए। प्रबंधक आर्य राजेंद्र जागलान ने कहा कि यदि समय रहते प्राकृतिक जल संसाधनों का संरक्षण नहीं किया गया तो विश्व में जल युद्ध होने की पूरी संभावना है।

कोषाध्यक्ष आर्य मेहताब मलिक ने कहा कि यदि विश्व मानव मीठे जल को बचाना चाहता है तो उसे प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। वहीं प्रबंधक समिति द्वारा वेद प्रचार में विशेष सहयोग देने वाले अध्यापकों एवं अध्यापिकाओं को सत्यार्थ प्रकाश देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ज्योति दहिया, पूनम नरवाल, दर्शना शर्मा, पुष्पा शर्मा, पूनम गुप्ता, सीमा मलिक, सीमा घनघस, कीर्ति, किरण मलिक, कपिल, रितु वधवा, कविता कुंडू, विम्मी मल्होत्रा, रेखा, प्रवीण आर्य व तरुण आदि मौजूद रहे।

एक्सॉन मोबिल की अगली पीढ़ी का मोबिल 1 इंजन ऑयल चैंपियनशिप जीतने वाला प्रदर्शन करता है

टीम एक्शन इंडिया/गुरुग्राम

राष्ट्रीय-एक्सॉन मोबिल ने अपने श्रेष्ठतम पूर्ण रूप सेसिंथेटिक इंजन ऑयल, मोबिल 1ट्ट ट्रिपल एक्शन पावर+ को लोकार्पण किया,जो विशेष रूप से ईंधन की न्यूनतम खपत और अतिरिक्त लाभ के साथ इंजन के उत्कृष्ट प्रदर्शन, सुरक्षा और स्वच्छता प्रदान करके कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति का बेहतरीन कार्य प्रदर्शन करने में मदद करने हेतु तैयार किया गया है। विपिन राणा, सीईओ, एक्सॉन मोबिल ल्यूब्रीकेंट्स प्राइवेट लिमिटेड ने कहा, हमने अपने मोबिल 1 इंजन ऑयल का परीक्षण प्रयोगशाला में, सड़क पर, और और विश्व के कुछ सबसे कठिन मार्गों पर, अधिकतम ऊँचाई वाले, और वास्तविक जीवन परिस्थितियों की प्रतिकृति करते हुए करते हैं।" "फॉर्मूला वन मोबिल 1 इंजन ऑयल के लिए अंतिम परीक्षण आधार है, जो रेस कारों के सभी चलने वाले हिस्सों में घर्षण और घिसने को कम करने में मदद करता है। मैक्स वेरस्टैपेन और सर्जियो पेरेज के लिए, इसका मतलब है उनकी कार में अधिक आत्मविश्वास, उनके हाथों में अतिरिक्त शक्ति और पोडियम तक पहुंचने के अधिक अवसर मिलना है। फॉर्मूला वन से प्रेरित होकर, हम मोबिल 1 इंजन ऑयल की एक नई रेंज पेश कर रहे हैं, जो विशेष रूप से कार मालिकों को अपने वाहनों की शक्ति को बेहतर करने में मदद करने के लिए तैयार किया गया है।" प्रिंसिपल क्रिश्चियन हॉर्नर, ओरेकल रेड बुल रेसिंग टीम प्रमुख ने कहा, "मोबिल 1 30 से अधिक वर्षों से फॉर्मूला वन में एक प्रतिष्ठित ब्रांड रहा है, और हमारी साझेदारी हमें एक्सॉन मोबिल विश्व स्तरीय विशेषज्ञता में हासिल करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करती है।" उन्होंने कहा "हमारी विश्व चैम्पियनशिप जीत उच्चतम स्तर पर काम कर रहे सैकड़ों समर्पित पेशेवरों और रेस कार के प्रदर्शन को लगातार बेहतरीन बनाने की हमारी टीम की क्षमता का ही प्रयास है।"

सरकारी योजनाओं का लाभ आम जन तक पहुंचाने के लिए बैंक प्रतिनिधि रूची लेकर करे कार्य: डॉ अनमोल

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

नगराधीश डॉ अनमोल ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में बैंकों की अहम भूमिका है। इसलिए बैंक प्रतिनिधि इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए रूची लेकर कार्य करे। इस कार्य में किसी भी प्रकार की ढ़िलाई एवं कोताही बर्दाशत नहीं की जाएगी। नगराधीश स्थानीय लघु सचिवालय के प्रथम तल स्थित सभागार में डीएलआरसी की बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। डॉ अनमोल ने कहा कि जब भी कोई व्यक्ति सरकारी योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए बैंक में खाता खुलवाने के लिए या किसी अन्य कार्य के लिए आता है तो उसके साथ विन्रमता पूर्वक व्यवहार करते हुए उसके कार्य को

प्राथमिकता के आधार पर करे। उन्होंने कहा कि केन्द्र एवं राज्य सरकार द्वारा जन कल्याण के लिए अनेक योजनाएं लागू की है। इन योजनाओं को लागू करने का औचित्य तभी सार्थक हो पाएगा, जब योजनाओं के पात्र व्यक्ति इनका भरपूर लाभ उठाएगें।

उन्होंने कहा कि इस कार्य में बैंक प्रतिनिधि अहम भूमिका निभा सकते है। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से यह भी कहा कि वे सरकारी योजनाओं को आवश्यक जानकारी अवश्य प्राप्त करें, ताकि योजना की गंभीरता के बारे में मालूम हो सके। नगराधीश ने भारत सरकार व हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं बागवानी, कृषि, मछली पालन, पशु पालन, एनआरएलएम, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, शिक्षा लोन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, मुद्रा योजना, डिजीटल ट्रांजक्शन, किसान पशु क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पेंशन योजना सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की।

मेरा परिवार शहीद भगत सिंह परिवार कार्यक्रम का हुआ आयोजन

टीम एक्शन इंडिया/पानीपत

पानीपत के सेक्टर 13-17 में शहीद भगत सिंह ब्रिगेड द्वारा स. सन्नी विर्क एवं अनिल शर्मा के नेतृत्व में मेरा परिवार शहीद भगत सिंह परिवार नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मे भारी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया। वहीं आप के वरिष्ठ नेता एवं प्रमुख उद्योगपति राकेश मुंजाल ने कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि शिरकत की। राकेश मुंजल ने शहीद भगत सिंह की फोटो को नमन करते हुए पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। उन्होंने स्थानीय लोगों को उनके पद चिन्हों पर चलते हुए समाज सेवा करने का आहवान किया। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं समाजसेवी यशपाल अहलावत बबैल ने भी शिरकत की और भगत सिंह की फोटो पर पुष्प अर्पित करके याद किया। वहीं आयोजकों ने राकेश मुंजाल व यशपाल अहलावत सहित अन्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर धर्मपाल कश्यप, रोहित कुंडू व धर्मवीर तोमर आदि मौजूद रहे।

कानूनी क्षेत्र में निशुल्क के महत्व पर प्रकाश डाला

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, सोनीपत में न्याय विभाग, कानून और न्याय मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा न्याय बंधु के तहत प्रो बोनो क्लब योजना का जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल ने उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति डॉ अर्चना मिश्रा के संरक्षण में किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सोनीपत के सचिव रमेश चंद्र कार्यक्रम के वक्ता थे। प्रो बोनो क्लब के नोडल अधिकारी सहायक प्रोफेसर डॉ सुखविंदर सिंह ने अतिथियों का धन्यवाद किया। सत्र की शुरूआत सम्मानित गणमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। कुलपति

डॉ अर्चना मिश्रा ने कहा कि साधारणतया जन मानस के मन में यह भ्रम रहता है कि कानूनी सहायता काफी महंगी होती हैं और आम आदमी की पहुँच से बाहर होती हैं। जबकि वास्तव मैं ऐसा नहीं हैं। जनमानस में कानून की जानकारी पहुंचाने के लिए भारत सरकार के कानून मंत्रालय द्वारा न्याय बंधु प्रोग्राम के तहत प्रो बोनो क्लब की स्थापना की गई हैं। न्याय विभाग ने सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा और नागरिक जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिए प्रो बोनो क्लब की स्थापना के लिए हमारे विश्वविद्यालय को चुना है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रमोद गोयल ने कानूनी क्षेत्र में निशुक्ल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उभरते हुए वकीलों को कैसे वंचितों की भलाई के लिए अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होने प्रो बोनो एवं न्याय बंधु योजना पर भी प्रकाश डाला। विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं को प्रो बोनो क्लब के माध्यम से प्रो बोनो एसोसिएट के रूप में आम-जन तक मुफ्त कानूनी सहायता व साक्षरता पहुंचाने की शपथ दिलाई। स्टूडेंट्स ने प्रो बोनो योजना के तहत पूरी निष्ठा से कार्य करने की प्रतिज्ञा ली। दूरदराज के इलाकों में सामुदायिक मध्यस्थता की व्यवस्था, विवाद निपटारे का वैकल्पिक तंत्र बनाना, आम लोगों के बीच डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना और हाशिए पर पड़े लोगों की आवाज बनना, यही वो उद्देश्य हैं।

जैलाफ गांव में मनाया विश्व जल दिवस

टीम एक्शन इंडिया/नारनौल

ग्राम पंचायत जैलाफ में सरपंच अमर सिंह की अध्यक्षता में जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग के द्वारा विश्व जल दिवस मनाया गया। जिसमे जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन के खंड संसाधन संयोजक इंद्रजीत का ग्राम पंचायत के सदस्यों द्वारा पहुंचने पर ग्रामीणों द्वारा पानी की मटकी भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर इंद्रजीत ने बताया कि शुद्ध पेय जल हमारे जीवन में बहुत ही उपयोगी है। इसके अभाव में मनुष्य कई बीमारियों से ग्रस्त हो सकता है। आज पूरा विश्व शुद्ध पेय जल की समस्या से जूझ रहा है। इस समस्या के समाधान के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देते हुए जल संरक्षण के महत्व को समझना चाहिए और प्रत्येक व्यक्ति को अपने पेय जल की पाइप को सुरक्षित करना चाहिए। उसमे किसी भी तरह की लीकेज ना हो और ना ही नाली के अंदर कनेक्शन हो। सरपंच अमर सिंह ने बताया कि गांव के अंदर जल संरक्षण और पेय जल व्यवस्था के लिए ग्राम जल एवं सीवरेज कमेटी का गठन कर लिया गया जो जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करेगी । कार्यक्रम की समाप्ति पर ग्रामीणों द्वारा जल जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यकर्म के दौरान छाजू राम रावत, पूर्व सरपंच रती राम, गुलजारी लाल,रिटायर्ड इंस्पेक्टर, रमेश कुमार स्कूल प्राध्यापक, मोटर चालक कर्मवीर, अमर सिंह पंच, मुकेश कुमार चौकीदार, यादवेंद्र,विकास सावलराम आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

जीवन बचाने के लिए पानी बचाना ही होगा: सुधीर जैन

टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत/

विश्व जल दिवस पर ज्ञान गंगा मॉटिसरी एवं मॉडल स्कूल, न्यू नंदवानी नगर के छात्र-छात्राओं ने प्रकृति व जल संरक्षण का संकल्प लिया । इस अवसर पर स्कूल में आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया । सीनियर विंग से दिशा, अनन्या, सिमरन, चाहत ,प्राची आदि छात्र-छात्राओं ने ज्ञानवर्धक व आकर्षक पोस्टर बनाकर जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस मौके पर स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन व प्राचार्या रिचा चावला ने प्रतिभागी बच्चों का हौसला बढ़ाया और उन्हें प्रकृति व जल संरक्षण का संकल्प दिलवाया । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन ने कहा

कि इस पृथ्वी पर जल के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। इसलिए पानी सबसे कीमती संसाधन है जो हमारी भलाई के लिए महत्वपूर्ण है। विश्व जल दिवस के अवसर पर हम सभी को मिलकर जल के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए । जीवन बचाने के लिए पानी बचाना ही होगा । उन्होंने जोर देकर कहा कि विशेष रूप से मीठा पानी, मानव जीवन के लिए अपरिहार्य है । उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि जल संरक्षण के लिए हम सभी को प्रयास करना चाहिए । इसकी शुरूआत हम सभी को अपने घरों से करना चाहिए । पानी बचाना एक छोटी सी बात लग सकती है, लेकिन यह वास्तव में बड़ी बात है । सीईओ संजय जैन ने कहा कि जल संकट के कारण तालाब, सरोवर एवं कुएं सूख रहे हैं । नदियों का जलस्तर घट रहा है और जमीन का जलस्तर भी लगातार घटती जा रही है । ऐसे हालात में हम सभी को जल के महत्व को और भविष्य में जल की कमी से संबंधित समस्याओं को समझना चाहिए। धरती पर जीवन के अस्तित्व को बनाए रखने के लिए जल का संरक्षण और बचाव बहुत जरूरी होता है, क्योंकि बिना जल के जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि लोगों के सामूहिक प्रयासों से ही यह भी संभव है कि लगातार पौधरोपण कर जंगलों का विकास किया जाए, नदियां और अन्य जल स्त्रोतों का संरक्षण किया जाए उनके आस-पास कटाव को रोका जाए।

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
अंबाला
(मनीष)
मो. नं. : 9896772006

समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।
पानीपत
(बिजेंद्र सिंह)
मो. नं. : 9466035040

दिल्ली के लिए 78,800 करोड़ का बजट पेश

राज्य को साफ-सुथरा बनाने के लिए 09 स्कीम शुरू कर रहे, दिल्ली में 26 नए फ्लाईओवर, पुल आदि के निर्मा□कराए जाएंगे साथ ही तीन डबल डेकर फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगेः कैलाश

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल

दिल्ली के वित्तमंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि राज्य के विकास के लिए उनकी सरकार 78,800 करोड़ रुपये खर्च करेगी। गहलोत ने बुधवार को दिल्ली विधानसभा में बजट भाषण पढ़ते हुए कहा कि वह वर्ष 2023-24 के लिए 78,800 करोड़ रुपये का बजट प्रस्तावित करते हैं।

दिल्ली को बनाएंगे साफ-सुथरीः गहलोत ने कहा कि राज्य को साफ-सुथरा बनाने के लिए 09 स्कीम शुरू कर रहे हैं। इसके लिए यहां हर मोर्चे पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार दिल्ली की सभी पीडब्ल्यूडी की सड़कें ठीक करेगी। दिल्ली में 26 नए फ्लाईओवर, पुल आदि के निर्माण कराए जाएंगे साथ ही तीन डबल डेकर फ्लाईओवर भी बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली के 57 मौजूदा बस डिपो का इलेक्ट्रिफिकेशन करेंगे और 02 मल्टीलेवल बस डिपो के साथ-साथ 09 बस डिपो के निर्माण कराए जाएंगे। साथ ही यमुना सफाई का एक्शन प्लान तैयार कर मिशन मोड में काम किया जाएगा और दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ हटाने का काम किया जाएगा।

केन्द्र सरकार दिल्ली के साथ कर रही है सौतेला व्यवहारः गहलोत ने कहा कि केन्द्र सरकार राज्य सरकार को आर्थिक सहयोग नहीं दे रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली को सिर्फ 325 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार की ओर से मिल रहे हैं। जबकि दिल्ली को 66 हजार करोड़ रुपये मिलना चाहिए। बीते वर्ष से केन्द्र सरकार ने दिल्ल को मिल रहे 325 करोड़ रुपये के हिस्से को भी खत्म कर दिया है।

बजट की प्रमुख बातें...

= स्थानीय निकायों को 8,241 करोड़ रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी

= इस साल 26 नए फ्लाई ओवर, अंडर पास और ब्रिज बनाएंगे। इसके लिए 722 करोड़ रुपए दिए जाएंगे

= 14 सौ किमी लंबी सड़कों को सुंदर बनाया जाएगा। इसपर 2 हजार करोड़ रुपए खर्च होंगे।

= यमुना साफ करने के लिए सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स की क्षमता बढ़ाई जाएगी

= सभी कॉलोनियों को सीवर नेटवर्क से जोड़ा जाएगा। इसके लिए 6-पॉइंट प्लान बनाया गया है।

= दिल्ली में प्रति व्यक्ति आय 14% बढ़ी है। 2021-22 में प्रति व्यक्ति आय 3 लाख 91 हजार थी जो 2022-23 में बढ़कर 4,44,768 हो गई

'शिक्षा व्यवस्था को करेंगे और मजबूत'

गहलोत ने कहा कि राज्य की शिक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाएगा। इस क्षेत्र को मजबूत करने के लिए सरकार 16575 करोड़ रुपये खर्च करेगी। उन्होंने कहा कि हम अपने बजट का 21 फीसदी हिस्सा शिक्षा पर खर्च करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार 12 नये एप्लाइड लर्निंग स्कूल खोलेगी। इन स्कूलों के बच्चों को अपना कौशल दिखाने के लिए अवसर मिलेंगे।

दिल्ली के शिक्षकों को नये टैबलेट दिए जाएंगे। आने वाले वर्षों में 37 डॉ. आंबेडकर एक्सीलेंस स्कूल खोले जाएंगे। यह स्कूल दिल्ली बोर्ड ऑफ स्कूल से एफिलिएटेड होंगे। इन स्कूलों के विद्यार्थियों को फ्रेंच, जर्मन, जापानी भाषा भी पढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि हर घर को सीवर से जोड़ने के साथ-साथ सीवर ट्रीटमेंट के कार्य में तेजी लाई जाएगी। जिससे यमुना में प्रदूषित जल न जाए। उन्होंने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर मोहल्ला बसें चलाई जाएंगी। यह बसे छोटी होंगी और यह छोटी सड़को और गलियों में चलाई जाएंगी। ये बसें लोगों को मैट्रो स्टेशनों से जोड़ेगी।

इस साल मिलेंगी 16 सौ इलेक्ट्रिक बसें

गहलोत ने कहा कि दिल्ली में आने वाले दिनों में इलेक्ट्रिक बसों की संख्या बढ़ाई जाएंगी। दिल्ली में वर्ष 2025 तक 80 प्रतिशत इलेक्ट्रिक बसों का लक्ष्य रखा गया है। आने वाले समय में राज्य में 8280 बसें इलेक्ट्रिक होंगी, इसका परिणाम यह होगा कि हर साल 04 लाख 60 हजार टन कार्बन डाईऑक्साइड का एमिशन कम कर पाएंगे।

डेडलाइनः दो साल में होगा कूड़े के तीनों पहाड़ों का अंत

दिल्ली सरकार ने 22 मार्च यानी एक दिन की देरी से अपना बजट पेश किया। दिल्ली सरकार ने वर्ष 2023-24 के लिए कुल 78,800 करोड़ का बजट पेश किया। दिल्ली सरकार के बजट की खासियत होती है कि हर बार वह एक थीम पर बजट पेश करते हैं। इस बार दिल्ली सरकार ने साफ-सुथरी दिल्ली के विजन को लेकर बजट पेश किया है। इसी के तहत दिल्ली सरकार ने कुल नौ स्कीम का एलान किया है, जिसमें दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों के अंत की घोषणा भी की गई है। वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने कूड़े के तीनों पहाड़ों के खात्मे की घोषणा करते हुए कहा कि कूड़े के पहाड़ दिल्ली पर काले धब्बे जैसे हैं। इन्हें हम अगले दो साल में खत्म कर दें। कैलाश गहलोत ने कई बार अपनी बात पर दबाव देते हुए कहा कि हम वादा करते हैं कि अगले दो साल में इन कूड़े के पहाड़ों का अंत हो जाएगा। इसके लिए हम एमसीडी के साथ मिलकर काम करेंगे। दो साल में दिल्ली के तीनों कूड़े के पहाड़ों का अंत हो जाएगा।

कैलाश गहलोत ने दे दी ये डेडलाइनः कैलाश गहलोत ने अपनी बात का वजन रखने के लिए कहा कि, सरकार इन कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के लिए डेडलाइन भी दे रही है। दिसंबर 2023 तक ओखला लैंडफिल साइट, 2024 मार्च तक भलस्वा लैंडफिल साइट और 2024 दिसंबर तक गाजीपुर लैंडफिल साइट का अंत कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि इन पहाड़ों को खत्म करने की पहले ही कोशिश हुई है लेकिन हम इसे पूरा करके दिखाएंगे। अगर सच्चे मन और इमानदारी से काम किया जाए तो कुछ भी संभव है। अपनी बात रखते हुए कैलाश गहलोत ने एक शायरी भी पढ़ी। उन्होंने कहा, **'जो कामयाबी हासिल करने का जूनून रखते हैं वो समुंदर पर भी पत्थर का पुल बना देते हैं।'**

गहलोत ने सिसोदिया को राम और खुद को बताया भरत

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के वित्त मंत्री कैलाश गहलोत ने आज विधानसभा में अपना पहला व सरकार का नौवा बजट पेश किया। बजट पेश करने से पहले उन्होंने मंदिर जाकर पूजा अर्चना की। साथ ही उन्होंने अपनी मां से आशीर्वाद लिया। गहलोत ने सदन में बजट पेश करने से पहले पूर्व वित्त मंत्री मनीष सिसोदिया को याद किया। इस दौरान उन्होंने सिसोदिया को राम बताया और अपने आप को उनके छोटे भाई भरत के समान बताया। उन्होंने कहा कि जैसे राम के वनवास जाने के बाद भरत ने उनकी खड़ाऊ रखकर अयोध्या की सत्ता संभाली। ठीक उसी प्रकार से वो भी कर रहें हैं। गहलोत ने इस बार की बजट को दिल्ली की जनता को समर्पित बजट बताया है। उल्लेखनीय है कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार बनने के बाद ये दिल्ली का 9वां बजट पेश हुआ है। गहलोत ने विधानसभा में अपने भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल के शासन के मॉडल की सराहना की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस बार दिल्ली का बजट साफ, सुंदर और आधुनिक दिल्ली को समर्पित है, यह बजट उपनिषद के सर्वे भवन्तु सुखिनः के भाव से तैयार किया गया है, जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विश्वास दिलाता है कि उनके बच्चों को विश्वसनीय शिक्षा मिलती रहेगी। इससे पहले सभी केजरीवाल सरकार के सभी आठ बजट मनीष सिसोदिया ने पेश किए थे।

मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने पर 36 एफआईआर दर्ज

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ पोस्टर लगाने के मामले में पुलिस ने 36 एफआईआर दर्ज की हैं। दिल्ली पुलिस के मुताबिक 100 में से बाकी एफआईआर दूसरे पोस्टर्स को लेकर दर्ज की गई थीं। सभी केस प्रिंटिंग प्रेस एक्ट और प्रॉपर्टी डिफेसमेंट एक्ट के तहत दर्ज किए गए हैं। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) के ऑफिस से निकलते हुए एक वैन से भी पोस्टर जब्त किए गए। इस केस में 6 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के मुताबिक दिल्ली के कुछ हिस्सों में 'मोदी हटाओ देश बचाओ' नारों वाले पोस्टर लगे थे। इन पोस्टरों में प्रिंटिंग प्रेस का ब्योरा नहीं था। आईपी स्टेट थाने के एक कॉन्स्टेबल ने पप्पू मेहता नाम के एक शख्स को पोस्टर लगाते हुए पकड़ा था। पप्पू के पास 38 बंडल पोस्टर मिले थे।

आम आदमी पार्टी ने पूछा- पोस्टर में आपत्तिजनक क्या हैः इधर, आम आदमी पार्टी ने पुलिस कार्रवाई को तानाशाही बताया है। पार्टी ने अपने ऑफिशियल ट्विटर हैंडल पर लिखा- मोदी सरकार की तानाशाही चरम पर है। पोस्टर में ऐसा क्या आपत्तिजनक है, जो इसे लगाने पर मोदी जी ने 100 एफआईआर कर दीं? पीएम मोदी आपको शायद पता नहीं, पर भारत एक लोकतांत्रिक देश है, एक पोस्टर से इतना डर क्यों? आप नेता गोपाल राय न प्रेस कॉन्फ्रेंस में ऐलान किया कि आम आदमी पार्टी गुरुवार से देश भर में मोदी हटाओ, देश बचाओ अभियान शुरू कर रही है। वहीं दिल्ली के जंतर-मंतर पर होने वाले प्रदर्शन में अरविंद केजरीवाल के साथ पंजाब सीएम भगवंत मान भी शामिल होंगे।

विश्वस्तरीय

= वहीं आम आदमी पार्टी (आप) के ऑफिस से निकलते हुए एक वैन से भी पोस्टर जब्त किए गए

पकड़े गए लोगों ने बताया- 50 हजार पोस्टर का ऑर्डर थाः स्पेशल कमिश्नर ऑफ पुलिस दीपेंद्र पाठक ने बताया, 'दो प्रिंटिंग प्रेस फर्म को ऐसे 50-50 हजार पोस्टर बनाने का ऑर्डर मिला था। कंपनियों से जुड़े कर्मचारियों ने रविवार देर रात से सोमवार सुबह तक इनमें से कई पोस्टर शहर के अलग-अलग इलाकों में लगाए। पुलिस ने प्रिंटिंग प्रेस का नाम प्रकाशित न करने के आरोप में मालिकों को गिरफ्तार किया है।'

17 मार्च को पोस्टर छापने का ऑर्डर मिला थाः दिल्ली पुलिस

आदर्श नगर के एक होटल में युवक ने की आत्महत्या

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के आदर्श नगर स्थित एक होटल में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां रूम में एक युवक का शव पाया गया। इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया और घटनास्थल का घेराव कर लिया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आदर्श नगर के एक होटल में एक 24 वर्षीय युवक ने आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान नितेश के रूप में हुई है। जांच कर रही पुलिस को उसके कमरे से एक सुसाइड नोट भी मिला है। नितेश ने अपने सुसाइड नोट में लिखा है कि वह अपनी बीमारी से परेशान था और

मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 5 अप्रैल तक बढ़ी

राहत नहीं मिलीं

= पेशल जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। स्पेशल जज एमके नागपाल ने सिसोदिया को 5 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में भेजने का आदेश दिया। सिसोदिया की ईडी हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद कोर्ट में पेश किया गया। 17 मार्च को कोर्ट ने पांच दिनों की ईडी हिरासत में भेजा था। 10 मार्च को कोर्ट ने सिसोदिया को 17 मार्च तक की ईडी हिरासत में भेजा था। ईडी ने इस मामले में सिसोदिया को 9 मार्च को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी को गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने इस मामले में जमानत याचिका दायर की है। कोर्ट ने 21 मार्च को जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए ईडी को नोटिस जारी किया था।

ठग का महादानः सुकेश कैदियों को 5 करोड़ दान करना चाहता है

जेल डीजी को लिखा- 25 मार्च को मेरा जन्मदिन, उसी दिन परमिशन देंगे तो खुशी होगी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

200 करोड़ की ठगी के केस में दिल्ली की मंडोली जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने बुधवार को जेल के डायरेक्टर जनरल को एक चिट्ठी लिखी है। जिसमें उसने कैदियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए 5.11 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट देने की परमिशन मांगी है। सुकेश जिन कैदियों की भलाई के लिए पैसा देना चाहता है उनमें वे कैदी भी शामिल हैं जो अपनी जमानत बॉण्ड का भुगतान नहीं कर पाने के कारण कई साल से जेल में बंद हैं। मैं अपनों से दूर हूं। एक इंसान के तौर पर, अच्छे इरादे के साथ मैं अनुरोध करता हूं कि कैदियों के कल्याण के लिए 5.11 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट स्वीकार करें। मुझे बहुत खुशी होगी अगर 25 मार्च को इसे एक्सेप्ट करते हैं। क्योंकि उस दिन मेरा जन्मदिन है, और ये मेरे लिए सबसे अच्छा तोहफा होगा। ज्यूडिशियरी निस्संदेह इस मामले में कई कोशिश कर रही हैं, लेकिन गरीबी रेखा से नीचे के विचाराधीन कैदियों पर किसी ने गौर नहीं किया न ही उनके लिए ऐसी कोई पहल हुई है। जेल में रहते हुए मैंने कई परिवारों को बिखरते देखा है क्योंकि उनके अपने कई साल से कैद हैं। इसलिए मैं यह छोटी सी पहल करना चाहता हूं और अपनी निजी कमाई से एक छोटा सा हिस्सा दान करना चाहता हूं। अगर मेरा योगदान आपका ऑफिस एक्सेप्ट करता है तो मेरी कानूनी टीम सोर्स प्रूफ के साथ और बाकी जरूरी लीगल कार्रवाई करेगी, क्योंकि ये पैसा 100% मेरी लीगल इनकम का है। इसे किसी क्राइम के जरिए नहीं कमाया है। मैं और मेरा परिवार शारदा अम्मा फाउंडेशन और चंद्रशेखर कैंसर फाउंडेशन के जरिए कई कल्याणकारी काम करते रहे हैं, जो दक्षिण भारत में लाखों गरीबों को भोजन करा रहे हैं, और हर महीने गरीब रोगियों को मुफ्त कीमोथैरेपी भी दे रहे हैं।

भलाई करना चाहता है

= कैदियों और उनके परिवार के कल्याण के लिए 5.11 करोड़ रुपए का डिमांड ड्राफ्ट देने की परमिशन मांगी है

सावधानी बरतेंः दिल्ली में फिर कोरोना का कहर

कोविड-19 से एक की मौत, संक्रमण दर 5 फीसदी पार, कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को ज्यादा प्रभावित कर सकते है

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली में कोरोना वायरस के मामले एक बार फिर से बढ़ने लगे हैं। करीब एक महीने बाद दिल्ली में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है, वहीं संक्रमण दर भी पांच फीसदी के पार चला गया है। कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच डॉक्टर ने सतर्क रहने की सलाह दी है। डॉक्टरों का कहना है कि अचानक बढ़े मामले कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों को ज्यादा प्रभावित कर सकते हैं। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक कोरोना के 83 नए मामले सामने आए। जबकि 21 मरीजों को स्वस्थ होने पर छुट्टी दी गई। वहीं एक मरीज ने 23 फरवरी के बाद कोरोना के कारण दम तोड़ दिया। बीते 24 घंटे में दिल्ली में कोरोना की जांच के लिए 1423 लोगों का टेस्ट हुआ। इसमें 5.83 फीसदी कोरोना संक्रमित पाए गए। कोरोना को लेकर अब तक 40769154 सैंपल की जांच हो चुकी है। होम आइसोलेशन में कोरोना के 179 मरीजों का उपचार जारी है। जबकि अस्पताल में कोरोना संक्रमित व संदिग्ध मरीज मिलाकर कुल 17 मरीज है। जिसमें नौ संदिग्ध मरीज है। ऑक्सीजन सपोर्ट पर छह मरीज, आईसीयू में पांच और वेंटिलेटर पर दो मरीज उपजार के लिए भर्ती है।

सतर्क रहने की सलाह

= करीब एक महीने बाद दिल्ली में कोरोना से एक मरीज की मौत हुई है, वहीं संक्रमण दर भी पांच फीसदी के पार चला गया है

मनी लॉन्ड्रिंगः सत्येंद्र की याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने मनी लांड्रिंग मामले में आरोपित केजरीवाल सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता सत्येंद्र जैन की जमानत याचिका पर अपना निर्णय सुरक्षित रखा। न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने ईडी और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा। बता दें कि इससे पहले ट्रायल कोर्ट ने उन्हें जमानत देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद जैन ने जमानत देने से इनकार करने के निचली अदालत के निर्णय को दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। गौरतलब है कि सत्येंद्र जैन 12 जून 2022 से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। इससे पहले की सुनवाई के दौरान ईडी ने सत्येंद्र जैन को जमानत मिलने पर गवाहों की जान को खतरे की आशंका जताई थी।

अब यूपी की तर्ज पर दिल्ली में भी बदमाशों की संपत्ति होगी जब्त

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

राजधानी में हर रोज झपटमारी की 25 से 30 वारदात और महिलाओं से अपराध में 40 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। नेशनल क्राइम रिकार्ड ब्यूरो के वर्ष 2021 के डाटा के अनुसार महिलाओं के प्रति अपराध में दिल्ली देश में पहले नंबर पर है। बदमाश संगठित तरीकों से आपराधिक वारदात कर रहे हैं। ऐसे में दिल्ली पुलिस आयुक्त ने अपराध पर काबू करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत दिल्ली में संगठित अपराध करने वाले बदमाशों पर महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गनाइज्ड क्राइम एक्ट (मकोका) लगेगा। इसके अलावा दिल्ली पुलिस अब यूपी पुलिस की तरह बदमाशों की संपत्ति भी जब्त करेगी। इसके लिए दिल्ली पुलिस ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा ने हाल ही में मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की बैठक बुलाई। इसमें रेंज के सभी संयुक्त पुलिस आयुक्तों को बुलाया गया था। बैठक में पुलिस आयुक्त ने संगठित होकर दिल्ली में अपराध कर रहे बदमाशों के खिलाफ मकोका लगाने का आदेश दिया। साथ ही, रेंज के संयुक्त पुलिस आयुक्तों से मकोका लगाने का प्रस्ताव तैयार करने को कहा। जिला पुलिस आयुक्त अपराध शाखा के पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय कर प्रस्ताव तैयार करेंगे। इसके बाद उसे अंतिम माना जाएगा। प्रस्ताव पर अपराध शाखा के अधिकारी की अनुमति आवश्यक है। हालांकि, दिल्ली में बदमाशों के खिलाफ मकोका पहले भी लगाया जाता है। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक मकोका गैंगस्टर व उसके गिरोह के सदस्यों के खिलाफ ही लगाया जाता था। अब संगठित अपराध करने वाले सभी बदमाशों के खिलाफ मकोका लगेगा। सभी 15 जिला पुलिस उपायुक्त को मकोका लगाने के लिए बदमाशों की जानकारी जुटाने के सख्त आदेश दिए गए हैं। पुलिस आयुक्त की बैठक में शामिल एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बैठक में दिल्ली में अपराध पर अंकुश लगाने के लिए यूपी पुलिस की तरह बदमाशों की संपत्ति को जब्त करने पर सहमति बनी है। दिल्ली पुलिस ये रणनीति बना रही है कि कैसे बदमाशों की संपत्ति का पता लगाया जाए, ताकि उसे जब्त किया जा सकेगा।

ऐसे लगता है मकोका

= तभी मकोका के तहत मुकदमा दर्ज होगा, जब 10 साल के दौरान कम से कम दो संगठित अपराधों में शामिल रहा हो।

= संबंधित संगठित अपराध में कम से कम दो लोग शामिल होने चाहिए।

= बदमाश के खिलाफ कोर्ट ने तीन मामलों में संज्ञान लिया हो।

= मकोका लगाने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की मदद लेनी होती है।

मकोकाः आसानी से जमानत नहीं मिलती

मकोका के तहत संगठित अपराध जैसे अंडरवर्ल्ड से जुड़े अपराधी, जबरन वसूली, फिरौती के लिए अपहरण, हत्या या हत्या का प्रयास, धमकी, उगाही सहित ऐसा कोई भी गैरकानूनी काम जिससे बड़े पैमाने पर पैसे बनाए जाते हैं आदि शामिल हैं। कानून विश्लेषकों का कहना है कि मकोका लगने के बाद आरोपियों को आसानी से जमानत नहीं मिलती।

न्यूज फ्लैश

छात्रों को पौधारोपण व उनकी देखरेख के बारे में किया जागरूक

गन्नौर खेड़ी रोड स्थित बी आर ग्लोबल विद्यालय में विश्व वानिकी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण को बढ़ावा देने के लिए भाषण प्रस्तुति एवं लघु नाटिका का मंचन किया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा पहल, शिक्षकगण तथा विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण के संरक्षण का संकल्प लिया। विद्यार्थियों को पौधारोपण के बाद उनकी सुरक्षा,पेड़-पौधों के महत्व की जानकारी दी। प्रधानाचार्या पूजा पहल ने बताया कि कि किस तरह पेड़-पौधे तथा जीव -जंतु इस पृथ्वी का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं। स्कूल के शिक्षकों ने भी छात्रों को जागरूक किया।

भाविप ने पॉलिटेक्निक में नव बसंत पर हवन यज्ञ का किया आयोजन

अम्बाला (मनीष कुमार) भारत विकास परिषद महर्षि दयानंद शाखा द्वारा नवसंवत 2080 के उपलक्ष्य में अध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं संयोजक विवेक सबलोक के मार्गदर्शन में शहर के कल्पना चावला बहुतकनीकी संस्थान में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सहसंयोजक अंकुर गोयल, जतिन मेंहदीरत्ता, प्रदीप गुप्ता एवं निधिष अग्रवाल रहे । प्राचार्या विंदू आनंद ने अन्य अध्यापकगण के साथ परिषद सदस्यों का स्वागत किया। हवन यज्ञ को पंडित जी द्वारा पूरे विधि विधान से संपन्न किया गया। इस अवसर पर 200 से अधिक छात्राओं व 25 से अधिक अध्यापकों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता विवेक सबलोक ने नवसंवत का महत्व, हिंदू नववर्ष, नवरात्र पर्व की बधाई के साथ इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए मौजूद को प्रेरित करने हेतु हम होंगे कामयाब का गायन किया। व यह भी बताया कि हर वर्ष नवसंवत पर नई टीम का कार्यकाल आरंभ होता है। इस कार्यक्रम में परिषद् की ओर से सचिव राकेश मक्कड़, कोषाध्यक्ष राकेश शर्मा, मंजू अग्रवाल,मनोज गर्ग, राजिन्द्र अग्रवाल, चमनलाल, यशस्वी गुप्ता, राकेश अग्रवाल सहित अन्य सदस्यगण व संस्थान की ओर से डिप्टी सुपरिटेंडेंट परवीन मित्तल, हैड आफ डिपार्टमेंट डॉ अश्वनी भारद्वाज, डॉ लाभ सिंह, नीरज मालन, बाबू राम व अन्य अध्यापकगण मौजूद रहे । डॉ अश्वनी भारद्वाज ने संस्थान की ओर परिषद परिवार के सभी सदस्यों का आयोजन के लिए धन्यवाद किया।

टाटा मोटर्स ने बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों से पहले अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतें बढ़ाईं

नोएडा। भारत में व्यावसायिक वाहन बनाने वाली सबसे बड़ी कंपनी, टाटा मोटर्स 1 अप्रैल 2023 से अपने व्यावसायिक वाहनों की कीमतों में 5 प्रतिशत की बढ़ोतरी लागू करेगी। वाहनों की कीमतों को बढ़ाने का यह फैसला अधिक सख्त बीएस6 फेज 2 उत्सर्जन नियमों का अनुपालन करने के लिए कंपनी द्वारा की गई कोशिशों का परिणाम है। टाटा मोटर्स ने इन मानदंडों को पूरा करने के लिए अपने पूरे वाहन पोर्टफोलियो में बदलाव किया है। ग्राहक और बेड़े के मालिक अब पर्यावरण के अनुकूल और तकनीकी रूप से सबसे बेहतरीन गाड़ियों की रेंज की उम्मीद कर सकते हैं जोकि उन्हें ज्यादा से ज्यादा फायदे और स्वामित्व की कम लागत प्रदान करेंगी। कीमतों में यह बढ़ोतरी व्यावसायिक वाहनों की पूरी श्रृंखला पर लागू होगी। हालांकि, बढ़ी हुई राशि वाहन के व्यक्तिगत मॉडल और वैरिएंट के अनुसार होगी।

योगिराज एनपीएस 2023 में पिछले साल के अपने स्वर्ण और कांस्य पदक की संख्या को और बढ़ाना चाहते हैं

नोएडा। नेशनल पोकर सीरीज इंडिया 2023 (एनपीएस) का समय तेजी से करीब आ रहा है और इसके साथ ही रोमांच उल्लेखनीय रूप से बढ़ रहा है। खिलाड़ी पुरस्कार जीतने के लिए जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं और नोएडा के 35 वर्षीय योगिराज सिंह इस साल दूसरेपोकर खिलाड़ियों के लिए खेल के स्टैण्डर्ड को बढ़ाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीम में पिछले साल के चैंपियन के साथ, इस बार दांव पर बहुत कुछ लगे होने की संभावना है क्योंकि योगिराज सिंह जैसे खिलाड़ी फिर से स्वर्ण पदक जीतने की कोशिश कर रहे हैं। उनके धैर्य और पैनी नजर ने उन्हें पिछले एनपीएस में स्वर्ण पदक जीतने में मदद की थी। योगिराज ने 1950 से अधिक टूर्नामेंटों में सफलतापूर्वक भाग लिया है और इनमें से 28 को जीतने का मजबूत रिकॉर्ड है। उन्होंने अपने अधिकांश प्रयासों में सफलता के ट्रैक रिकॉर्ड का प्रदर्शन करते हुए 251 में जीत हासिल की। एनपीएस 2023 से अपनी उम्मीदों के बारे में बात करते हुए, योगिराज ने कहा, ह्लमैं 8 साल से ज्यादा समय से पोकर खेल रहा हूं। मैं इस साल के एनपीएस संस्करण की औपचारिक शुरूआत को लेकर उत्साहित हूं। एनपीएस बड़ी संख्या में नए खिलाड़ियों को आकर्षित करता है, और इसका लक्ष्य ना केवल पोकर खिलाड़ियों के बीच इसे बढ़ावा देना होता है, बल्कि यह नए खिलाड़ियों को अपनी गेमिंग प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करता है। पोकर के लिए एक स्मार्ट नजरिये, धैर्य और दृढ़ता की आवश्यकता होती है। यह देखकर प्रेरणा मिलती है कि लोग खेल को पेशेवर रूप से अपनाते हैं और उन्हें इसकी बारीकियों का बेहतर ज्ञान है।

विज ने सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए

टीम एक्शन इंडिया/ अम्बाला (मनीष कुमार) **स्वास्थ्य मंत्री** अनिल विज ने छावनी सिविल अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन 200 बेड भवन और अस्पताल के पास डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस फ्लैट्स काम्पलेक्स का निरीक्षण और विभागीय अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने के दिशा-निर्देश दिए। विज ने इस दौरान निर्माण कार्य को लेकर पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से जानकारियां ली और स्वयं निर्माण साइट पर जाकर इसे चैक किया।

उन्होंने अधिकारियों से निर्माण कार्य को लेकर चर्चा करी, साथ ही कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। सिविल अस्पताल परिसर में निमाणार्धीन 200 बेड भवन के निरीक्षण के उपरांत स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने अस्पताल के ठीक पास डॉक्टर रेजिडेंस फ्लैट्स का भी निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान मौके पर पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राज कुमार, सीएमओ डा. कुलदीप सिंह, पीएमओ डा. राकेश सहल सहित कई विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

गौरतलब है कि स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज के प्रयासों से अम्बाला छावनी सिविल अस्पताल में 77.44 करोड़ रुपए की लागत से 200 बिस्तरों की क्षमता वाले भवन का निर्माण कार्य इस समय चल रहा है। पहले यहां 100 बेड भवन बनाने का प्रपोज्जल था, मगर अब इसे अपग्रेड कर 200 बेड का किया गया। इसी तरह 47.19 करोड़ रुपए की लागत से सिविल अस्पताल के पास जगाधरी रोड पर डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस काम्पलेक्स का निर्माण कार्य चल रहा है।

डॉक्टर एवं पैरामेडिकल रेजिडेंस फ्लैट्स काम्पलेक्स का निर्माण कार्य 47.19 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। डॉक्टर रेजिडेंस के लिए पांच अलग-अलग ब्लॉक पांच मंजिला बनेंगे जिनमें 90 फ्लैट्स बनाए जा रहे हैं।

फूड ग्रेन एसोसिएशन ने किया वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ

गन्नौर **नई अनाज** मंडी में फूड ग्रेन एसोसिएशन द्वारा हिदू नववर्ष के अवसर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ किया। एसोसिएशन के प्रधान राजेश जैन व सचिव अनिल कौशिक की देखरेख में किया गया। एसोसिएशन के सचिव प्रधान राजेश जैन ने अपने संबोधन में कहा कि मान्यता है कि इसी दिन ब्रह्मा जी ने सृष्टि की रचना की थी। इसे हिंदू नववर्ष के रूप में मनाते हैं। इसी दिन भगवान राम अयोध्या वापस लौटे थे और उनका राज्याभिषेक हुआ था। सचिव अनिल कौशिक ने कहा कि महाभारत काल में इसी दिन युधिष्ठिर का भी राज्याभिषेक हुआ था। इसी दिन सतयुग की शुरूआत हुई थी। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था। शुक्ल प्रतिपदा का दिन चंद्रमा की कला का प्रथम दिवस माना जाता है। वनस्पतियों को सोमरस चंद्रमा ही प्रदान करता है। इस मौके पर

"वो हिन्दुस्तानी" नाटक का आयोजन

टीम एक्शन इंडिया अम्बाला (मनीष कुमार) **आर्य गर्ल्ज कॉलेज,** अम्बाला छावनी के सभा भवन में यूथ क्लब एवं हरियाणा कला परिषद, अम्बाला मण्डल के संयुक्त तत्त्वावधान में नाटक वो हिन्दुस्तानी नाटक का मंचन किया गया। यह नाटक मुकेश शर्मा द्वारा निर्देशित तथा सुप्रसिद्ध नाटककार एवं लेखक पीयूष मिश्रा के नाटक गगन दमामा बाजयो से प्रेरित है। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि नागेन्द्र रहे जिनको स्मृति चिन्ह ओम देकर सम्मानित किया गया। यह नाटक चंद्रशेखर आजाद, शहीद भगत सिंह, सुखदेव तथा राजगुरू सहित कई क्रांतिवीरों की विचारधारा को प्रदर्शित करता है। इस नाटक द्वारा ध्वनि एवं प्रकाश में यह दिखाने का प्रयास किया गया कि देश से लड़ना और देश के लिए लड़ने में अंतर होता है। जहां स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने वाले वीर देश को आजाद करवाने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे गए और आज के कुछ भटके हुए नौजवान देश को तोड़ने की नाकाम कोशिश कर रहे हैं। यह नाटक सभी क्रांतिकारियों के देश को आजाद करवाने के संघर्ष को दशार्ता है। इसमें भगत सिंह की उस सोच को भी दर्शाया गया है जिसमें उन्होंने आज के हिन्दुस्तान की कल्पना की है। इस कार्यक्रम में छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इसी के साथ-साथ एन.एस.एस. यूनिट्स द्वारा छात्राओं को अपनी संस्कृति की पुनरावृति हेतु डॉ. राजेंद्रा, सेवानिवृत, संस्कृत विभागाध्यक्ष द्वारा सम्वत 2080 भारतीय नववर्ष आज से शुरू हुआ, पर प्रकाश डाला और छात्राओं से आग्रह किया कि वो भारतीय संस्कृति का अनुसरण करें क्योंकि इसमें ज्ञान और विज्ञान दोनों ही समाहित हैं। इस अवसर पर लगभग 200 छात्राएं व स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

> 8 यह नाटक मुकेश शर्मा द्वारा निर्देशित तथा सुप्रसिद्ध नाटककार एवं लेखक पीयूष मिश्रा के नाटक गगन दमामा बाजयो से प्रेरित है

भाविप वीर सावरकर शाखा ने भारतीय संस्कृति के बारे में करवाया अवगत

गन्नौर: भारत विकास परिषद वीर सावरकर शाखा गन्नौर द्वारा संवत 2080 चैत्र शुक्ल को नव वर्ष के उपलक्ष में न्यू वसंत विहार में मोहन शर्मा शर्मा के आवास पर हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक मोहन शर्मा, नविंदर मुंजाल, विनीता पटेल रहे। यजमान के रूप में ओ पी पटेल, विनीता पटेल, नविंदर मुंजाल और दर्शना मुंजाल ने हवन किया। शाखा अध्यक्ष मंजू भूटानी और संतोष आर्या ने भजन सुनाया। पूर्व क्षेत्रीय मंत्री प्रवीण सिंघल और शाखा सचिव मंजू शर्मा ने नव वर्ष और भारतीय संस्कृति के बारे में सभी को बताया। शाखा कोषाध्यक्ष मोनिका गुजराल, शाखा महिला संयोजिका पूनम सिंघल और महिला शक्ति ने सभी को प्रसाद वितरित किया।

कमल व कमासपुर के पहलवान पप्पू के बीच बराबरी पर छूटी कुश्ती

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर **पांची जाटान** गांव में विशाल दंगल का आयोजन किया गया। जिसमें आसपास व दूर दराज समेत पंजाब, उत्तरप्रदेश, दिल्ली से आए करीब 150 पहलवानों ने जोर आजमाइश की। महिला पहलवानों की कुश्ती आकर्षण का केंद्र रही। पंजाब के कमल और कमाशपुर के पहलवान पप्पू के बीच दंगल बराबरी पर छूटा। दोनों पहलवानों को विजेता घोषित किया। इससे पहले बतौर मुख्यातिथि मन्नत ग्रुप ऑफ होटल्स के चेयरमैन एवं समाजसेवी देवेंद्र कादियान ने पहलवानों के हाथ मिलवा कर दंगल शुरू कराया। कादियान ने कहा कि ग्रामीण अंचल में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, केवल उन्हें सही मार्गदर्शन की आवश्यकता है। हर बच्चे के माता-पिता को भी बच्चे की रुचि के अनुसार उसे खेलों में हिस्सा लेने के प्रति प्रेरित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि गन्नौर जैसे क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं हैं। ग्रामीण आंचल के इन पहलवानों को ठीक ढंग से कुश्ती का प्रशिक्षण मिल जाए तो यहां के पहलवान प्रदेश व देश का नाम रोशन कर सकते है। इस अवसर पर प्राण पहलवान, अजित पहलवान, शेरा, वेदपाल, चांद पहलवान, बबलू पांची आदि मौजूद रहे।

महाविद्यालय निर्माण में धड़ल्ले से लग रही घटिया सामग्री

टीम एक्शन इंडिया/ मथुरा /वृन्दावन **वृंदावन में** निर्माणाधीन राजकीय कन्या महाविद्यालय में जमकर घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा है स्थानीय लोगों द्वारा मामला संज्ञान में लाने के बाद भी किसी अधिकारी ने न तो इस काम को रुकवाने की कोशिश की और न ही घटिया सामग्री लगाने से निर्माण संस्था को रोका गया धड़ल्ले से निर्माण कार्य जारी है जिसमें स्थानीय लोगों में आक्रोश है उत्तर प्रदेश की बेहतरीन निर्माण कार्य के रूप में विख्यात सरकारी उपक्रम उ प्र राजकीय निर्माण निगम द्वारा मथुरा में अक्रूर मंदिर के निकट काशीराम योजना के पास निमार्णाधीन एक कॉलेज में घटिया निर्माण सामग्री की शिकायते जनता के बीच चर्चा का विषय बनी हुई हैं। ज्ञातव्य है की मथुरा में राजकीय निर्माण निगम द्वारा एक कॉलेज का निर्माण किया जा रहा है जो जनपद में बहुउद्देशीय शिक्षा हेतु मील का पत्थर साबित होगा। उक्त कॉलेज के निर्माण का टेंडर जेपी कंस्ट्रक्शन कंपनी को दिया है जिसकी कुल लागत लगभग 9 करोड़ रुपए है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब सूबे के मुखिया योगी आदित्य नाथ द्वारा देश बप्रदेश में युवा पीढ़ी को उच्च शिक्षित करने की दिशा में विभिन्न शहरों में नित्य नए मेडिकल, तकनीकी, ब अन्य शिक्षा संस्थान खुलवाए जा रहे है जो भविष्य मे नए भारत की नींव रखने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे लेकिन शायद राजकीय निर्माण निगम के अधिकारियों की अनदेखी ब लापरवाही के कारण मथुरा में निमार्णाधीन कॉलेज मे घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग हो रहा है जो भविष्य मे किसी बड़े हादसे को अंजाम दे सकता है उक्त कॉलेज के भवन निर्माण मे एक वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है की दीवारों पर लगा प्लास्टर हाथो से रगड़ने पर रेत की माफिक नीचे गिर रहा है। जिस में स्पष्ट है की उक्त निर्माण मानक के अनरूप नही हो रहा है । इसके अलावा निर्माण में प्रयुक्त होने वाली अन्य सामग्री में भी कमीशन खोरी की बू आ रही है जिससे घटिया भवन का निर्माण लगातार बदस्तूर जारी है तथा सरकरी आदेशों के तहत निर्माण स्थल पर अवलोकनार्थ सूचक/बोर्ड भी नहीं लगा है। सूत्रों के मुताबिक उक्त कॉलेज के निर्माण में अधिकारियों की लापरवाई ब अनदेखी व जुगलबन्दी के चलते ठेकेदार भ्ष्टाचार के पुल बांध रहा है जिससे योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को पलीता लग रहा है।इस संबंध मे जब प्रोजेक्ट मैनेजर ब्रजमोहन चाहर, सहायक अभियंता रविन्द्र सिंह व अवर अभियंता विनोद से उनका आधिकारिक स्टेटमेंट लेने की कोशिश की गई तो उक्त अधिकारियों ने एक दूसरे पर पल्ला झाड़ते हुए कोई भी बयान देने से साफ इंकार कर दिया। अब देखना है की शासन, जिला प्रशासन ब राजकीय निर्माण निगम के उच्च अधिकारी उक्त संदर्भ का में संज्ञान लेकर क्या करवाई करते हैं।

> 8 संज्ञान में लाने के बाद भी किसी अधिकारी ने न तो इस काम को रुकवाने की कोशिश की और न ही घटिया सामग्री लगाने से निर्माण संस्था को रोका गया

एनएसएस शिविरों में होता है युवाओं का सर्वांगीण विकास: कार्यक्रम अधिकारी

मथुरा: चंपा अग्रवाल इंटर कॉलेज मथुरा की राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय सामान्य शिविर में जल संरक्षण पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार माहेश्वरी ने किया। शिविर का विधिवत शुभारंभ एनएसएस के लक्ष्य गीत..... उठें समाज के लिए उठें, से हुआ। मुख्य वक्ता के रूप में समाजसेवी श्री सी पी सिंह सिकरवार उपस्थित रहे, उन्होंने जल संरक्षण के लिए युवाओं को आगे आने का आह्वान किया। समाजसेवी श्री अजय अग्रवाल ने जल संग्रहण के प्रति जागरूक करते हुए उन्होंने कहा कि अगर इसी प्रकार से जल का दोहन किया जाता रहा तो जलस्तर काफी नीचे चला जाएगा और एक दिन ऐसा आएगा कि पानी के लिए हमलोगों को विश्वयुद्ध का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए जल संरक्षण पर हम सभी को जोर देना होगा। शिविर संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी अशोक कुमार वर्मा ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए कहा कि जल हम सभी के जीवन के लिए कितना महत्वपूर्ण है, यह सभी जानते हैं फिर भी वर्तमान समय में जिस प्रकार से व्यर्थ रूप से जल का दोहन किया जा रहा है यह अच्छे संकेत नहीं हैं अगर समय रहते हमने इस विषय पर गंभीरतापूर्वक विचार नहीं किया तो आने वाली पीढ़ी को पेयजल के लिए बहुत कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। प्रधानाचार्य डॉ राकेश कुमार माहेश्वरी ने सभी को जल संग्रहण की शपथ दिलाई। शिविर का समापन एनएसएस के संकल्प गीत.... हम होंगे कामयाब, के साथ हुआ। इस अवसर पर स्टाफ के अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

नव ज्योति शिक्षा सदन में छात्रों को हिन्दू नव वर्ष के बारे में किया जागरूक

टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर **नव ज्योति** शिक्षा सदन के प्रांगण में भारतीय नव वर्ष के उपलक्ष्य में हवन-यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने विद्यार्थियों को नववर्ष के बारे में जानकारियां साझा की। कौशिक ने कहा कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवरात्र प्रारंभ होते हैं, सरसों, गेहूं और चने की फसल पककर तैयार हो जाती है, अब भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2080 शुरू हो गया है। चैत्र ही एक ऐसा माह है, जब प्रकृति में वृक्ष और लताएं पल्लवित और पुष्पित होती हैं। अध्यापिका पूनम शर्मा ने बच्चों के साथ मिलकर हवन यज्ञ संपन्न किया विद्यालय के शिक्षकों व छात्रों ने हवन मंत्रों का उच्चारण से पूर्ण आहुति दी। यज्ञ का समापन समिति के सचिव पवन कौशिक ने किया गया। बाद में सभी को प्रसाद वितरित किया गया। नवज्योति परिवार की तरफ से आप एवं आपके परिवार को नववर्ष एवं नवरात्रों की हार्दिक शुभकामनाएं।

पी.के.आर. जैन कॉलेज में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार) **सैंकड़ों** साल पहले ही रहीम दास जी ने जल का महत्व बताते हुए कहा था कि रहिमन पानी राखिये, बिन पानी सब सून। पानी गए न उबरे, मोती पानस चून।। विश्व जल दिवस के अवसर पर पी.के.आर. जैन (पी.जी.) कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन सहायक प्रो. डॉ. सुरेश रानी व डॉ. पूनम साहनी द्वारा करवाया गया। जिसमें बी.एड. व एम.एड. के प्रथम व द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापक - छात्राध्यापिकाओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। प्रतियोगिता के लिए जल बचाओ-जीवन बचाओ विषय का चुनाव किया गया। सहायक प्रो. डॉ. लवलीन व श्रीमती रूबल ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। उन्होंने निष्पक्ष निर्णय देते हुए मंजू को प्रथम, रूपाली व शिवानी को द्वितीय, शालू व राधिका को तृतीय तथा वर्षा व सपना को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रबन्धक समिति के प्रधान श्री धर्मपाल जैन जी, उप-प्रधान श्री संजय जैन जी, सचिव श्री संजीव जैन जी, सह-सचिव श्री आशीष जैन जी, कैशियर श्री पंकज जैन जी व मैनेजर श्री गौरव जैन जी, कॉलेज कनवीनर श्री दीपक जैन जी व मैंबर श्री पुनीत जैन जी (पुनीत पैकर्स) ने अपने संयुक्त वक्तव्य में कहा कि सरकार अपने स्तर पर जल प्रबंधन दिशा में बहुत से कार्य रही है। लेकिन जब तक हम सभी इस दिशा में प्रयासरत नहीं होंगे, तब तक हमें जल संकट का सामना करते रहना पड़ेगा। कॉलेज प्राचार्या डॉ. मुदिता भटनागर एवं उप-प्राचार्या डॉ. मिनी सपरा जी ने प्रतिभागियों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि जल संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व है।

हिंदू नववर्ष पर बाबा कलीनाथ कुश्ती अकादमी में रोपे पीपल के 100 पौधे

टीम एक्श इंडिया/सोनीपत। **गांव रेवली** स्थित बाबा कलीनाथ कुश्ती अकादमी में बुधवार को हिंदू नववर्ष का स्वागत पौधरोपण अभियान के साथ किया गया। पर्यावरण हितैषी सतपाल दहिया के नेतृत्व में कुश्ती अकादमी के पहलवानों ने अकादमी में पीपल के 100 पौधे रोपे। इस दौरान सतपाल दहिया ने सभी पहलवानों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया। अभियान के दौरान पहलवानों ने बजरंग बली का जयकारा लगाते हुए पौधरोपण अभियान की शुरूआत की।

पौधरोपण अभियान में पहुंचे ट्रीमैन देवेंद्र सूरा ने पर्यावरण संरक्षण के लिए पहलवानों की तरफ से उठाए गए कदम की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पीपल का वृक्ष निस्वार्थ भावना से लोगों को 24 घंटे जीवनदायिनी ऑक्सीजन देता है। उसी प्रकार हमें भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करना होगा, तभी तक प्रकृति को सुरक्षित रख सकते हैं और आने वाली पीढ़ी को सुनहरा भविष्य दे सकते हैं। उन्होंने सभी पहलवानों को हिंदू नववर्ष की शुभकामनाएं देते हुए संरक्षण का भी पाठ पढ़ाया जाता है। अकादमी में पहले रोपे गए पौधों की भी सभी पहलवान बेहतर तरीके से देखभाल करते हैं। उन्होंने रोपे गए 100 पीपल के पौधों की पेड़ बनने तक देखभाल करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस दौरान पहलवान अमित डागर, वृक्ष मित्र कप्तान, अखाड़ा संचालक अश्वनी डागर, पुनित दहिया, जयप्रकाश मलिक, राम नारायण, दलेल, कुलदीप, रणसिंह पहलवान, जितेंद्र बूरा, युद्धवीर, सुभाष आंतिल, मोहित ढोचक, दिलबाग, डॉ. अतुल पाटिल, सागर डागर, नितिन, मयंक, निशांत, जतिन सहित अन्य पर्यावरण मित्र मौजूद रहे।

> 8 सतपाल दहिया ने पहलवानों को पौधरोपण का महत्व बताते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना योगदान देने के लिए प्रेरित किया

इसका महत्व बताया। उन्होंने बताया कि आज ही के दिन समस्त सृष्टि की उत्पत्ति हुई थी। हमें प्रत्येक जीव-जंतु व पेड़-पौधों का अपने परिवार का हिस्सा मानते हुए इनकी रक्षा करनी चाहिए।
अखाड़ा संचालक अश्वनी डागर ने कहा कि प्रकृति के साथ ही जीवन संभव है। इसलिए पहलवानों को कुश्ती के गुर सिखाने के साथ ही पर्यावरण

डीएसपी की अगुवाई में वेश्यावृति पर कसा शिकंजा, 3 महिलाओं सहित युवक काबू

टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार) अम्बाला छावनी के न्यू दयालबाग में चल रहे सेक्सरैकेट का अंबाला पुलिस ने पदार्फाश किया है। पुलिस का कहना है कि सेक्स रैकेट एक महिला व उसकी 2 बेटियां चला रही थी। पुलिस ने रेड कर मां बेटियों व दलाल सहित 8 युवतियां भी पकड़ी। पकड़ी गई युवतियां अंबाला, पंजाब, हिमाचल व नेपाल से लाई गई थी और उन्हें देह वयापार में संलिप्त किया था। आरोपी युवतियों से देह व्यापार करवाकर पैसे कमा रहे थे। हालांकि, कार्रवाई के दौरान एक महिला मौके से फरार हो गई। महेश नगर थाना पुलिस ने एसएचओ रामपाल की शिकायत पर मां और उसकी 2 बेटियों व दलाल को नामजद करते हुए केस दर्ज किया है।

पुलिस की टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि न्यू दयाल बाग में महिला अपनी दो बेटियां के साथ मिलकर बाहर से 8 से 10 युवतियों को बुला अपने मकानों में सेक्स रैकेट चलाती हैं। सूचना मिलने पर ह्यकुमार और महेश नगर थाना प्रभारी रामपाल सिंह की अगुवाई में तुरंत रेड की। पुलिस ने आरोपी महिला व उसकी बेटियों के अलावा पंजाब के गांव सोहड़ा की एक महिला ,हिमाचल के सोलन की एक युवती, नेपाल की 3 युवतीयों यूपी के गांव मिजार्पुर 2 युवतियों, अंबाला कैंट की एक युवती व सेक्टर-7 अंबाला सिटी निवासी दलाल को काबू किया।

> 8 पकड़ी गई युवतियां अंबाला, पंजाब, हिमाचल व नेपाल से लाई गई थी और उन्हें देह वयापार में संलिप्त किया था

बिहार के लोग जहां पर भी जाते हैं, वहां पर अपनी संस्कृति एवं पहचान को कायम रखते हैं: अविनाश सिंह

जिला कार्यालय में मनाया गया बिहार स्थापना दिवस

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी पूर्वांचल मोर्चा दिल्ली प्रदेश द्वारा बिहार स्थापना दिवस जिला केशवपुरम मोर्चा अध्यक्ष अविनाश सिंह के संयोजन में मनाया गया।

इस अवसर पर पूर्वांचल मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष कौशल मिश्रा ने कहा की प्रभु श्रीराम एवं सीता माता इस धारा की सबसे बड़ी शक्ति है और मां सीता का अवतरण पूर्वांचल की धरती बिहार में हुआ। यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है। जिस प्रकार से मां सीता अपने ऊपर तमाम दुख सहकर संघर्ष की कहानी एवं प्रेरणा छोड़ गई, उसी प्रकार से दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल की माताएं एवं बहने अपने बच्चों की शिक्षा के लिए दिन-रात संघर्ष करती रहती है एवं मां सीता से प्रेरणा लेकर अपने बच्चों के लालन-पालन कर बिहार ही नहीं बल्कि दिल्ली को संवारने का काम करती है।

इस अवसर पर जिला केशवपुरम भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार भाटिया ने कहा की बिहार एक ऐसा प्रदेश जिसने मां सरस्वती की महिमा को पूरे विश्व में फैलाने का कार्य किया है। उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि छात्र संघ में रहकर उनके अनेकों मित्र बिहार के थे, जिन्होंने विश्वविद्यालय में साथ-साथ कार्य करके एक नई दिशा से उन्हें अवगत कराया।

पूर्वांचल मोर्चा जिला केशवपुरम भाजपा के अध्यक्ष अविनाश सिंह ने कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें बिहारी होने पर गर्व है। जहां एक तरफ महात्मा बुद्ध, भगवान महावीर, गुरु गोविंद सिंह जैसे गुरु बिहार की धरती पर पैदा हुए, वहीं दूसरी तरफ राजनीति एवं कूटनीति के ज्ञाता जिन्होंने अखंड भारत की नींव रखने का कार्य किया, वैसे महान आचार्य चंद्रगुप्त मौर्य जैसे गुरु ने एक सूरवीर योद्धा अशोक को तराशने का कार्य किया एवं एक महान राजा के रूप में उन्हें स्थापित किया।

बिहार के लोग जहां भी जाते हैं, अपनी संस्कृति एवं पहचान को कायम रखते हैं एवं उस धरती पर भी मोती उगाने का कार्य करते हैं। दुनिया में मेहनतकश लोगों की गणना की जाती है तो बिहार के लोग हमेशा अब्बल स्थान पर रहते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व निगम पार्षद व डेम्स कमिटी चेयरमैन सुजीत ठाकुर, आजादपुर वार्ड की निगम पार्षद सुमन शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष प्रदीप भैया, महामंत्री अनुज सिंह, रोशन सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल राय, मृत्युंजय कुमार, मनोज शर्मा, अभिनव पाठक, पवन झा, सिंधु सिन्हा, नितेश गुप्ता, मंडल अध्यक्ष तारक श्रीवास्तव, सुरेश कुमार मुकेश झा, कपिल ठाकुर दिलीप झा के साथ अनेकों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भारत की गंगा-जमुनी तहजीब के सच्चे वाहक थे बिस्मिल्ला खान: वत्स

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ और नेशनल मीडिया नेटवर्क के संयुक्त तत्वावधान में संघ के मुख्यालय बरवाला में संघ के राष्ट्रीय महासचिव शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में शहनाई के जादूगर भारत रत्न उस्ताद बिस्मिल्लाह खान साहब की 107वीं जयंती पर उन्हें कृतज्ञ राष्ट्र की और से श्री वत्स ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अपने संबोधन में वत्स ने कहा कि उस्ताद बिस्मिल्लाह खान साहब भारत की गंगा जमुनी तहजीब के सच्चे वाहक थे। उनका जीवन सादगी की अद्भुत मिसाल था। उनकी शहनाई का जादू समूचे विश्व के लोगों के सिर चढकर बोलता था। वे भारत की सांस्कृतिक एकता के अग्रदूत थे।

दिल्ली सरकार का बजट दिशाहीन और बेबुनियाद: अनिल भारद्वाज

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए प्रदेश कांग्रेस कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन एवं दिल्ली सरकार पूर्व संसदीय सचिव अनिल भारद्वाज ने कहा कि आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार का बजट पूरी तरह दिशाहीन है जिसमें वास्तविकता से दूर भविष्य की कोरी घोषणाऐं है। वित्त मंत्री कैलाश गहलोट द्वारा पेश 78,800 का बजट दिल्ली की गरीब जनता के उम्मीदों से दूर है क्योंकि दिल्ली मॉडल बजट में दिल्लीवालों के लिए कुछ नही किया है। सरकार में जीरो टॉलरेंस भ्रष्टाचार की बात करना

आधारहीन है क्योंकि वर्तमान में उनके दो मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल में बंद है और केजरीवाल भी शराब घोटाले के आरोपित है। पिछले 9 वर्षों में केवल नाम बदलकर बजट पेश करने वाली दिल्ली सरकार ने दिल्ली को बदहाल बना दिया है। संवाददाता सम्मेलन में कम्युनिकेशन विभाग के वाईस चेयरमैन अनुज आत्रेय और सोशल मीडिया चेयरमैन हिदायतुल्लाह भी मौजूद थे।

संवाददाताओं को सम्बोधित करते हुए अनिल भारद्वाज ने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा बजट में यह कहना कि दिल्ली सरकार दिल्ली के गरीब लोगों को विश्वस्तरीय शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाऐं

भारद्वाज ने कहा...

= विश्वस्तरीय सुविधाओं देने की घोषणा बेमानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, जन कल्याण और इंफ्रास्ट्रक्चर में दिल्ली 9 वर्षों में बदहाल हो चुकी है: अनिल भारद्वाज

उपलब्ध कराऐंगी। स्वास्थ्य बजट में कटौती करके पिछले वर्ष 9769 करोड़ से घटाकर 9742 करोड़ कर दिया है, जबकि पिछले वर्ष की तुलना में दिल्ली सरकार के बजट में 8.69 प्रतिशत की बढ़ौतरी हुई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नई चुनौतियां देखते हुए स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है। शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय सुविधाऐं देने का वादा दिखावटी है। स्कूलों में 70 प्रतिशत प्रींसिपल और 33 प्रतिशत टीचरों की कमी होने के बाद विश्वस्तरीय शिक्षा सुविधा का वादा गुमराह करने वाला है। 1027 स्कूलों में से 700 स्कूलों में सांइस की पढ़ाई नही होती है और अधिकतर स्कूलों में साईंस लेब नही होने के बाद केजरीवाल सरकार बेहतरीन शिक्षा का दावा करना बेमानी है।

अनिल भारद्वाज ने कहा कि 9 वर्षों में कोई नया अस्पताल, हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर कुछ भी नया नही हुआ है जो बजट आवंटित हुआ है वह सिर्फ वेतन और एक्सपेंडिचर के लिए है। पिछले 9 वर्षों में कोई नया अस्पताल नही बनाया और न ही कोई प्रोजेक्ट की योजना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की दिल्ली सरकार ने 15 वर्षों में 14 नए अस्पताल और 5 नए सुपर स्पेशलिटी अस्पताल दिल्ली को देकर स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ताकत प्रदान की। दिल्ली में मौहल्ला क्लीनिकों का ढ़िढोंरा पीटने वाली आप सरकार ने पिछले वर्ष केवल 10 नए मौहल्ला क्लीनिक बनाए गए और दिल्ली में 515 मौहल्ला क्लीनिक है। जबकि 12 प्रतिशत अस्पतालों में आपरेशन थियेटर बंद है, एमआरआई मशीन व लेब टेस्ट नही है दिल्ली की जनता को मजबूरन टेस्ट प्राईवेट कराना पड़ते है।

दिल्ली फतेह दिवस को समर्पित कीर्तन में महिलाएं अधिक संख्या में शामिल हो: कौर

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

शिरोमणि अकाली दल दिल्ली स्टेट की वरिष्ठ नेता बीबी बलजीत कौर पटेल नगर व बीबी गुड्डी साहनी ने महिलाओं से अपील करते हुए कहा है कि दिल्ली गुरुद्वारा कमेटी द्वारा आयोजित किये जाने वाले नगर कीर्तन व अन्य कार्यक्रमों में महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में शामिल हों।

जारी एक बयान में बीबी बलजीत कौर पटेल नगर और बीबी गुड्डी साहनी ने कहा कि दिल्ली फतेह दिवस इस बार बाबा जस्सा सिंह रामगढ़िया की 300वीं जयंती और अकाली बाबा फूला सिंह जी की शहादत की 200वीं जयंती को समर्पित है। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर साहिब से विशाल नगर कीर्तन प्रारंभ होगा, जो पंजाब के विभिन्न स्थानों से गुजरेगा तथा शाम को गुरुद्वारा मंजी साहिब अंबाला में विश्राम करेगा। इसके बाद 7 अप्रैल की सुबह यह नगर कीर्तन अंबाला से शुरू होकर 7 अप्रैल की शाम को दिल्ली के गुरुद्वारा मजनू का टीला पर समाप्त होगा।

उन्होंने कहा कि 8 अप्रैल को लाल किला दिल्ली में कीर्तन दरबार और 9 अप्रैल को खालसाई मार्च का आयोजन किया जाएगा। सिख समुदाय द्वारा अपने महान जरनैलों के दिवस मनाना बहुत ही सौभाग्यपूर्ण क्षण है तथा महिलाओं को इन कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेना चाहिए।

उन्होंने कहा कि सिख समुदाय में गुरु नानक देव जी से लेकर सभी गुरु साहिबानों ने स्त्रियों को बहुत सम्मान दिया है।

नगर कीर्तन...

= 6 अप्रैल को श्री अकाल तख्त साहिब अमृतसर साहिब से विशाल नगर कीर्तन प्रारंभ होगा, जो पंजाब के विभिन्न स्थानों से गुजरेगा।

'जीएसटी प्रणाली से जुड़े व्यापारियों के बीमा की घोषणा करें सरकार'

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेडर्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा ने कहा कि दिल्ली सरकार के बजट को लेकर व्यापारियों में काफी उम्मीद है। सरकार छोटे व मध्यम वर्ग के व्यापारियों का ध्यान रखकर बजट पेश करें व मार्केट के सुधार के लिए अलग से फंड की घोषणा करें। साथ ही जीएसटी प्रणाली से जुड़े सभी व्यापारियों की उनकी जान-माल का बीमा व हेल्थ बीमा सरकार की ओर से कराने की घोषणा की जाए जिससे व्यापारी को किसी भी मुश्किल में आने के समय यह काम आ सके और और इससे व्यापारी ज्यादा से ज्यादा

जीएसटी प्रणाली से जुड़ेंगे और सरकार को विकास के लिए ज्यादा से ज्यादा टैक्स पहुंचेगा। साथ ही इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए लाइसेंस नीति आसान करने करने के साथ इंस्पेक्टर राज पर लगाम लगाएं।

वार्ड नम्बर-18 के भलस्वा डेरी क्षेत्र में हॉस्पिटल का उद्घाटन करते हुए जहांगीरपुरी वार्ड की निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा, रमेश शर्मा व अन्य।

भारत नगर: क्षेत्र के विकास पर दे रही हूं विशेष ध्यान: एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी

टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली

दिल्ली के वजीरपुर वार्ड के अन्तर्गत आने वाले भारत नगर डबल स्टोरी पार्क में वजीरपुर वार्ड की निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने पार्क में सौन्दर्यकरण का कार्य करवाया। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी का स्वागत किया। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी, समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी, हनुमान कोली सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने कहा कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि अगर क्षेत्र का कोई भी व्यक्ति परेशान है तो वह मुझसे संपर्क कर सकता है, उसकी समस्या का उचित समाधान किया जायेगा। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

'जिला प्रशासन व एनडीआरएफ करेगी संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास'

टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर प्राकृतिक अथवा अन्य किसी भी आपातकाल से निपटने की तैयारियों की समीक्षा के लिए मॉक ड्रिल की जाती है। इस मॉक ड्रिल में आपात परिस्थिति से निपटने के लिए सभी संबंधित एजेंसियों के आपसी तालमेल को भी परखा जाता है। अतिरिक्त उपायुक्त श्रीमती अपराजिता ने बताया कि 24 मार्च को जिला में चिन्हित 5 जगहों पर जिला प्रशासन व राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण) द्वारा संयुक्त आपदा प्रबंधन अभ्यास (मॉक ड्रिल) का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मॉक ड्रिल की सभी जगहों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त कर सम्बंधित सभी विभागों की ड्यूटी भी सुनिश्चित की गयी। आगामी 24 मार्च 2023 को जिला फरीदाबाद में 5 जगह एक दिवसीय मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा।

एक दिवसीय मॉक ड्रिल में एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, तहसीलदार और एसीपी सेंट्रल फरीदाबाद की देखरेख में लघु सचिवालय, सेक्टर 12 और इसी तरह एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, तहसीलदार और एसीपी सेंट्रल फरीदाबाद की देखरेख में राजकीय कन्या माध्यमिक विद्यालय, नजदीक बडखल तहसील, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, तहसीलदार बल्लभगढ़ और एसीपी बल्लभगढ़ की देखरेख में राजा नाहर सिंह महल बल्लभगढ़, जॉइंट कमिश्नर ओल्ड फरीदाबाद, एसई एमसीएफ और एसीपी बडखल के देखरेख में बी के सिविल हॉस्पिटल, फरीदाबाद, और ईओ एचएसवीपी फरीदाबाद, एसई एचएसवीपी और एसीपी ओल्ड फरीदबाद की देखरेख में नई राजस्व कॉलोनी, सेक्टर 15ए में आयोजित की जायेगी। सभी जगह मॉक ड्रिल प्रातः 9 बजे शुरू की जाएगी। इसमें एनडीआरएफ की टीमों द्वारा अलग-अलग घटनाओं की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को दी जाएंगी और वहां से टीमों के पहुंचने व आपदा से निपटने के रिस्पांस को देखा जाएगा।

बैठक में उपमंडल अधिकारी फरीदाबाद परमजीत चहल, उपमंडल अधिकारी बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, उपमंडल अधिकारी बडखल पंकज सेतिया, एसीपी सराय देवेन्द्र, नायब तहसीलदार जय प्रकाश, डीडीपीओ राकेश मोर, इंस्पेक्टर (एनडीआरएफ) अमर प्रताप सिंह, जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी राकेश गौतम, सिविल डिफेन्स से ईश्वर सिंह व अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

संजीत पंघाल बने आबकारी एवं कराधान विभाग के राज्य वरिष्ठ उप प्रधान

टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। आबकारी एवं कराधान कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन हरियाणा कर्मचारी महासंघ का त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुआ। जिसमें चुनाव अधिकारी हरियाणा कर्मचारी महासंघ के राज्य प्रधान विश्वनाथ शर्मा, पूर्व राज्य महासचिव वीरेंद्र धनखड़ की अध्यक्षता में हुआ। जिसमें चुनाव उपरांत आबकारी एवं कराधान विभाग फरीदाबाद के कार्यरत संजीत पंघाल को राज्य वरिष्ठ उप प्रधान चुना गया। फरीदाबाद कार्यालय पहुंचने पर नवनियुक्त राज्य प्रधान समीर सांगवान एवं राज्य वरिष्ठ उप प्रधान संजीत पंघाल का फूल माला, बुके देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। वहीं राज्य प्रधान समीर सांगवान ने सभी लोगों का धन्यवाद किया। इसमें मंच संचालन राजेंद्र सब्बरवाल कर निरीक्षक ने किया एवं मुख्य रूप से राजेंद्र सिंह बूरा कर निरीक्षक, बालकिशन शर्मा कर निरीक्षक, श्रवण निहाल सिंह उमराव, नितिन तंवर, संतलाल, एकांत, नवीन आदि कर निरीक्षक एवं कार्यालय सहायक लोग भी मौजूद रहे। राज्य प्रधान ने आबकारी एवं कराधान आयुक्त हरियाणा से मिलकर काफी समय से लंबित पदोन्नति जिसमें सहायक कर निरीक्षक एवं लिपिक से सहायक और डी ग्रुप से लिपिक के पदों पर पदोन्नति को जल्द से जल्द करवाने की मांग की।

न्यूज फ्लैश



वोक्स एनर्जी ड्रिंक्स ने समर बूस्ट के लिए भारत में अपना पहला एनर्जी ड्रिंक किया पेश

नई दिल्ली। दुनिया भर में एक विशिष्ट प्रतिष्ठा बनाने के बाद, दुनिया का अग्रणी एनर्जी ड्रिंक ब्रांड, वोक्स ने भारत में अपन पहले ताजा ऊर्जा पेय पेश किया हैं। उत्पाद की कीमत 60 रुपये है और यह नजदीकी मॉम-एंड-पॉप स्टोर पर उपलब्ध होगा। गर्मियां तेजी से आ रही हैं, वोक्स एनर्जी ड्रिंक अपने ग्राहकों को मौसम के दौरान ठंडा और ऊर्जावान बनाए रखने कोशिश करता है। वोक्स, बीसीएस ग्लोबल एक ब्रांड है, जो फूड एंड बेवरेज सेगमेंट में एक बड़ा खिलाड़ी है और 10 से अधिक देशों में अपने उच्चतम गुणवत्ता मानकों के लिए पहचाना जाता है। क्लासिक ब्लैक पार्टियों, खेल के अवसरों और ट्रैकिंग, तैराकी, साइकिल चलाने और बहुत कुछ जैसे बाहरी रोमांच के लिए एक सुनहरे पीले रंग का, ताजा और तुरंत ऊर्जा देने वाला ये एक अच्छा पेय पदार्थ है। एनर्जी ड्रिंक को कड़े वैश्विक नियमों के साथ तैयार किया गया है और यह अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता और स्वाद प्रदान करता है।
वोक्स एनर्जी ड्रिंक के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) अजय अरोड़ा ने कहा "गर्मी का मौसम बस आने ही वाला है, हम ठंडे और ऊर्जावान रहने के महत्व को समझते हैं, खासकर भारत की गर्म जलवायु में। स्वाद और ऊर्जा बढ़ाने वाले गुणों का हमारा अनूठा मिश्रण तत्काल ऊर्जा पंच और ताजा स्वाद के मिश्रण की तलाश करने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए सही समाधान प्रदान करता है। चाहे आप पार्टी कर रहे हों, व्यायाम कर रहे हों, या बस फिर से तरोताजा रहने की कोशिश कर रहे हों, वोक्स क्लासिक एनर्जी ड्रिंक्स इसमें आपकी मदद करेगा।" टीम बीसीएस ग्लोबल के पास वैश्विक खाद्य और पेय निर्माण प्रौद्योगिकियों की गहन समझ है और इसने अपने अवांट-गार्डे निर्माण इकाइयों में विश्व स्तर पर प्रशंसित ऊर्जा पेय पेश किया है। टीम बीसीएस ग्लोबल्स के अनुसार, वैश्विक ऊर्जा पेय बाजार 8 अरब डॉलर का है और यह 7 प्रतिशत की चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़ रहा है।

रेलवे कर्मी का डेबिट कार्ड बदल खाते से निकाले 73998 रुपये

सोनीपत: बहालगढ़ थाना क्षेत्र में रेलवे कर्मी का डेबिट कार्ड बदलकर हजारों रुपये की नकदी निकालने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध मे विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस एटीएम में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि आरोपित को कोई सुराग हाथ लग सके। रेलवे कर्मी एटीएम पर नकदी निकालने के लिए गया था। जहां ठग के झांसे का शिकार हो गया।
लिवासपुर बहालगढ़ निवासी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह रेलवे विभाग में कार्यरत है। उसका खाता एसबीआई बैंक में बहालगढ़ रोड स्थित शाखा में है। वह करीब एक बजे बहालगढ़ रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक के एटीएम में नकदी निकालने के लिए गया था। जहां उसने एटीएम द्वारा आठ हजार रुपये की दो बार में नकदी निकाली। उसके पीछे एक व्यक्ति खड़ा हुआ था। उसका इस तरफ ध्यान नहीं गया। जब उससे नकदी निकालने के लिए कहा तो उसने बताया कि उसकी ट्रांसजेंशन कैंसिल नहीं हुई है। उसने उसे बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदल दिया। कार्ड को उसने अपनी जेब में डाल लिया। उसने एहसास हुआ कि उक्त व्यक्ति को उसका एटीएम पिन पता चल गया है। वह बैंक में पहुंचा। जहां उसे जानकारी मिली कि एटीएम उसका नहीं है। उसने जानकारी ली तो पता चला कि उसके खाते से 49999 रुपये की नकदी निकालने का प्रयास किया गया, लेकिन वह नहीं निकली। उसके बाद उसके खाते से 9500 रुपये की दो बार, पांच हजार रुपये की एक बार व 24999 रुपये की नकदी दो बार में खाते से निकली मिली। उसके खाते से कुल 73998 रुपये की नकदी निकाल ली गई। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई मुकेश कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। बैंक कर्मचारियों से जानकारी ली जा रही है। वही एटीएम में लगे सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। जल्द से जल्द मामले का पटाक्षेप कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

कोरियर देने गए युवक का दो-पहिया वाहन चोरी, मुकदमा दर्ज

सोनीपत: कुंडली थाना क्षेत्र के गांव साफियाबाद में कोरियर की डीलवरी देने गए कोरियर ब्वॉय की स्कूटी चोरी होने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग हाथ लग सके। गांव बढ़खालसा निवासी सचिन दहिया ने बताया कि वह कोरियर का काम करता है। गत 20 मार्च को अपनी स्कूटी पर सवार होकर गांव साफियाबाद में कोरियर देने के लिए गया था। अपनी स्कूटी को गांव में चौपाल के पास खड़ी करके कोरियर देने के लिए चला गया। वापिस आया तो उसकी स्कूटी गायब मिली। अपने स्तर पर स्कूटी की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। जांच अधिकारी एचसी संदीप कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी की रिकार्डिंग खंगाली जा रही है। जल्द से जल्द स्कूटी का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

बीएसएफ के डिप्टी कमांडेंट की पत्नी को फोन कर दी धमकी काला जठेड़ी गैंग कर सकता है एसिड अटैक

सोनीपत: राई थाना क्षेत्र के गांव लिवान के पास स्थित एक्सप्रेस सिटी, सेक्टर-35 में रह रहे बीएसएफ डिप्टी कमांडर के परिवार को कॉल कर एसिड अटैक किए जाने की धमकी देने का मामला सामने आया है। डिप्टी कमांडर की पत्नी को धमकी दी गई कि कुख्यात गैंगस्टर काला जठेड़ी के गुर्गा उनका पीछा कर रहा है। जब उन्होंने मामले की जांच कराई तो पता लगा कि बीएसएफ के एक जवान ने कॉल की थी। इस पर डिप्टी कमांडर की पत्नी ने आरोपित के ओपी जिंदल ग्लोबल विश्वविद्यालय पुलिस चौकी में शिकायत दी है। जिस पर पुलिस ने धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

3 वांछित आरोपियों को फरीदाबाद क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने किया गिरफ्तार

टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। डीसीपी क्राइम मुकेश कुमार मल्होत्रा के द्वारा अपराधिक मामलो में संलिप्त आरोपियो की धर-पकड़ के दिए गए दिशा निर्देश के तहत एसीपी सुरेन्द्र श्योराण के मार्ग दर्शन में कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच बॉर्डर प्रभारी संदीप कुमार की टीम ने अवैध हथियार के मुकदमे में तीन आरोपियो को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियो में सुनील,चांद और आकाश का नाम शामिल है। तीनों आरोपी मूल रुप से रोहतक की शिवाजी कॉलोनी का, आरोपी

फरीदाबाद में किराए का कमरा लेकर रह रहे थे। क्राइम ब्रांच टीम ने तीनों आरोपियों को अपने सूत्रों से प्राप्त सूचना से थाना सेक्टर-8 अलग-अलग स्थान से काबू किया है। आरोपियो की तलाशी लेने पर 3 बटनदार चाकू बरामद किए गए है।

प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए गाइडलाइन जारी

टीम एक्शन इंडिया/ फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। जिला उपायुक्त विक्रम ने बताया कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्ले स्कूलों के सम्बन्ध में नई गाइडलाइन जारी की गई हैं। जिसके अनुसार सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण नियमानुसार अतिशीघ्र करवाना अनिवार्य किया गया है। सभी नियम ल्लूस्त्र१.ङ्क्ष्५. वेबसाइट पर देख सकते हैं। ६ू-१८ल्ल.ङ्क्ष्५.ल्ल पर फोरम डाऊनलोड किया जा सकता है। प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग को अधिकृत किया है। प्ले स्कूलों को प्रथम वर्ष पंजीकृत कर प्रतिवर्ष रिन्यूअल किया जाएगा। जिला उपायुक्त विक्रम ने बताया कि हरियाणा सरकार ने प्ले स्कूलों के

पंजीकरण के लिए गाइडलाइन जारी कर दी गई है। प्रत्येक प्ले स्कूल संचालकों द्वारा अपने प्ले स्कूल का निर्धारित नियमानुसार पंजीकरण करवाना अति आवश्यक है। सभी प्ले स्कूलों का पंजीकरण अतिशीघ्र कराना अनिवार्य है। पंजीकरण हेतु जिला स्तर की निरीक्षण कमेटी द्वारा सम्बंधित प्ले का निरीक्षण उपरान्त ही निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर पंजीकरण प्रमाण पत्र जारी किया जायेगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास फरीदाबाद श्रीमती मीनाक्षी चौधरी ने बताया की प्राइवेट प्ले स्कूल में केवल ढाई से छह वर्ष तक के बच्चे का दाखिला होना चाहिए।

साथ ही उन्होंने बताया जिला स्तरीय निर्ष्ण कमेटी विभाग द्वारा नियमावली व चेक लिस्ट जो फॉर्म के साथ दी गई है के आधार पर ही निरीक्षण करेगी7 इसके अतिरिक्त प्ले स्कूल में जो भी स्टाफ भर्ती किया जाएगा उसके चरित्र की जांच कराना कर एफिडेविट देना अनिवार्य होगा। प्ले स्कूलों के पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र के साथ सभी आवश्यक दस्तावेज की संलग्न करते हुए आवेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास कार्यालय में जल्द से जल्द जमा करवाने होंगे। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास कार्यालय सेक्टर-15 ए पुराना एडीसी कार्यालय में स्थित है। इस बारे में अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास फरीदाबाद कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

पर्यावरण के अनुकूल गाड़ियों पर विशेष ध्यान दें निमार्ता: नवीन गोयल

सिद्धार्थ राव, गुरुग्राम/टीम एक्शन इंडिया

पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने कार निमार्ता कंपनियों से आग्रह किया है कि वे पर्यावरण के अनुकूल कारों का अधिक अधिक निर्माण करें, ताकि गुरुग्राम जैसे महानगर का पर्यावरण बेहतर रखा जा सके। यह बात उन्होंने यहां हीरो होंडा चौक के पास सुपरऑन शोरूमें दा ऑल न्यू हुंडई वरना गाड़ी की लांचिंग के अवसर पर कही। सुपरऑन के सेल्स हेड संजय छाबड़ा, सिंगर योगेश दौलतपुरिया, भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य गगन गोयल,

बिजनेस हेड गगन, कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजर सोनम जैन की मौजूदगी में नवीन गोयल ने रिब्बन व केक काटकर चमचमाती दा ऑल न्यू हुंडई वरना गाड़ी से पर्दा हटाया। तालियों के साथ इस भव्य कार्यक्रम में नई गाड़ी का स्वागत किया गया। नवीन गोयल ने सभी स्टाफ को नई गाड़ी की लांचिंग की बधाई देते हुए कहा कि किसी भी प्रतिष्ठान पर ग्राहक की संतुष्टि ही प्राथमिकता होनी चाहिए। हमारे कैंपस में आने वाला हर व्यक्ति खरीदार नहीं होता। लेकिन हमें हर व्यक्ति की जिज्ञासाओं को शांत करना होता है।

अवैध हथियार सहित गिरफ्तार, अदालत में पेश

सोनीपत: सीआईए-1 स्टाफ पुलिस ने अवैध हथियार सहित आरोपित युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अंकित निवासी मुडलाना का है। जांच अधिकारी अनिल ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सेक्टर-23 आउटर रोड पर मौजूद थी। उसी दौरान सूचना मिली की एक युवक अवैध हथियार सहित किसी के इंतजार में खड़ा है। टीम ने छापेमार कार्रवाई करते हुए युवक को काबू कर लिया। उसके पास अवैध हथियार मिला। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि उक्त हथियार को उसने मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश से 2500 रुपये में खरीदा था। आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

जल संरक्षण में आम जनों का सहयोग जरुरी: उपायुक्त

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। केंद्र व हरियाणा सरकार पूरी गंभीरता के साथ कार्य करते हुए जल संरक्षण की दिशा में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रही हैं। यह प्रयास तभी सार्थक होगा जब ज्यादा से ज्यादा आमजन इसमें अपना योगदान देंगे। उपायुक्त विक्रम सिंह ने आज विश्व जल दिवस के अवसर पर विभिन्न अधिकारियों के साथ जल संरक्षण को लेकर आयोजित सेमिनार में चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रकृति ने हमें बहुमूल्य चीजों से नवाजा है जिसमें जल भी है। जल उपलब्धता में प्रकृति की ओर से कोई कमी नहीं है। जल संरक्षण में लगे सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग व अन्य हितधारकों को कहा कि जल संरक्षण आने वाले समय की आवश्यकता है तथा हर स्तर पर जल का समुचित उपयोग करने पर अभी से बल देना होगा तभी हम भावी पीढ़ी के लिए जल बचा सकेंगे। हरियाणा सरकार स्थायी जल संरक्षण के क्षेत्र में अपने लोगों की जरूरतों को पूरा करने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इन कार्यक्रमों में मेरा पानी, मेरी विरासत पहल के तहत किसानों का एक बड़ा हिस्सा जल-गहन धान की खेती से कम पानी-गहन खेती की ओर स्थानांतरित हुआ है। उन्होंने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि हम सभी को जल संरक्षण के साथ-साथ जल प्रबंधन पर भी विचार करना होगा। एनजीओ जल स्मृति से आये अधिकारी ने बताया कि अटल भूजल योजना के तहत 69 ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण का काम पूरा कर लिया गया है। जल को धारणीय बनाने के लिए उसका रीसायकल और रीयूज ही समस्या का एकमात्र समाधान है। उन्होंने बताया कि पृथ्वी पर 3 परसेंट पानी पीने लायक है उसमें से भी 69त्न ग्लेशियर, 30 परसेंट ग्राउंड वाटर, और एक परसेंट सरफेस वाटर है। हमें 30 परसेंट ग्राउंड वाटर पर सबसे ज्यादा ध्यान देना होगा।

हमें प्रकृति से जल को रीसायकल वह रीयूज करना सीखना होगा। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा जल संरक्षण के लिए विभिन्न योजनाएं चलाई जा रही हैं जिनमें जल जीवन मिशन, अटल भूजल योजना, अमृत सरोवर योजना शामिल है। सेमीनार में ब्लॉक फॉरेस्ट अधिकारी संदीप कुमार, एसडीओ अरविन्द शर्मा, एसई इरीगेशन राजीव कुमार बत्रा, डॉ सचिन कुमार, हॉर्टिकल्चर से स्मिता कुमारी, जेई अरुण कौशिक सहित अन्य कई अधिकारीगण मौजूद थे।

डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय में आर्य समाज का 148वां स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)

डी ए वी शताब्दी महाविद्यालय फरीदाबाद की आर्य समाज इकाई द्वारा नव संवत्सर 2080 के आगमन तथा आर्य समाज के 148वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में यज्ञ एवं प्रवचनों का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर आर्य सिद्धान्तोपदेशक श्री हरिओम शास्त्री जी यज्ञाचार्य की भूमिका में रहे। इस यज्ञ में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों के साथ रोशनी संस्था के बच्चों ने भी

भाग लिया। यज्ञ के उपरांत शास्त्री जी ने नव संवत्सर के वैज्ञानिक महत्व से सभी को परिचित कराया। उन्होंने कहा कि हमें अपनी संस्कृति को विस्मृत नही करना चाहिए। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को ही परमपिता परमात्मा ने सृष्टि का सृजन प्रथम बार किया था। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन अयोध्या में श्रीरामजी का विजयोत्सव मनाने के लिए अयोध्यावासियों ने घर-घर के द्वार पर धर्मध्वज फहराया। इसके प्रतीकस्वरूप भी इस दिन धर्मध्वज फहराया जाता है। महाराष्ट्र में इसे गुडी कहते हैं। इस भारतीय नववर्ष पर नए पुष्प पल्लव आदि का जन्म होता है प्रकृति को शोभा दर्शनीय होती है। प्रकृति अपने नए रंग में सभी का स्वागत करती है। पाश्चात्य नववर्ष में ऐसी कोई विशेषता नही है।

नकदी-आभूषण चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

सोनीपत: सेक्टर-27 शहर थाना पुलिस ने घर से नकदी व आभूषण चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित अरविंद निवासी पांची जाटान का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। सेक्टर-12 निवासी सरिता ने बताया कि उनका एक मकान फाजिलपुर में है। जहां पर उसके सास-ससुर रहते है। गत 4 दिसंबर को उसके देवर की शादी थी। सभी शादी समारोह के कार्यक्रम में व्यस्त थे। रात को किसी ने उसके घर में घुसकर अलमारी व लॉकर का ताला तोड़कर चार सोने के कड़े, सोने का मंगलसूत्र, सोने की अंगुठी, एक टोपस, व 80 हजार रुपये की नकदी को चोरी कर लिया।

एहिमे विश्वविद्यालय, जापान ने जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के साथ शोध में दिखाई रुचि

टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद, (हरपाल सिंह यादव)। एहिमे विश्वविद्यालय, जापान के दो सदस्यीय शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल ने आज जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद का दौरा किया, जिसका उद्देश्य विश्वविद्यालय के साथ भविष्य के शैक्षणिक और अनुसंधान सहयोग को समझना और विचार-विमर्श करना था। प्रतिनिधिमंडल ने उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में परस्पर शोध भागीदारी के संभावित क्षेत्रों में रुचि भी दिखाई। शैक्षणिक प्रतिनिधिमंडल में एहिमे विश्वविद्यालय, जापान से प्रो. नेत्र प्रकाश भंडारी और प्रो. नाओकी किनोशिता शामिल थे। दोनों प्रतिनिधियों ने कुलपति प्रो. सुशील

कुमार तोमर की अध्यक्षता में निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) प्रो. नरेश चौहान, विभिन्न शिक्षण विभागों के डीन एवं विभागाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान, प्रो. चौहान ने विश्वविद्यालय के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया और अनुसंधान में विश्वविद्यालय के मुख्य क्षेत्रों और क्षमताओं से अवगत कराया। इस अवसर पर बोलते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि जे.सी. बोस विश्वविद्यालय तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय का अनुसंधान और विकास गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विशेष ध्यान है और यह अंतरराष्ट्रीय ख्याति के संस्थानों के साथ मिलकर अनुसंधान गतिविधियों को बढ़ावा देने के अवसरों का पता लगाने का प्रयास कर रहा है। इसलिए, विश्वविद्यालय ने दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों के साथ संवाद करने की पहल की है। अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक समुदाय के साथ संवाद को महत्वपूर्ण बताते हुए कुलपति प्रो. तोमर ने कहा कि विज्ञान और अनुसंधान की कोई सीमा नहीं होती। विश्वविद्यालय तभी फलते-फूलते हैं जब वे अनुसंधान के लिए एक-दूसरे के साथ सहयोग करते हैं। उन्होंने कहा कि जापान और भारत सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे के बहुत करीब हैं और इस सहयोग से दोनों विश्वविद्यालयों को लाभ होगा। प्रो. तोमर ने कहा कि विश्वविद्यालय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, ब्लॉक-चेन, जियोथर्मल और रॉक मैकेनिक्स सहित उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में अनुसंधान सहयोग की संभावनाओं पर काम करने का इच्छुक है। बैठक को संबोधित करते हुए प्रो. भंडारी ने कहा कि एहिमे विश्वविद्यालय जापान के राष्ट्रीय विश्वविद्यालयों में से एक है जिसकी स्थापना 1949 में हुई थी। इसके दो कैंपस और 7 फैकल्टी हैं।

उत्तराखण्ड शासन | G20 भारत 2023 INDIA | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

1 एक साल नई मिसाल

"21 वीं सदी के विकसित भारत के निर्माण के दो प्रमुख स्तंभ हैं। पहला, अपनी विरासत पर गर्व और दूसरा, विकास के लिए हर संभव प्रयास। आज उत्तराखण्ड, इन दोनो ही स्तंभों को मजबूत कर रहा है।

नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

संकल्प नये उत्तराखण्ड का

- प्रदेश की मातृ शक्ति के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार की नौकरियों में महिलाओं के लिए 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण।
- लखपति दीदी योजना में वर्ष 2025 तक प्रदेश की 1.25 लाख महिलाओं को लखपति बनाने की पहल।
- राज्य आंदोलनकारियों को 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का निर्णय।
- चारधाम और कांवड़ यात्रा में कुशल प्रबंधन से रिकॉर्ड संख्या में आए श्रद्धालु।
- केदारनाथ धाम और बदरीनाथ धाम की तर्ज पर मानसखंड मंदिर माला मिशन के अंतर्गत कुमाऊं के पौराणिक और प्राचीन मंदिर क्षेत्रो में अवस्थापनात्मक विकास।
- वोकल फॉर लोकल के अंतर्गत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला दो उत्पाद योजना।
- स्टेट मिलेट मिशन, मंडुआ की न्यूनतम समर्थन कीमत 3574 रुपए प्रति क्विंटल पर खरीद।
- नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करने में उत्तराखण्ड अग्रणी राज्य। प्रदेश के राजकीय विद्यालयों के प्रतिभावान छात्रों के लिए मुख्यमंत्री मेधावी छात्रवृत्ति योजना।
- टेली मेडिसिन के लिए 400 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 04 मेडिकल कॉलेज से जोड़ा गया।
- 06 एरोमा वैली विकसित करने की योजना। 50 हजार पॉलीहाउस से बदलेगी उद्यानिकी की तस्वीर। इसके लिए बजट में 200 करोड़ रुपए का प्रावधान।
- मिशन दालचीनी, मिशन तिमरु प्रारंभ करने का निर्णय।
- नई खेल नीति से प्रदेश के खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं का विकास।
- उद्योगों को बढावा देने के लिए उत्तराखण्ड लॉजिस्टिक नीति, प्राइवेट इंडस्ट्रियल एस्टेट पॉलिसी।
- मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना में सब्सिडी बढ़ाकर 40 प्रतिशत की।
- नई पर्यटन नीति में स्वरोजगार को बढ़ावा, 100 प्रतिशत तक सब्सिडी का प्रावधान।

मल्टी मॉडल कनेक्टिविटी

केदारनाथ, बदरीनाथ, यमुनोत्री और गंगोत्री के साथ ही टनकपुर-पिथौरागढ़ की सड़क कनेक्टिविटी में सुधार के लिये चारधाम ऑलवेदर सड़क परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड़, नजीबाबाद-अफजलगढ़ बाईपास के साथ ही सितारगंज से टनकपुर मोटरमार्ग को चार लेन में परिवर्तित करने की स्वीकृति।

केन्द्र सरकार से पौंटा साहिब-देहरादून, बनबसा-कंचनपुर, भानियावाला-ऋषिकेश, काठगोदाम-लालकुंआ-हल्द्वानी बाईपास और रुद्रपुर बाईपास परियोजनाओं की महत्वपूर्ण सौगात।

ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

गौरीकुण्ड-केदारनाथ और गोविंदघाट-हेमकुण्ट साहिब रोपवे का शिलान्यास माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा किया गया। पर्वतमाला परियोजना पर तेजी से काम गतिमान।

उत्तराखण्ड के ग्रामीण क्षेत्रों में भारत सरकार द्वारा 1202 मोबाईल टावर की स्वीकृति।

भर्ती माफिया पर कड़ा प्रहार, देश का सबसे सख़्त नकल विरोधी कानून।

जबरन और प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक के लिए सख्त कानून।

समान नागरिक संहिता के लिए मजबूती से बढ़े कदम।

अंत्योदय परिवारों को साल में तीन गैस रिफिल निःशुल्क।

"माननीय प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है कि 21वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होगा। उनके इस वाक्य ने उत्तराखण्डवासियों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार किया है। केन्द्र सरकार से राज्य को प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है। राज्य सरकार सरलीकरण, समाधान, निस्तारण और जनसंतुष्टि के मूलमंत्र पर चलते हुए अंत्योदय की भावना के साथ अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास, कल्याण और उन्नति के लिए निरंतर प्रयासरत है। हम वर्ष 2025 तक देवभूमि को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

पुष्कर सिंह धामी
मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड